रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹73700 10 ग्राम

₹95000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 77,620.21 | 85.900 |
| -528.28 | -0.017 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025, वर्ष-25, अंक- 336, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मो.शमी की वापसी की उम्मीदें बढ़ीं...

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 20.0° | 22.2° |
| न्यून. | 04.2° | 07.0° |

### रघुवर आज ग्रहण करेंगे भाजपा की सदस्यता

**रांची।** 10 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को दिन में 12:15 बजे भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद उपस्थित रहेंगे। रघुवर दास ओडिशा के राज्यपाल पद के शपथ ग्रहण के पूर्व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था।



### आरजी कर मामले में फैसला 18 जनवरी को

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 31 वर्षीय महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में सियालदह अदालत ने सुनवाई पूरी कर ली है। 18 जनवरी को मामले में फैसला सुनाया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच की। सीबीआई ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपित बनाया है।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ तीन नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा एवं बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ गुरुवार को हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। घटनास्थल से विस्फोटक सामग्री और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई हैं। मारे गए तीनों नक्सलियों की शिनाख्त की जा रही है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने पत्रकारों को बताया कि सर्चिंग के दौरान तीन नक्सलियों का शव बरामद किया गया।

### निर्माणाधीन प्लांट की चिमनी गिरी, 30 दबे

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले के सरगांव थाना इलाके के रामबोड़ में निमार्णाधीन कुसुम प्लांट में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां चिमनी गिरने से 30 से ज्यादा मजदूर मलबे में दब गए। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब स्पंज आयरन फैक्ट्री का एक्सटेंशन वर्क चल रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार चिमनी का निर्माण कार्य जोर-शोर से चल रहा था।

## राज्य कर्मियों के लिए खुशखबरी, जल्द मिलेगी कैबिनेट की स्वीकृति

# मुख्यमंत्री ने दी राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के प्रस्ताव पर सहमति

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड के राज्य कर्मियों के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री सचिवालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किए जाने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी है। इस प्रस्ताव पर शीघ्र मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की स्वीकृति के बाद राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दिया जाएगा। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के 31 जुलाई 2023 के संकल्प सं.-185 (13) द्वारा राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों , पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिए जाने का प्रस्ताव है। पूर्व में कुछ त्रुटियां रहने के कारण इस योजना का लाभ राज्य कर्मियों को नहीं मिल पा रहा था। अब स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा इन सभी त्रुटियों का पूर्ण निराकरण कर लिया गया है। शीघ्र यह योजना झारखंड में लागू कर दी जाएगी।




### गंभीर बीमारियों में 10 लाख तक हेल्थ कवरेज मिलेगा

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत लाभुकों एवं उनके आश्रितों को एक परिवारिक ईकाई मानते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। चिह्नित गंभीर बीमारी, जो एनेक्सचर 'ए' के रूप में संलग्न है, के मामलें में चिकित्सा प्रदान करने वाले संबंधित अस्पताल की अनुशंसा पर 50 करोड़ रुपए के संधारित कॉरपोरेट बफर में से ऐसी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा पर पांच लाख रुपए तक की अतिरिक्त अधिसीमा अर्थात कुल 10 लाख रुपए की अधिसीमा तक की चिकित्सा पर हुए व्यय का वहन किया जाएगा। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के स्तर पर किसी बीमित कर्मी के बीमा राशि से अधिक राशि का चिकित्सा व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त चिकित्सा व्यय वहन के लिए एक कॉरपस फंड बनाया जाएगा, जिससे ऐसे मामलों में भुगतान किया जा सकेगा।

### इन्हें मिलेगा लाभ

इस योजना के अंतर्गत विधानसभा के वर्तमान सदस्य, राज्य की सभी सेवाओं के कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके परिवार के उनपर आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति, पत्नी, पुत्र, वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित, विधवा, परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (प्रतिमाह 9000/- और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले) सम्मिलित होंगे। राज्य कर्मियों को सम्मिलित रूप से पांच लाख रुपए प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। राज्य कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मियों के दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

## हटिया स्टेशन पर शो पीस बना हुआ है करोड़ों का एस्कलेटर



आंखो देखा हाल

मनोज मिश्रा



**रांची।** राजधानी के हटिया रेलवे स्टेशन से मात्र 200 मीटर की दूरी पर रेलमंडल का डीआरएम ऑफिस है, जहां रेलवे के बड़े अधिकारी डीआरएम एवं डीसीएम बैठते हैं। बावजूद इसके, हटिया स्टेशन पर यात्रियों को विभागीय लापरवाही के कारण असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। आइए जानते हैं कि हटिया रेलेव स्टेशन का क्या हाल है और किस तरह की असुविधाओं का सामना यात्रियों को करना पड़ रहा है। हटिया स्टेशन का हाल यह है कि एस्कलेटर काम नहीं करते हैं। या, फिर उन्हें चलाया ही नहीं जा रहा है। करोड़ो रुपए की लागत की एस्कलेटर की सुविधा शो पीस बन कर रह गई है। इसे देखा तो जा सकता है, मगर उपयोग में नहीं लाया जा सकता है। तभी तो महिला, बच्चे या बुजुर्ग सभी को अपना सामान लेकर किसी प्रकार गिरते-पड़ते सीढ़ी चढ़ना पड़ता है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के सवांददाता को यात्री बोल्टा ने बताया कि एस्कलेटर काम नहीं कर रहा है, इसलिए सामान को सिर पर रखकर चढ़ना पड़ रहा है। वहीं, स्टेशन परिसर में कुली नहीं हैं। नौ कुली में से तीन छुट्टी में हैं।

शेष पेज 11 पर

## सड़क दुर्घटना के पीड़ितों का होगा कैशलेस इलाज : गडकरी



- हिट एंड रन में मौत पर पीड़ित परिवार को मिलेगा 2 लाख मुआवजा
- वर्ष 2024 में लगभग 1.80 लाख लोगों की सड़क हादसे में गई जान

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पहल से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कुछ राहत मिल सकती है। उनके प्रयास से केंद्र सरकार सड़क दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना लाने की बात कर रही है, जिसके तहत एक लाख रुपए से ज्यादा का इलाज मिल सकेगा। नितिन गडकरी ने बताया कि मार्च तक एक संशोधित योजना लाए जाने की तैयारी है। यह योजना किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होने वाली सभी सड़क दुर्घटनाओं पर लागू होगी। पायलट कार्यक्रम की व्यापक रूपरेखा के अनुसार, पीड़ित दुर्घटना की तारीख से अधिकतम सात दिन की अवधि के लिए प्रति व्यक्ति अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार के हकदार हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए एक पायलट कार्यक्रम शुरू किया था। चंडीगढ़ में शुरू किए गए पायलट कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए एक परिवेश तैयार करना था। पायलट प्रोजेक्ट को बाद में छह राज्यों तक बढ़ाया गया।

केंद्र सरकार ने अगस्त 2024 में जानकारी दी थी कि योजना के अंतर्गत आने वाले पीड़ितों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पताल में दुर्घटना की तिथि से अधिकतम सात दिनों की अवधि के लिए ट्रॉमा और पॉलीट्रॉमा देखभाल से संबंधित अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक के स्वास्थ्य लाभ पैकेज दिए जाते हैं।

शेष पेज 11 पर

## गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर इंस्पेक्शन यान में लगी आग



नवीन मेल डेस्क

**गढ़वा।** गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को दिन में करीब डेढ़ बजे रेलवे की इंस्पेक्शन यान में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल बिजली कनेक्शन काट दिया गया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया। इस दौरान गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के परिसर में अफरातफरी मची रही। आग लगने के कारण करीब डेढ घंटे तक ट्रेन का परिचालन ठप रहा। इधर, आग लगने से बोगी में रखे सारे सामान जल गए।

- बोगी में रखे सारे सामान जल गए
- डेढ घंटे तक ठप रहा ट्रेन परिचालन

शेष पेज 11 पर

## रैयतों और आउटसोर्सिंग कंपनी के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प

# सांसद का दफ्तर फूंका, एसडीपीओ जख्मी

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

### प्राथमिक उपचार के बाद एसडीपीओ धनबाद रेफर किए गए



- एक व्यक्ति को गोली लगी, अस्पताल में भर्ती कराया गया
- दोनों पक्षों की ओर से कई राउंड फायरिंग और बमबारी की गई

**धनबाद।** धनबाद में एक बार फिर जमकर बमबाजी हुई और गोलियां चलीं। गुरुवार को स्थानीय रैयतों और आउटसोर्सिंग कंपनी के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, धनबाद जिले की खरखरी कोलियरी में बाउंड्री निर्माण को लेकर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थकों और झामुमो नेता कारू यादव के समर्थकों के बीच गुरुवार को खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग और बमबारी की गई। इसमें 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

संघर्ष को रोकने पहुंची पुलिस भी उपद्रवियों का निशाना बनी। बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह सिर पर चोट लगने से जख्मी हो गए हैं। उपद्रवियों ने मधुबन थाना क्षेत्र में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दफ्तर में भी आग लगा दी। हिंसक झड़प में कम से कम 10 बाइक भी आग के हवाले कर दी गईं।बताया जाता है कि धनबाद जिले के बाघमारा इलाके में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की खरखरी कोलियरी में हिलटॉप राइज नामक कंपनी आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करती है। यहां कंपनी की ओर से बाबूडीह स्थित एक परिसर में बाउंड्री निर्माण कराया जा रहा था। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थक बाउंड्री निर्माण का विरोध कर रहे थे, जबकि कारू महतो के समर्थक बाउंड्री का निर्माण शुरू कराने पर अड़े थे।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल जीएम से मिलकर कहा था कि स्थानीय लोगों को नौकरी दिए बिना काम शुरू नहीं कराया जाए। दूसरी तरफ, गुरुवार को कारू महतो के समर्थक काम शुरू कराने पहुंचे थे। इसे लेकर टकराव हुआ। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। हथियार चमकाए गए। देखते-देखते दोनों तरफ से बम और गोलियां चलने लगीं। पूरा इलाका धमाकों से थर्रा उठा। सूचना है कि इस दौरान एक व्यक्ति को गोली भी लगी है, जिसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। संघर्ष की सूचना पाकर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल पर जाने से पुलिस की टीम डरती रही। मधुबन और धर्माबांध थाना पुलिस के जवान भाग खड़े हुए। बाद में बाघमारा अनुमंडल के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उपद्रवियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। इसमें बाघमारा के एसडीपीओ के सिर पर गंभीर चोट लगी है।

पुलिस ने झामुमो नेता कारू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ को लहूलुहान हालत में स्थानीय नर्सिंग होम ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें धनबाद रेफर कर दिया। इलाके में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

## इंडिया पाकिस्तान की बर्बादी से समर्थकों को फिर मिली सीख



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आतंकवाद पर विश्व लगभग दो फाड़ की स्थिति में है एक पक्ष अमेरिका और अनेक अन्य देशों के साथ आतंक विरोधी मानसिकता के साथ दृढ़ता से खड़ा है तो दूसरा पाकिस्तान जैसे देशों के साथ जो आतंक में अच्छाई ढूंढते हैं इसी आतंकवाद को प्रश्रय देने वाले पाकिस्तान ने जिस मंशा के साथ तालिबान का पोषण किया काबुल की सत्ता हथियाने में उसकी मदद की, वह ध्वस्त होती दिख रही है। तालिबान उसके बदले रूस, चीन व भारत से नजदीकी बढ़ाकर अपने लिए अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति ढूंढ रहा है, जिससे पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ गई है।पाकिस्तान अपने ही 'चक्रव्यूह' में फंस गया है। पाकिस्तान ने पहले अफगान तालिबान का पोषण किया और फिर काबुल में सत्ता हथियाने में मदद की, लेकिन नतीजा क्या निकला? जो कल तक दोस्त था, वह आज दुश्मन बन बैठा है। बीते साल 25 दिसंबर को अफगान क्षेत्र में हवाई हमले करना पाकिस्तान की बड़ी सैन्य धृष्टता थी। जैसे ही साल समाप्त हुआ अफगानिस्तान के 15 हजार लड़ाकों ने चढ़ाई कर पाकिस्तान के सैनिकों पर हमला कर उनके कई चेकपोस्ट ध्वस्त कर दिए।

अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान के साथ 'काल्पनिक सीमा रेखा' को लेकर ऐतिहासिक विवाद का संदर्भ देते हुए कहा कि वह रेखा ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में खींची गई थी। 2,600 किलोमीटर लंबी सीमा अब हमले, रक्तपात और कूटनीतिक तनाव का सक्रिय स्रोत बन गई है। काबुल के तालिबान शासकों ने जवाबी कार्रवाई की, क्योंकि ऐसा नहीं करने से उनकी आंतरिक मतभेदपूर्ण स्थितियों पर असर पड़ सकता था, जिसमें हाल ही में एक शक्तिशाली मंत्री की हत्या भी शामिल थी। लंबे समय से चले आ रहे तनाव के नई ऊंचाई पर पहुंचने के कारण अब यह आसानी से रुकने वाला नहीं है। कूटनीतिक वार्ता फिर से शुरू हो गई है, लेकिन आसार अच्छे नहीं दिख रहे, क्योंकि समस्या की जड़ें ऐतिहासिक हैं। समाधान आसान नहीं है। इससे दक्षिण और मध्य एशिया तथा पहले से ही तनावग्रस्त पश्चिम एशिया की सीमा वाले क्षेत्र में एक नया तनाव बढ़ गया है इससे वैश्विक स्तर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक नई चुनौती भी खड़ी हो गई है, जिनके बारे में माना जाता है कि वह इस क्षेत्र में अमेरिका के विरोधियों रूस, चीन और ईरान के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के इच्छुक हैं। चीन अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की सुरक्षा और क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक निवेश की स्थिति पर भी बारीकी से नजर रखे हुए है। यह भारत के लिए भी एक संकेत है। भारत ने कई परियोजनाओं पर काम करते हुए अफगान तालिबान के साथ कामकाजी संबंध विकसित किए हैं। अफगानिस्तान में भारतीय उपस्थिति पाकिस्तान को बेचैन करती है, क्योंकि वह दो विरोधियों के बीच निकटता को खुद के लिए खतरे के रूप में देखता है। पूरी दुनिया ने काबुल शासन को मान्यता बेशक नहीं दी है, लेकिन वह किसी न किसी स्तर पर इसे देख ही रहा है। ऐसे में, अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर अशांत जनजातीय क्षेत्र, जो अल-कायदा और आईएसआईएस सहित विभिन्न आतंकी समूहों का गढ़ बना हुआ है, पर चिंता के साथ नजर रखने की जरूरत है।



मौजूदा संकट की बात करें, तो पाकिस्तान व तालिबान के बीच सीमा पर पहले से ही उग्र झड़पें होती रही हैं। इस्लामाबाद का कहना है कि हवाई हमले में उसके अशांत दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे अफगानिस्तान के पक्तिका जिले में स्थित 'आतंकी शिविर' में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लड़ाके मारे गए हैं। वहीं, काबुल ने दावा किया कि जो 46 लोग मारे गए, उनमें सभी पीड़ित 'निर्दोष महिलाएं व बच्चे' थे इतना ही नहीं, अफगान तालिबान टीटीपी की मौजूदगी को भी नकारता है, जिसके 6,500 लड़ाकों ने उसे सत्ता हथियाने और अशरफ गनी की सरकार को गिराने में मदद की थी और अगस्त 2021 में अमेरिकी/नाटो सेना को बाहर कर दिया था। सबसे बड़ी बात, काबुल का कहना है कि टीटीपी पाकिस्तान का 'आंतरिक मुद्दा' है और इससे उसे खुद निपटना चाहिए। अफगान तालिबान के लिए, टीटीपी और करीब 30 हजार परिवारों को शरण और संरक्षण देना, भरोसे का मामला भी है। वे समान विचारों वाले वैसे ही 'मेहमान' हैं, जैसे कभी ओसामा बिन लादेन हुआ करता था। वास्तव में, दोनों ही अपने-अपने मुल्कों में इस्लामिक राज स्थापित करना चाहते हैं, जहां पश्तून और बलूच जनजातीय आबादी सामान्य रूप से बसी है। टीटीपी के लड़ाके पाकिस्तानी नागरिक हैं और वहां पनप रहे आतंकवाद में उनका योगदान सबसे ज्यादा है।

निस्संदेह, वे पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ी चुनौती हैं, जो पहले से ही उत्तर में चीन सीमा से लेकर दक्षिण में बलूचिस्तान तक आतंकवाद से जूझ रहा है। पाकिस्तान के लिए यह समस्या और बदतर हो गई है, क्योंकि आतंकवाद का असर आदिवासी बेल्ट तक ही सीमित नहीं रहा है। जनता सेना, तालिबान व 'राष्ट्रवादियों' के बीच फंसी हुई है, जो नौकरियों, सुरक्षा और संसाधनों के लिए लड़ रहे हैं।

कूटनीतिक वार्ता के बीच पाकिस्तान ने हवाई हमला कर बड़ा जोखिम उठाया है, जिसकी वाजिब वजह भी स्पष्ट नहीं है। यह शक्तिशाली सेना के इशारे पर हो सकता है, जिसने बीते माह अपने सोलह सैनिकों को गंवा दिया था। टीटीपी के हमलों से चीन भी परेशान है, जिसने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर काम कर रहे अपने नागरिकों को खो दिया है। वह पाकिस्तान पर दबाव भी बना रहा है कि अगर वह चीनी नागरिकों की सुरक्षा में समर्थ नहीं है, तो चीन को अपने सैनिकों की तैनाती वहां करनी होगी। बीते साल मार्च से दिसंबर के बीच पाकिस्तान में 1,566 आतंकी हमले हुए, जिनमें 924 नागरिक मारे गए। इन बढ़ते हमलों के पीछे काबुल में अफगान तालिबान की वापसी को बताया जा रहा है। समाचार पत्र डॉन ने 26 दिसंबर, 2024 को चेताया था, 'एकतरफा हमले चिंताजनक हैं, क्योंकि इससे दुश्मनी का चक्र शुरू हो सकता है।'पाकिस्तानी सुरक्षा विश्लेषक मोहम्मद आमिर राणा का मानना है कि जिस मित्रता के उद्देश्य से पाकिस्तान ने तालिबान को सत्ता पर काबिज होने में मदद की थी, वह अब पूरा होता नहीं दिख रहा है। चिंता की बात यह है कि पाकिस्तान का तालिबान पर असर कम हो रहा है। राणा का कहना है, 'अफगान तालिबान के संबंध अपने मध्य एशियाई पड़ोसियों के साथ-साथ रूस और चीन के साथ तुलनात्मक रूप से स्थिर हैं, जिसने तालिबान नेतृत्व को पाकिस्तान के मुकाबले खुद को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया है।' इसका असर भारत-पाकिस्तान संबंधों पर भी पड़ता है। राणा के अनुसार, 'तालिबान भारत के साथ कई उद्देश्यों को लेकर संबंधों को नया आकार देने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसका मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों में एक संतुलन लाना है। यह पाकिस्तान के लिए बहुत दुखदायी है।' देखना यह है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका इस चुनौती से कैसे निपटेगा, जहां बाइडन प्रशासन अपनी मौजूदगी और पहल को खो चुका है।

### पीएम ने प्रवासी भारतीय सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा

## आज भारत की बात ध्यान से सुनती है पूरी दुनिया

नई दिल्ली (हि.स.)



- प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में अन्य देश भारत की ओर देखने लगे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है।

विदेश मंत्रालय और ओडिशा सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम 'विकसित भारत की संकल्पना में प्रवासी भारतीयों का योगदान' है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रवासी भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्य के मंत्रालयों और विभागों की चार प्रदर्शनियों और प्रचार स्टॉलों का उद्घाटन किया। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत भगवान जगन्नाथ और भगवान लिंगराज की पावन धरती पर पूरे विश्व से आए अपने भारतवंशी परिवार का स्वागत करके की। उन्होंने कहा कि यह भारत में जीवंत उत्सवों और समारोहों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो जाएगा, मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल और माघ बिहू के त्योहार भी आने वाले हैं।

हर जगह खुशी का माहौल है। इसके अलावा, 1915 में इसी दिन महात्मा गांधी लंबे समय तक विदेश में रहने के बाद भारत वापस आए थे। ऐसे अद्भुत समय में भारत में आपकी उपस्थिति उत्सव की भावना को और बढ़ा रही है।

शेष पेज 11 पर



## सीएम से मिले बोकारो डीसी व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव एवं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष शशिकर सामंता ने शिष्टाचार मुलाकात कर नव वर्ष -2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## रक्षा राज्य मंत्री ने योजनाओं का किया शिलान्यास



**रांची।** वीर बिरसा नगर सरना समिति ईस्ट जेल रोड में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के सांसद मद से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर रांची विधायक सीपी सिंह के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के मुख्य संरक्षक रवि मुंडा ने किया एवं बिरसा नगर के सभी नागरिक उपस्थित हुए। संजय सेठ ने कहा कि अपनी धरोहर की रक्षा एवं उससे सुरक्षित करने के लिए सामुदायिक भवन का होना अति आवश्यक है जिसमें महिलाएं आपस में बैठक कर समाज एवं पारिवारिक एवं सामाजिक की चर्चा कर सके, सीपी ने कंबल का वितरण किया एवं उन्होंने ने कहा कि सामुदायिक भवन होने से आदिवासी बच्चों को मांदर ढोल नगाड़ा इत्यादि चीजों की शिक्षा दी जा सकती है। इस मौके पर मुख्य रूप से मोनू लकड़ा, पूनम टोप्पो, रवि लकड़ा, अमित मुंडा इत्यादि उपस्थित थे। वहीं बूटी मोड़ स्थित एकता नगर में 10 लाख की लागत से रोड का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, महानगर महिला मोर्चा की अध्यक्ष पायल सोनी, मंडल के अध्यक्ष रणधीर सिंह उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री व केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने बीच हुई बैठक

# बंद पड़े खदानों की जमीन राज्य सरकार को वापस की जाए : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के बीच उच्च स्तरीय बैठक हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयला एक ऐसा विषय है, जिसके तहत इसके खनन, उत्पादन, परिवहन, जमीन अधिग्रहण मुआवजा, विस्थापन के साथ डीएमएफटी फंड एवं सीएसआर एक्टिविटीज को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार को मिलकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इससे कोल माइनिंग से संबंधित समस्याओं का जहां समाधान निकलेगा वहीं लोगों के बीच माइनिंग को लेकर जो नकारात्मक मानसिकता बनती है उसे बदलने में भी सहूलियत होगी। इससे लोगों की उम्मीदें भी जागेगी और कोल परियोजनाओं को लेकर जो समस्याएं उत्पन्न होती है, उसको काफी हद तक रोका जा सकता है।

इस बैठक में खनिज रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार ने विषयवार/क्षेत्रवार अलग-अलग परियोजनावार बकाया राशि का आकलन, जो जिला स्तर पर खनन कंपनियां के साथ तैयार किया गया है, केंद्रीय कोयला मंत्री के समक्ष उसे रखा गया तथा उस बकाये तथा गणना का आधार उपलब्ध कराया गया। जिस पर केंद्रीय कोयला मंत्री ने आदेश दिया कि केंद्र सरकार के अधिकारी राज्य सरकार के साथ मिलकर इसकी प्रमाणिकता का आकलन करें। केंद्रीय कोयला मंत्री ने मुख्यमंत्री को बकाया के भुगतान का भरोसा दिलाया।

### मुख्यमंत्री ने खनिज रॉयल्टी के 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए के बकाया भुगतान की मांग रखी



**विस्थापित होने वाले रैयतों को स्टेक होल्डर बनाने पर दिया जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन का जो अधिग्रहण होता है। जो रैयत विस्थापित होते हैं, उन्हें सिर्फ मुआवजा और नौकरी देने की व्यवस्था से हमें आगे बढ़ाने की जरूरत है। विस्थापित रैयतों को को खनन परियोजनाओं में स्टेक होल्डर बनाकर हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। इससे उनका हम विश्वास भी जीतेंगे और सीएसआर से जुड़ी गतिविधियों तथा डीएमएफटी फंड का बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने खनन परियोजनाओं में कार्य को लेकर जो टेंडर जारी किए जाते हैं। उसमें छोटे-मोटे कार्यों का टेंडर विस्थापितों को मिलना चाहिए। इस दिशा में कोल मंत्रालय दिशा निर्देश जारी करें।

**● जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है, उसका पूरा ख्याल रखने की जरूरत**


मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जमीन से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है। ऐसे में जब खनन परियोजनाओं को लेकर जमीन अधिग्रहण होता है तो लोगों को काफी तकलीफें होती है। वे अपनी जमीन से अलग होना नहीं चाहते हैं। विस्थापितों को सिर्फ मुआवजा तथा नौकरी देकर सारी खुशियां नहीं दे सकते हैं। ऐसे में जमीन अधिग्रहण से जो रैयत विस्थापित होते हैं उनकी कोल खनन परियोजनाओं में इस तरह भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि वे अपना पूरा सहयोग सरकार और कोयला कंपनियों को दे सकें।

**● जहां माइनिंग ऑपरेशन पूरा हो चुका है ,वह जमीन राज्य सरकार को वापस किया जाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में ऐसी कई कोल परियोजनाएं हैं, जहां खनन का कार्य पूरा हो चुका है और कोल कंपनियों के द्वारा उस जमीन को यूं ही छोड़ दिया गया है। वह जमीन ना तो राज्य सरकार को हस्तांतरित की जा रही है और ना ही उसका कोई सदुपयोग हो रहा है। इस वजह से बंद हो चुकी कोल खनन परियोजनाओं में अवैध माइनिंग हो रही है, जिस वजह से कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। ऐसे में पड़े खदानों की जमीन राज्य सरकार को वापस किया जाय।

उच्च स्तरीय बैठक में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, केंद्रीय कोयला सचिव विक्रम देव, एडिशनल सेक्रेटरी विस्मिता तेज, राज्य सरकार में सचिवअबू बकर सिद्दीक,प्रशांत कुमार, चंद्रशेखर, जितेंद्र सिंह, उमाशंकर सिंह, निदेशक खनन राहुल कुमार सिन्हा, प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा, कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी एस दत्ता, ईसीएल के सीएमडी सतीश झा, सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार कल के सीएमडी एवं श्री हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के सीएमडी घनश्याम शर्मा समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कोयला मंत्री पहुंचे भाजपा कार्यालय, हुआ स्वागत



**रांची।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी कृष्ण रेड्डी गुरुवार देर शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे। श्री रेड्डी झारखंड के सरकारी दौरे पर रांची आए हैं। प्रदेश कार्यालय में उनका स्वागत क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू सहित प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, राकेश भास्कर, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक राज, अन्य ने किया। श्री रेड्डी ने कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक चर्चा की।

## चैंबर सदस्यों ने मोबाइल एप तैयार करने पर किया मंथन

**रांची।** झारखंड चैंबर के कनेक्ट उप समिति की गुरुवार को अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। चैंबर भवन में हुई बैठक में सदस्यों ने अधिक से अधिक व्यापारी और उद्यमी के चैंबर से जुड़ाव के लिए मोबाइल एप के निर्माण पर चर्चा थी। सदस्यों ने कहा कि इससे देश के विभिन्न चैंबर्स के साथ फेडरेशन का बेहतर समन्वय स्थापित होगा। उप समिति चेयरमैन अरुण भरतिया ने कहा कि मोबाइल एप से व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में चैंबर सदस्यों, जिला चैंबर व विभिन्न संगठनों के समन्वय से समय-समय पर स्पोर्ट्स इवेंट्स, मैराथन कराने पर भी समिति पर चर्चा हुई। उप समिति चेयरमैन ने कहा कि व्हाट्स ग्रुप के माध्यम से व्यापारियों के बीच नेटवर्किंग को और अधिक मजबूत किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, रौनक केजरीवाल,विशाल सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीएम कड़िया मुंडा से मिले, ली स्वास्थ्य की जानकारी



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मेडिका अस्पताल पहुंच कर लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा के स्वास्थ्य तथा इलाज से संबंधित जानकारी ली। वहीं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## मंत्री को पांचवीं अनुसूची की किताबें भेंट की



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय से गुरुवार को पूर्व शिक्षामंत्री बंधु तिर्की, टीएसी सदस्य रतन तिर्की व पूर्व मेयर रमा खलखो ने भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के विकास सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की और पांचवीं अनुसूची और झारखंड लैंड मैनुअल से संबंधित पुस्तक भेंट की। मौके पर नेकी लकड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## होटल के कमरे से युवक का शव बरामद

**रांची।** रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल के कमरे से युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान दानिश इस्लाम के रूप में हुई है। वह सिमडेगा जिले के बानो का रहने वाला था और रांची की एक जींस फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दानिश 6 जनवरी को एक युवती के साथ होटल के कमरे में ठहरा था। युवती ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह बाथरूम में थी। जब वह बाहर आई तो देखा कि दानिश ने आत्महत्या कर ली है। शोर मचाने पर होटल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दानिश की मौत हो चुकी थी।

# सरकार विकास की रेस में आगे, अधिकारी भी हो जाए शामिल : शिल्पी नेहा तिर्की

### बेड़ो में हाथी प्रभावित क्षेत्र में लगेगा विशेष कैंप, बांटे जाएंगे पटाखा और टॉर्च



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/बेड़ो।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखंड कार्यालय में सरकार की योजनाओं को लेकर बैठक की। इस मौके पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों से कहा कि सरकार विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर रेस है। लेकिन जब तक अधिकारी और कर्मचारी रेस नहीं होंगे, तब तक सरकार की योजना लाभुकों के दहलीज नहीं पहुंच पाएगी। आज के समय ये जरूरी है कि सरकार के द्वारा विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजना को समय पर लाभुक तक पहुंचाना। मंत्री ने कहा कि इसको लेकर अधिकारी और कर्मचारियों को टास्क दिया गया है। खासकर वीएलडब्ल्यू कृषि विभाग की योजनाओं पर फोकस करेंगे। इससे पहले वो दूसरे विभाग की योजनाओं पर काम कर रहे थे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो में बिजली विभाग के अधिकारियों को भी जर्जर तार बदलने के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति का निर्देश दिया। 16 जनवरी को ऊर्जा मित्रों का एक कार्यशाला आयोजित किया गया है। इसके साथ ही हाथी के प्रभाव वाले क्षेत्र को लेकर भी प्रखंड के अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। इस कैंप के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पटाखा, टॉर्च का वितरण किया जाएगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि योजनाओं को जमीन पर उतारने की आवश्यकता है। आज भी सरकार की योजनाएं कागज तक ही सीमित है।

## बाबा धाम में साइबर अपराध प्रशासनिक विफलता का प्रतीक : भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने बाबा धाम, देवघर में हुए साइबर फ्रॉड की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक नौ हजार से अधिक श्रद्धालुओं से साढ़े चार करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी की जा चुकी है। यह मामूली घटना नहीं है। इतने बड़े स्तर पर ठगी एक दिन में या एक व्यक्ति द्वारा संभव नहीं है। निश्चित रूप से इस धोखाधड़ी में कई लोग शामिल होंगे। अजय साह ने आगे कहा कि बाबा धाम न केवल झारखंड, बल्कि पूरे भारत के लिए आस्था का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे पवित्र स्थल पर साइबर ठगी होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि इतनी बड़ी घटना को रोकने में प्रशासन पूरी तरह असफल रहा।

## सदस्यता अभियान लक्ष्य को पूरा करें भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ता : पवन साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत 9 जनवरी बुधवार को भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश स्तर पर मेंबरशिप ड्राइव डे कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाना और उन्हें सदस्य बनाना है। इस अवसर पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू जी ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के जरिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड प्रदेश में यह अभियान विलंब से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान में सभी की भागीदारी हो। सदस्यता अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का प्रयास है। पार्टी के सभी कार्यकताओं को अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी है, ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी के साथ जुड़ सकें, और संगठन को सशक्त किया जा सके। यह अभियान राज्य में जनसंपर्क को सुदृढ़ करने, और समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का एक उत्कृष्ट प्रयास है। यह अभियान आम जनों से जुड़ने और उनके मुद्दों को समझने का मौका भी है। साथ हीं मोर्चा के कार्यकताओं को सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने का उन्होंने निर्देशित किया है।

# सीएमपीडीआई में 5जी यूज केस टेस्ट लैब का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने आज सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इन्स्टीच्यूट (सीएमपीडीआई) में 5जी यूज केस टेस्ट लैब का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक सुविधा से लैस इस लैब का उद्देश्य कोयला क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी परिदृश्य को आगे बढ़ाना है। 5जी यूज केस टेस्ट लैब कोयला उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए विभिन्न 5जी आधारित अनुप्रयोगों के विकास, परीक्षण और अनुकूलन के लिए एक परीक्षण स्थल के रूप में कार्य करता है। कोयला मंत्रालय ने 5जी तकनीक का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए कोयला उद्योग के लिए 5जी यूज केस टेस्ट लैब की स्थापना के लिए सीएमपीडीआई को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में नामित किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन ने सीएमपीडीआई के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। सीएमपीडीआई ने एक प्रस्तुति के माध्यम से सीएमपीडीआई द्वारा दी जाने वाली प्रमुख सेवाओं और अब तक के प्रदर्शन की स्थिति के बारे में बताया। श्री रेड्डी ने कोयला और खनन उद्योग के विकास के साथ-साथ सामाजिक और सामुदायिक कार्यों में रुचि लेने के लिए सीएमपीडीआई के योगदान की सराहना की और भविष्य में और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया।

# कोयला मंत्री ने सुरक्षा बैरक का किया उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्र जी. किशन रेड्डी ने गांधीनगर आवासीय परिसर में सीसीएल के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में सुरक्षा प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन और सीसीएल कर्मियों के लिए बहुमंजिला आवासीय भवनों का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद , राज्य सभा सांसद महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा,कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव कोयला विस्मिता तेज ,कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अतिरिक्त निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी ,कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद ,सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह, सीएमडी सीएमपीडीआईएल मनोज कुमार, सीएमडी बीसीसीएल समीरन दत्ता,सीएमडी ईसीएल सतीश झा सहित बड़ी संख्या में लोग भी उपस्थित थे।




# हत्या के मामले में छह साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

### 12 लोगों ने मिलकर रची थी हत्याकांड की साजिश




**रांची।** चावल व्यवसायी नरेंद्र सिंह होरा की बीते पांच अक्टूबर 2018 को रोशपा टॉवर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में शामिल एक अपराधी राशिद छह साल बाद गिरफ्तार हुआ है। गुरुवार को एसएसपी चंदन सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि राशिद अंसारी डोरंडा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जिन्हें कोर्ट द्वारा इस हत्याकांड में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और दस हजार रूपया जुर्माना की सजा सुनाई थी। राशिद और चिंकू देवा उर्फ मेराज दोनों आरोपी गिरफ्तारी के डर फरार थे। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

## आपसी विवाद के कारण पुलिस के हत्थे चढ़े अपराधी

उल्लेखनीय है कि कारोबारी से लूटे गए रुपयों के बंटवारे को लेकर अपराधियों में विवाद हो गया था। छोटू हुसैन नाम के एक अपराधी ने एक लाख रुपए से अधिक रख लिए। बबन खान ने रेकी करने वालों को देने के लिए 50 हजार रुपए लिए, वहीं राशिद अंसारी ने 90 हजार रुपए लिए अन्य को जब पैसे नहीं मिले तो वे आपस में उलझ गए। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिल गई। पुलिस ने जाल बिछाकर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

# कांग्रेस पार्टी को बाबा साहब पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं संविधान गौरव अभियान के प्रदेश संयोजक अमर कुमार बाउरी की अध्यक्षता में अभियान की प्रदेश एवं जिला टोली की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर बोलने का नैतिक अधिकार खो दिया है। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने बाबा साहेब को चुनाव में हराने का प्रयास किया था। दलितों के प्रति कांग्रेस की सोच कैसी थी, यह कांग्रेस पार्टी के इतिहास से पता चलता है। बैठक में सभी सांगठनिक जिलों से अभियान से जुड़े जिला संयोजक एवं सह संयोजक शामिल हुए। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के सह संयोजक राकेश भास्कर, नंद जी प्रसाद, अमरदीप यादव उपस्थित थे।

इस दौरान आगामी कार्ययोजना, सभी जिला, मंडल स्तर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, गोष्ठियों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 11 से 25 जनवरी तक भाजपा द्वारा देशभर में संविधान गौरव अभियान चलाया जाएगा। झारखंड में पार्टी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं की व्यस्तता को देखते हुए यह अभियान 15 जनवरी से 25 जनवरी तक होगा। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को आज आंबेडकर की याद आ रही है। ये वही कांग्रेस है, जिसने संसद में बाबा साहेब के तैल चित्र तक नहीं लगाए। अपने परिवार के नेताओं के लिए बड़े-बड़े स्मारक बनाने वाली कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के लिए दिल्ली में दो गज जमीन भी उपलब्ध नहीं करायी। कांग्रेस पार्टी ने जीवित अवस्था में ही पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी को भारत रत्न से सम्मानित किया। राजीव गांधी को भी भारत रत्न दिया, लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न से कांग्रेस पार्टी ने वंचित रखा।

### ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने की योजनाओं की समीक्षा

# मनरेगा वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि के लिए आवश्यक योजना का होगा गठन : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा के तहत वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने के लिए आवश्यक योजना का गठन किया जाएगा। इसको लेकर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा योजना के तहत विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 में किए गए रोजगार सृजन एवं योजनाओं की पूर्णता के समरूप वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लक्ष्य प्राप्त करने का कार्य करें। मनरेगा योजना से मिट्टी- मोरम पथ की स्वीकृति प्रदान किए जाने के लिए सुस्पष्ट दिशा-निर्देश विभाग स्तर से निर्गत किया जाए ताकि सभी गांवों,कस्बों और टोलों को आवागमन हेतु सुविधा प्रदान की जा सके। बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत पौधों के चयन के संबंध में एक मार्गदर्शिका निर्गत हो। मनरेगा के तहत कार्यान्वित योजनाओं में नियमानुसार पेयजल की व्यवस्था और औषधि की व्यवस्था किया जाना है। एतद् संबंधी व्यवस्था सभी योजना स्थल पर हो, इसके लिए नियमित रूप से निगरानी एवं अनुश्रवण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वर्तमान सरकार मनरेगा श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 350 रुपए निर्धारित किया जाना है, जिसके लिए वर्षवार मजदूरी दर में वृद्धि करने के लिए आवश्यक योजना का गठन करने का निर्देश मंत्री ने दिया है। वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान का समतलीकरण कार्य मनरेगा योजना से सम्पादित किया गया है परन्तु इन सभी मैदानों में शौचालय एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है।



# कमिटी तय करेगी गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी : मुख्य सचिव

- दिखेंगी मंईयां सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा की भी झांकियां
- गणतंत्र दिवस 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी में झारखंड का चरित्र और चेहरा झलकना चाहिए। उन्होंने झांकी में मंईयां सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा को भी जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झांकियों के चयन के लिए एक कमिटी भी होनी चाहिए, जो उसके थीम और प्रजेंटेशन को फाइनल करे। बैठक में ही तीन सदस्यीय कमिटी का गठन भी किया गया, जिसमें कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को शामिल किया गया। बैठक में तय हुआ कि समारोह में कुल 12 से 13 विभागों की झांकियों का प्रदर्शन कमिटी के अनुमोदन के बाद किया जाएगा। मुख्य सचिव ने दुमका उपायुक्त और रांची को निर्देशित किया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण ससमय सुनिश्चित करेंगे। वहीं रांची और दुमका में स्थापित महत्वपूर्ण प्रतिमा स्थलों की सफाई और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की व्यवस्था, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग एवं बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, पुरस्कार- सम्मान पत्र का वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा हुई और निर्णय लिए गये। मुख्य सचिव ने मोरहाबादी मैदान के पास लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारने का निर्देश दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के प्रस्ताव पर झांकी में झारखंड के वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी को अनुमोदित किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झांकी में साइबर सुरक्षा को भी शामिल करने का सुझाव दिया। वहीं तय हुआ कि गणतंत्र दिवस परेड में सेना, सीआइएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी, जैप, जिला बल, एनडीआरएफ, फायर बिग्रेड के प्लाटून के साथ सेना, सीआरपीएफ और जैप के बैंड भाग लेंगे। इसका रिहर्सल 18 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया गया। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, परिवहन सचिव कृपानंद झा, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी, आइजी अभियान एबी होमकर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री तक बात पहुंचेगी, तो जरूर पुनर्वास का लाभ मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**



नगड़ी प्रखंड के नयासराय क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रीज निर्माण का कार्य चल रहा है। ब्रीज निर्माण को आगे बढ़ाने के लिए जमीन की आवश्यकता है जिसे लेकर अतिक्रमण अभियान चलाया गया और 20 घरों को जमींदोज कर दिया गया। इस बीच भीड़ इक्टठा हो गई और लोगों ने विरोध भी किया। मौके पर विधानसभा थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह पूरे दल बल के साथ मौजूद थे। लगभग दस घरों को तोड़ा गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताया कि इन लोगों को पहले ही नोटिस दिया गया था कि घर खाली कर दें क्योंकि इनका मकान रेलवे की अधिग्रहित की हुई जमीन है और रेलवे लाइन के उपर ओवब्रीज का निर्माण किया जाना है। विभागीय कारवाई करते हुए इनके घरों को तोड़ा गया है। वहीं विस्थापित हो चुके अब्दुल बारीक ने बताया कि सीओ ऑफिस से लेकर मुख्यमंत्री के पास तक गुहार लगा चुके हैं कि अत्यंत गरीब हमलोगों का पहले पुर्नवास करा दिया जाए उसके बाद घरों को तोड़ा जाए। जिसपर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि तोड़ने से पहले बसाया जाएगा। वहीं घर खोने से दुःखी शहगुहक्ता खातुन ने कहा कि मुख्यमंत्री तक हमलोगों की बात पहुंचेगी तो जरूर हमलोगों को जरूर पुर्नवास का लाभ मिलेगा।

### हाइवे पर खड़े ट्रकों से पार कर देते थे डीजल

**रांची।** पुलिस ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा में डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था. गिरोह के सदस्य सड़कों के किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चुराने में माहिर थे, पुलिस ने इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस का कहना है कि गिरोह के बारे में पुलिस को लगातार इस मामले की शिकायतें मिल रही थीं।

**आज / कल**




'वेव्स' पर वर्कशाप और रोड शो का आयोजन

## वेव्स इवेंट डिजिटल अर्थव्यवस्था में 'वैल्यू एडिशन' का काम करेगा : डॉ दीपक कुमार

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**




पत्र सूचना कार्यालय द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के सहयोग से गुरुवार को फरवरी 2025 में दिल्ली में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट, वेव्स पर जागरूकता फैलान के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईआईएम के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं वरिष्ठ पत्रकार श्रेयसी मिश्रा, सन्नी शरद, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विनय भारत आईआईएम रांची के प्रोफेसर डॉ. गौरव मराठे अतिथि वक्ता के रूप शामिल हुए। संस्थान के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि वेव्स जैसे इवेंट भारत के डिजिटल अर्थव्यवस्था में बिजनेस मॉडल को आगे लाकर इसमें 'वैल्यू एडिशन'का बड़ा काम करेगा। मैं पीआईबी रांची का धन्यवाद करता चाहूंगा क्योंकि इस आयोजन के लिए उन्होंने आईआईएम संस्थान को चुना। पीआईबी रांची के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा ने कहा कि मीडिया एंटरटेनमेंट जगत के कॉन्टेंट क्रिएटर्स को वेव्स के ग्लोबल प्लेटफॉर्म देगा, और मैं आप सभी छात्रों छात्राओं से भी क्रिएट इन इंडिया' चैलेंज में हिस्सा लेने के लिए कहूंगा। वरिष्ठ पत्रकार श्रेयसी मिश्रा ने कहा कि भारत का ऑनलाइन एंटरटेनमेंट स्पेस तेजी से विकास के लिए तैयार है। आज यहां 80 करोड़ के ज्यादा ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन हैं, 78 करोड़ इंटरनेट यूजर हैं। 5जी के आने से और हाइपर लोकल कन्टेंट की ग्रोथ से ऑनलाइन एंटरटेनमेंट दिनों दिन बढ़ेगा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ विनय भारत ने कहा कि हम देश के लोकल कॉन्टेंट, कल्चर, को आगे बढ़ाए और उसे विश्व स्तर का बनाए न की खुद की हम ग्लोबलाइजेशन और वेस्टर्न संस्कृति के विकास मॉडल का शिकार हो जाए। दिल्ली में होने वाले वेव्स समिट में उम्मीद है भारतीय कॉन्टेंट को कैसे आगे ले जाए इस पर चर्चा होगी। आईआईएम रांची के प्रोफेसर डॉ गौरव मराठे ने कहा कि हमें ध्यान देना होगा कि कैसे हम अपनी बात और अपने समाज के सभी वर्गों की सोच को आगे लाए न कि एक वर्ग के विचार पर ही सभी को चलने या वैसा ही कॉन्टेंट बनाने, देखने के लिए कहे। अतिथियों के संबोधन के बाद आईआईएम के छात्रों ने भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म के परिदृश्य पर अपने प्रेजेंटेशन दिए, जिसमें दो अलग-अलग श्रेणियां में तीन श्रेष्ठ विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रथम श्रेणी में प्रतिका पॉल प्रथम रही, अदिति अग्रवाल द्वितीय और पीके अन्यया तीसरे स्थान पर रही। वहीं दूसरी श्रेणी में सोनमसी प्रथम, आकृति प्रिया द्वितीय और देवोलीना मित्रा तृतीय स्थान पर है। इस कार्यक्रम में पीआईबी, सीबीसी और दूरदर्शन तथा आकाशवाणी न्यूज के अधिकारी गण और कर्मचारी भी शामिल हुए। सीबीसी रांची द्वारा वेव्स पर कैंपस में एक सिग्नेचर कैंपेन का आयोजन भी किया, जिसे सीबीसी कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने संचालित कराया। कार्यक्रम का सूत्रधार शशि द्वारा किया गया, वहीं पीआईबी रांची के ओंकार नाथ पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



## बीआरपी सीआरपी संघ ने राज्य परियोजना निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

बीआरपी सीआरपी एसएस संघ के प्रतिनिधिमंडल राज्य परियोजना कार्यालय में राज्य परियोजना निदेशक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। वहीं बीआरपी सीआरपी के हितार्थ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए उसे पूरा करने का आग्रह किया। जिसमें प्रमुख रूप से वर्धित मानदेय अविलंब भुगतान करने का निवेदन के साथ-साथ सीआरपी बीआरपी के लिए प्रशिक्षण, परियोजना कर्मियों को देय अन्य सुविधाओं का लाभ जिसमें चिकित्सा भत्ता, परियोजना भत्ता, महंगाई भत्ता, अर्जित अवकाश शामिल है। संघ के प्रतिनिधि ने आग्रह किया कि 20 वर्षों की सेवा अवधि को ध्यान में रखते हुए अवर शिक्षा सेवा में प्रतिशत पद बीआरपी सीआरपी के लिए आयु सीमा में छूट देते हुए आरक्षित की जाए। प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्ण प्रसाद के साथ कुमार रोहित, कमलकांत मेहता, रविंदर ठाकुर, ओपेन देवघरिया, कुमार सिकंदर आदि शामिल थे।

## एनीमिया के दूसरे प्रकारों से कैसे अलग है एप्लास्टिक एनीमिया

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

- एप्लास्टिक एनीमिया व्यक्ति के जीवन को काफी प्रभावित करता है : डॉ अभिषेक

एप्लास्टिक एनीमिया एक दुर्लभ रक्त रोग है। इसमें बोन मैरो असामान्य स्टेम कोशिकाएं बनाता है यह रोग अक्सर पैतृक आधार पर चलता है और आमतौर पर इसका पता बचपन या किशोरवय में लगता है। एनीमिया में शरीर लाल रक्त कोशिकाओं को पर्याप्त मात्रा में नहीं बना पाता जबकि एप्लास्टिक एनीमिया केवल एनीमिया नहीं है बल्कि इसे पैंसीटोपेनिया कहा जाता है यह एक मेडिकल स्थिति है जिसमें सभी प्रकार की रक्त कोशिकाओं की संख्या में महत्वपूर्ण कमी हो जाती है। इसमें ल्यूकोपेनिया में सफेद रक्त कोशिकाओं की कमी होती है। एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाएं कम हो जाती हैं और थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया में प्लेटलेट्स की कमी होती है। यह सभी समस्याएं बोनमैरो के पूरी तरह से काम बंद करने के कारण होती हैं। बिहार में लगभग 24 फीसदी लोगों को एप्लास्टिक एनीमिया है जबकि वहां 45 फीसदी लोगों में सामान्य एनीमिया है। सदर हॉस्पिटल (रांची) में क्लिनिकल हीमैटोलॉजिस्ट और हीमैटो ऑन्कोलॉजिस्ट, एमबीबीएस, एमडी डीएम डॉ अभिषेक रंजन कहते हैं एप्लास्टिक एनीमिया व्यक्ति के जीवन को काफी प्रभावित करता है इसमें थकान महसूस होती है चक्कर आते हैं और रोजमर्रा के काम सामान्य रूप से करने में व्यक्ति थकावट महसूस करता है इससे मरीज को गंभीर रक्तस्राव या बार-बार संक्रमण हो सकते हैं जिससे मरीजों को बार-बार अस्पताल में भर्ती होने और खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। इससे उनका रोजाना का जीवन प्रभावित होता है और वे सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ सकते हैं।

### तीन कार्यदिवस में पैसे नहीं जमा कराने पर एजेंसी होगी ब्लैकलिस्टेड

**रांची।** राज्य में खुदरा शराब दुकानों में मानव प्रदाता एजेंसियों ने तीन कार्यदिवस में बकाया राशि जमा नहीं करायी तो उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। गुरुवार को उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने विभागीय पदाधिकारियों व झारखंड राज्य विबरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पूर्व की बैठक में खुदरा उत्पाद दुकानों में मदिरा की बिक्री की राशि एवं मानव प्रदाता एजेंसी द्वारा बैंक में जमा करायी गई राशि में बड़ा अंतर पाया था। 16 दिसंबर को समीक्षा बैठक के दौरान भी बकाया राशि के अंतर को लेकर मंत्री ने नाराजगी जतायी थी। साथ ही एजेंसियों को अंतिम मौका भी दिया था। लेकिन गुरुवार को समीक्षा के दौरान मानव प्रदाता कंपनियों के बकाया अंतर राशि को जमा नहीं करने को पुनः गंभीर माना गया। मंत्री ने आदेश दिया कि सभी मानव प्रदाता एजेंसियों द्वारा शेष बिक्री की अंतर राशि को बैंक गारंटी के साथ समायोजित किया जाए। बैंक गारंटी से समायोजन के बाद भी अगर एजेंसियों की अंतर राशि बच जाती है तो उन्हें तीन दिन के भीतर जमा नहीं कराने पर ब्लैकलिस्टेड किया जाए।

## न्यूज बॉक्स

### तापमान में और गिरावट होने की संभावना



**रांची।** मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में तापमान में और गिरावट का पूर्वानुमान जताया गया है। विभाग के अनुसार पछुआ हवा के कारण तापमान में गिरावट आ रही है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि तीन दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव हो सकता है।

### शिवायन काव्यार्चन सह सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची।** साहित्योदय के बैनर तले रांची में शिवायन काव्यार्चन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिवायन ग्रंथ में शामिल रचनाकारों को साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। बरियातु स्थित डॉ शेखर सिन्हा के आवास के आयोजित समारोह में रांची और आसपास के दर्जनों साहित्यकार उपस्थित हुए जिसकी अध्यक्षता रेणु झा रेणुका ने किया जिसमें साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन और स्वागत रश्मि सिन्हा ने जबकि संचालन बिंदु प्रसाद ने किया। सभी रचनाकारों ने भगवान शिव पर आधारित काव्यपाठ किया। जिसमें सीमा सिन्हा मैत्री, रेणु झा रेणुका, मुक्ता सिंह, विनय वर्मा जादूगर, संतोष समर, डॉ रजनी शर्मा चंदा, राजश्री राज, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ अकांक्षा चौधरी, विभा वर्मा, पुष्पा पाण्डेय ने एक से बढ़कर एक रचना सुनाई। धन्यवाद ज्ञापन रांची प्रभारी डॉ रजनी शर्मा चंदा ने किया।

### अंडर 19 बालिका क्रिकेट ओपन ट्रायल 12 को

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल 12 जनवरी को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी चुटिया रांची में सुबह 8:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस चयन ट्रायल के माध्यम से 29 से 03 फरवरी तक राजस्थान के उदयपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

### श्री राधा-कृष्ण मंदिर की समय सारणी हुई जारी



**रांची।** अरगोड़ा कटहल मोड़ रोड पुंदाग में झारखंड का सबसे बड़े राधा-कृष्ण मंदिर, श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। भव्य आकर्षक एवं अनूठा मंदिर को देख मंत्र-मुग्ध होकर उत्साहित हो रहे हैं। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर की समय सारणी तय कर लिया गया है। मंदिर का पट प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे खुलेगा तथा बंद होने का समय दोपहर- 12:30 बजे रहेगा। मंदिर पुनः अपराह्न 3:00 बजे खुलेगा, तथा रात्रि 8:00 बजे आरती के बाद बंद हो जाएगा। मंदिर मे वृंदावन के पुजारी अरविंद पांडे को नियुक्त किये गये हैं जो कि दिन- रात भगवान श्री राधा कृष्ण की सेवा में मंदिर में रहेंगे।

### मारवाड़ी सम्मेलन ने 260 कबंलों का किया वितरण



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने कंबल वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत चौथे चरण मे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जोन्हा प्रखंड के 4 ग्रामीण क्षेत्रों जरडीह, मनी छप्पर, जोनहा, काशीडीह गांव में जरूरतमंदों के बीच 260 कंबलों का वितरण किया। मौके पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा की सर्दी के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोग ठंड से परेशान रहते हैं। सम्मेलन विगत कई वर्षों से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण कर रहा है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के लिए मदद पहुंचाना है। निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है। मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा कि कंबल वितरण का कार्यक्रम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर चलता रहेगा। कंबल जरूरतमंदों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रहा हैं। कंबल वितरण का यह कार्यक्रम न केवल ठंड से बचाव में मदद करता है बल्कि यह लोगों में सामाजिक सहयोग और जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न करता है। कंबल मिलने पर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे उन्होंने मारवाड़ी सम्मेलन को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री विनोद कुमार जैन, अनिल कुमार अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिला इतिहासकारों का राष्ट्रीय संगोष्ठी 11 को

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**



### झारखंड में आदिवासी महिलाओं के इतिहास पर भी होगा विचार : डॉ सुजाता सिंह

डॉ सुजाता सिंह ने बताया कि महिला इतिहासकार एवं इतिहास लेखन में महिला विमर्श पर पहली बार इतनी बड़ी संगोष्ठी हो रही है जिसमें महिला इतिहासकार ही प्रमुख रूप से हैं। थीम भी अलग अलग है जिसमें राष्ट्रीय के साथ क्षेत्रीय थीम को भी जगह दी गई है। झारखंड के आदिवासी महिलाओं के इतिहास पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस से पहले अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के द्वारा एनी चार राज्यों में संगोष्टी का आयोजन किया जा चूका है। जिनमे काशी, तेलंगाना, सिक्किम, बैंकॉक शामिल है।

रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग और भारतीय इतिहास संकलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में 11 जनवरी से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय इतिहास लेखन, वर्तमान परिदृश्य तथा संभावनाएं विषय पर हो रही संगोष्ठी में देशभर से इतिहासकार आरयू में जुटेंगे। आरयू के इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रो डॉ राजकुमार ने बताया संगोष्ठी में महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के इतिहास लेखन और उनकी ऐतिहासिक दृष्टि, विभिन्न इतिहास युगों प्राचीन, मध्यकाल और आधुनिक काल में महिलाओं की स्थिति और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान इत्यादि मुद्दों पर इतिहास लेखन पर विचार विमर्श करेंगे।

आरयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजकुमार ने कहा कि कार्यक्रम में बंगाल, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीषा लगभग पुरे देश से लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम का आयोजन रांची अखिल भारतीय इतिहास संकलन, आईसीएचआर और विश्वविद्यालय इतिहास विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया देशभर से 300 से अधिक इतिहास लेखनी प्रेजेंट किये जायेंगे जिसमे करीबन 162 पेपर जमा किये जा चुकें हैं। उन्होंने बताया पहले दिन के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार होंगे वहीं दूसरे दिन के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो होंगी। इस अधिवेशन में 150 से ऊपर देश भर की महिला इतिहासकार शिरकत करेंगी। उन्होंने बताया यह इतिहास का संग्रह आने वाले समय में इतिहास विभाग के बच्चों के लिए लाभदायक साबित होगा।

**दो दिवसीय होगा कार्यक्रम :** दो दिवसीय महिला इतिहासकारों के संगोष्टी की शुरूवात 11 जनवरी को 10.30 बजे विश्वविद्यालय के आर्यभट सभागार में राज्यपाल और कुलपति सहित देश भर से आये इतिहाकारों के मौजूदगी में किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम अगले दिन 12 जनवरी तक चलेगा साथ ही समापन भी 12 जनवरी को किया जायेगा। संवादाता सम्मलेन में मुख्य रूप से डॉ असिस्टेंट प्रो। राजकुमार, सुजाता सिंह, अनुराधा राजहंस, गीता काटे, मोहित लाल मौजूद रहें।

### राकेश सिन्हा ने कहा पूंजीपति मित्रों को लाभ दे रहा केंद्र का जीएसटी

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जीएसटी के जरिए किसानों और जनता की जेब पर डाका डाल रही है और पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भरने का काम कर रही है। मोदी सरकार का विकास मॉडल रावण के विकास मॉडल जैसा है। जैसे लंका में कुछ महल सोने के थे जो रावण के चहेते लोगों के थे, जबकि आम जनता परेशान थी। सिन्हा ने कहा कि पूरा देश जीएसटी के आतंक से परेशान हो रहा है। किसान अपनी फसल को किट-पतंगों से बचाने के लिए जिन रसायनों का इस्तेमाल करते हैं, उन पर 28 प्रतिशत जीएसटी लिया जा रहा है। किसानों से कॉटन पर अग्रिम टैक्स वसूला जा रहा है, जो केंद्र सरकार की किसान विरोधी नीतियों का परिणाम है। एक तरफ अपने पूंजीपति मित्रों का 17 लाख करोड़ रुपए का एनपीए माफ कर दिया, दो लाख करोड़ के कर में छूट दे दी गई और इसके बदले इलक्ट्रोल बांड के रूप में चंदा लिया। इस टैक्स के जरिए देश के गरीब से पैसा वसूल किया जा रहा है। कर सेस लेने की व्यवस्था है।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

## बेल्जियम के 24 छात्रों के दल ने संत जेवियर्स स्कूल का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता । रांची**



बेल्जियम के क्लीन सेमिनरी रुसलेयर स्कूल के 24 छात्रों का एक दल, अपने प्रिंसिपल मिसेज क्लारा और शिक्षक मिस्टर फिलिप और मिस्टर बियार्न के साथ भारत के सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल पहुंचा। वहीं एक यादगार यात्रा के साथ अपने दौरे का समापन किया। समूह में 16 लड़कियों और 8 लड़के शामिल हैं। जिन्होंने भारत के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों जैसे दिल्ली, आगरा, वाराणसी, कोलकाता और झारखंड के कई स्थानों, जिनमें रांची, गुमला, राजावल, टोंगो, मझाटोली, लोहरदगा, कांके, रांची स्थित मानरेसा हाउस और बिशप हाउस का दौरा किया। अपने अंतिम पड़ाव के रूप में, छात्रों ने संत जेवियर्स स्कूल के छात्रों के परिवारों के साथ समय बिताया, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी समझ को बढ़ावा मिला। स्कूल की यात्रा के दौरान, उन्होंने कक्षा 11 के छात्रों के साथ बातचीत की और भारत की विविध संस्कृति, स्वादिष्ट भोजन और गर्मजोशी से भरी मेहमाननवाजी के अपने अनुभव साझा किए। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता और प्रदूषण जैसी चुनौतियों पर भी चर्चा की, जिससे उनकी गहरी पर्यवेक्षण और वैश्विक जागरूकता स्पष्ट हुई। बेल्जियम के छात्रों ने संत जेवियर्स आउटरीच प्रोग्राम के छात्रों के लिए 45 साइकिलें और 600 स्कूल यूनिफॉर्म का उदार दान देकर अपनी सद्भावना प्रकट की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विभिन्न स्थानों के अन्य जरूरतमंद छात्रों के लिए भी कई वस्तुएं उपहार स्वरूप दीं। संत जेवियर्स स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। इस इंटरएक्टिव कार्यक्रम ने छात्रों और शिक्षकों को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया, जिससे वैश्विक मित्रता और सांस्कृतिक समझ के संबंध और मजबूत हुए। यह यात्रा बेल्जियम के छात्रों के भारतीय सफर का एक सार्थक समापन थी, जो आपसी सीख, परोपकार और साझा अनुभवों की विरासत को पीछे छोड़ गई।

## एक नजर

### पंकज फ्यूल सेंटर में इंडियन आयल की ओर से उपभोक्ता दिवस का आयोजन

**मांडर।** कंदरी स्थित पंकज फियुल सेंटर मे गुरुवार को इंडियन ऑयल की ओर से उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम मे इंडियन ऑयल कंपनी की ओर से डीजीएम पंकज कुमार उपस्थित हुए, जिन्होंने इंडियन ऑयल क्रमी और उपभोक्ताओं संग केंक काटकर कस्टमर डे को सलिब्रेट किया। डीजीएम ने कहा हर वर्ष नव जनवरी को इंडियन ऑयल कस्टमर डे मनाती है। इस वर्ष हमलोग पंकज फिलिंग स्टेशन मे मना रहे हैं। हम अपनी ओर से कस्टमर को हर सुविधा उपलब्ध कराते हैं। उन्हें किसी तरह की कोई कठिनाइयां ना हो इसके लिए हम लोग भरपूर प्रयास करते हैं। समय-समय पर कस्टमर के लिए नई स्कीम लाते हैं जिससे कस्टमर हमसे जुड़ा रहे।

### आरोपी को भेजा गया जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भागा ले जाने वाला आरोपी सगीर अंसारी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। आरोपी युवक गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के बनगी गांव का रहने वाला है। उस पर आरोप है कि वह 3 जनवरी 2025 को मांडर थाना क्षेत्र के ही एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया था। जिसके बाद लड़की के परिजनों ने मांडर थाने में आरोपी सगीर अंसारी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी कराई थी। थाना प्रभारी राहुल ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर सगीर अंसारी को रांची से गिरफ्तार किया साथ ही नाबालिग लड़की को भी बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ के बाद गुरुवार को आरोपी युवक को जेल भेज दिया। लोगों का कहना है कि इस तरही की घटना निंदनीय है।

### बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**खूंटी।** खूंटी-रांची रोड में तजना नदी पुल से आगे मोड़ के पास गुरुवार शाम दो बाइक के बीच आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान खूंटी के बेलांगी गांव निवासी दिनेश कश्यप (50 ) के रूप में हुई है। घायलों में दिनेश कश्यप की पत्नी रीना देवी और दूसरी बाइक के चालक गिरजा टोली खूंटी में रहने वाले विक्रम मुंडा शामिल हैं। दोनों घायलों की स्थिति भी चिंताजनक है। दोनों के सिर पर गंभीर चोट लगी है। दोनों को सदर अस्पताल खूंटी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एलआईसी अभिकर्ता दिनेश कश्यप खूंटी से अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपने गांव बेलांगी लौट रहे थे।

शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर खलारी पहुंचा अखंड ज्योति दिव्य कलश रथ

# खलारी में होगा तीन दिवसीय भ्रमण श्रीजानकी रमन मंदिर में हुआ दीप महायज्ञ



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर अखंड ज्योति दिव्य कलश रथ गुरूवार को खलारी पहुंचा। यह रथ खलारी प्रखंड क्षेत्र में तीन दिवसीय भ्रमण के लिए आया है। खलारी में प्रवेश करने से पूर्व खलारी-बिजुपाड़ा रोड स्थित चण्डी स्थान के निकट से सनातन धर्मावलंबी व गायत्री परिवार से जुड़े लोग गाजेबाजे के साथ भव्य स्वागत करते हुए गायत्री प्रज्ञापीठ खलारी लेकर आए। क्षेत्र के गायत्री साधक समूह, महिला मंडल सहित समस्त हिंदू सनातन प्रेमियों ने माता के अखंड ज्योति दिव्य कलश का दर्शन कर विधि विधान से पूजा पाठ आरती और मंगलकारी स्वस्तिवाचन पाठ किया। पुष्पअर्चन के साथ माता की आरती की गई। मंदिर परिसर में प्रवेश करने पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि रांची उपजोन के समन्वयक दयाशंकर पंडित, जिला समन्वयक जयप्रकाश प्रसाद, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार, छोटू राय को खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह व ट्रस्ट के लोगो ने फूलमाला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। खलारी प्रज्ञा पीठ के ट्रस्टी दिवंगत सुरेन्द्र सिन्हा के नाम पर शांति पाठ व दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। श्रीजानकी रमण मंदिर परिसर में शाम साढे छह बजे से युगसंगीत के बाद दीप महायज्ञ किया गया। दयाशंकर पंडित ने गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व मां भगवती देवी के विचारों को रखा और दिव्य कलश यात्रा के उदेश्य को बताया। कहा कि वंदनीय माताजी के जन्म शताब्दी पर अखंड ज्योति दिव्य कलश रथ यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर खलारी में तीन दिनों तक विभिन्न जगहों में भ्रमण करेगा। यह अखंड ज्योति सन 1926 ई से सतत जलते आ रही है। अखंड ज्योति को जलाने का मूल उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय तथा धरती पर स्वर्ग का अवतरण है।

बरवाटोली में पेयजल की किल्लत

# जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी गांव पहुंच कर ली जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बरवाटोला के घरों में पानी करीब सप्ताह भर से नहीं आ रहा है। गांव के दो वार्डों के करीब 70 घरों में पानी नहीं आने से लोगों को पानी के जुगाड़ करने में समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी जुमला में है और वाटर प्लांट हल्माद में है। जुमला टंकी से बरवाटोला गांव में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी सप्लाई का काम देखने वाले ठेकेदार ने घर घर पानी नहीं देकर वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर वाटर प्लांट से ही सीधे एक पाइप के जरिए गांव में एक जगह पानी देने की व्यवस्था की है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी केवल आधे घंटे तक ही दिया जाता है जिससे पानी की आपूर्ति पर्याप्त नहीं होती है।



### जिला परिषद उपाध्यक्ष ने ठेकेदार से बात की

जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी ने गुरुवार को बरवाटोला में पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए गांव में जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। बरवाटोला के ग्रामीणों के लिए घर घर पानी बहाल किए जाने के लिए ठेकेदार से बात की उन्होंने ग्रामीणों को आश्वाशन दिया कि जल्दी ही घर घर पानी बहाल कर दी जाएगी।

## न्यूज | बॉक्स

### सबकी योजना सबका विकास पर प्रशिक्षण आयोजित



**चान्हो।** प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख होलिका देवी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण मे कुल 03 बैचों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें मुखिया एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को प्रशिक्षण हेतु चयनित जिला - सह - प्रखंड संसाधन दल में मुखिया मास्टर ट्रेनर के रूप प्रदीप राम, मुखिया मास्टर ट्रेनर रेखा सांगा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर बी पी ओ गुंजन कुमार, इश्तियाक अंसारी सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### मांडू प्रखंड के बंजी गांव में चला टीबी 100 डेज कैंपेन, 124 लोगों की हुई जांच



**रामगढ़।** भारत सरकार देश को टीबी मुक्त बनाना चाहती है। कोई भी व्यक्ति टीबी का मरीज ना रहे, इसके लिए केंद्र सरकार के निर्देश पर पूरे देश में टीबी 100 डेज कैंपेन चलाया जा रहा है। गुरुवार को रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत बंजी गांव में आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर में टीबी 100 डेज कैंपेन के तहत शिविर लगाया गया। इस शिविर में 124 ग्रामीणों की जांच की गई। सभी व्यक्तियों का बलगम जांच और एक्स रे किया गया है। शिविर में शामिल अधिकारियों ने बताया कि 7 दिसंबर 2024 से शुरू हुए इस अभियान को 17 मार्च 2025 तक चलाया जाना है। रामगढ़ जिले में 60 साल से उपर वाले व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले, शराब सेवन करने वाले, पूर्व के टीबी रोगियों, उनके संपर्क में रहने वाले लोगों, शूगर के मरीजों, टीबी के लक्षण वाले व्यक्ति को चिन्हित कर बलगम जांच, एक्स रे निःशुल्क किया जा रहा है। जिन लोगों में भी टीबी का संक्रमण नजर आएगा उन्हें दवाइयां दी जाएगी। इस शिविर में डब्ल्यूएचओ के कंसल्टेंट डॉक्टर आरूध, एमओआईसी मांडू सीएचसी डॉक्टर रश्मि, एसटीएस मांडू पंकज कुमार, सीएचओ शगुफ्ता यासमीन, एलटी अमित कुमार, एक्स-रे टेक्निशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर, एएनएम, बीटीटी, सहिया साथी, सहिया और एनटीईपी हेल्थ वर्कर शामिल थे।

### भगवान श्रीविष्णु की सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान आरंभ



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में वैकुंठोत्सव के उपलक्ष्य पर चार दिवसीय श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान गुरुवार को शुरू हुआ। नाममंत्र से मंदिर गुंजायमान रहा। भगवान श्रीमन्नारायण अर्चना की गई। भगवान की 1008 नामों से स्तुति की गई। तुलसी और पुष्प अर्पित किए गए। बताया गया कि सहस्त्रनाम अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूजा अनुष्ठान में अनूप झा, गौरी शंकर साबू, गुरुदत्त अग्रवाल, आनंद प्रकाश अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, नवीन मोदी, मुकेश टिवडेवाल, राजेश चौधरी, संजीव कुमार सिंह, रोशन कुमार चौधरी, विजय गुप्ता, विनय कुमार शाही, विनंजय भारती, अंकिता राजन, संजीव कुमार झा उपस्थित थे।

होमगार्ड अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण का मामला

# इटकी व नगरी प्रखंड के होमगार्ड अभ्यर्थियों को जल्द प्रशिक्षण दिया जाएगा : वंदना डाडेल



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी** इटकी और नगरी प्रखंड के होमगार्ड अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल पम्मू ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, और गृह सचिव वंदना डाडेल से मुलाकात कीं इन्होंने मंत्रियों और गृह सचिव से प्रखंड के होमगार्ड अभ्यर्थियों को यथाशीघ्र प्रशिक्षण में भेजने का आग्रह किया ताकि वे देश की सेवा के लिए तैयार हो सकें` इनकी आग्रह को स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया गया कि जल्द ही अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा` प्रतिनिधिमंडल में शीला मिंज, इम्तियाज अंसारी, पिंकी लकड़ा, साहिल अंसारी, साजन मुंडा, मुजाहिद अंसारी, इरकन तिग्गा आदि शामिल थे।

डीसी ने एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम का लिया जायजा

# झारखंड की खेल नीति, खेल प्रेमियों के लिए है सुनहरा मौका : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय स्थित सभागार में एचआईएल 12 से 26 जनवरी के सफल आयोजन को लेकर बैठक की। सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के तरफ से होने वाली सारी व्यवस्था पूर्व में सुनिश्चित रूप से रहेगी। इसके लिए उपायुक्त रांची द्वारा निर्देश देते हुए कहा की सभी मैच फ्लड लाइट्स के नीचे खेले जाएंगे, इसलिए मैच के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति कराया जाएगा। जिसके लिए बिजली और ऊर्जा विभाग से तकनीकी विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही टूर्नामेंट के दौरान फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कराने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने बाहरी कॉनकोर्स की सफाई और पिचों को पानी देने के लिए नियमित




पानी की आपूर्ति कराने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेनरल स्टैंड में एक प्राथमिक चिकित्सा कक्ष की स्थापना तथा जेनरल स्टैंड के दर्शकों के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने का भी निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। खिलाड़ियों के रहने के स्थानों / अभ्यास स्थलों (बरियातू गर्ल्स स्कूल ग्राउंड) / प्रतियोगिता स्थलों पर पार्किंग स्थलों की पहचान और प्रबंधन पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा कवर और पहुंच नियंत्रण प्रत्येक टीम के साथ वाहनों की सुरक्षा प्रतिभागियों, अधिकारियों आदि को ले जाने वाले वाहनों के सुचारू मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए यातायात व्यवस्था सुदृढ़ कराने, उच्च पदस्थ अधिकारियों से लेकर निम्नतम पदस्थ अधिकारियों तक पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस कर्मियों को स्टेडियम के महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात रहेंगे।

# प्रेम प्रसंग में पत्नी ने ही कराई थी पति की हत्या, पत्नी सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** नामकुम थाना क्षेत्र के ब्यांगडीह निवासी पौदा मुंडा की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में मृतक पौदा मुंडा की पत्नी ममता देवी, नामकुम थाना क्षेत्र का सुकवा मुंडा और दुबी मुंडा शामिल हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने गुरुवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पौदा मुंडा का शव तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत तोरपा सिमडेगा मुख्य पथ के किनारे ओरमेंजा गांव के पास से चार जनवरी को बरामद किया गया था। इस संबंध में तोरपा थाने में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। एसडीपीओ ने बताया कि गठित टीम की जांच के क्रम में पता चला कि पौदा मुंडा की हत्या में उसकी पत्नी ममता देवी के अलावा उसी गांव के सुकवा मुंडा और दुबी मुंडा का हाथ है। पुलिस ने छापेमारी कर सभी आरोपितों को ब्यांगडीह गांव से गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि पौदा मुंडा की हत्या प्रेम प्रसंग और अवैध संबंध के कारण हुई थी। एसडीपीओ ने बताया कि नामकुम थाना क्षेत्र में हुए एक दोहरे हत्याकांड में पौधा मुंडा जेल गया था। वह लगभग दो साल तक जेल में रहने के बाद जमानत पर छुटा था। उसे जेल से छुड़ाने में सुकवा मुंडा ने मदद की थी। पौदा जब जेल आया, तो उसका संबंध सुकवा की भाभी से हो गया। पौदा की पत्नी का प्रेम संबंध भी दुबी मुंडा से हो गया था।

# केडीएच साइडिंग लाइन के 11 पोल से रेल कर्षण तार की हुई चोरी




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी थानाक्षेत्र के खलारी-केडीएच रेललाइन में मोहननगर के निकट 11 पोल रेल कर्षण तार चोरी हो गई। घटना बुधवार रात की है। खलारी मेन लाइन से केडीएच साइडिंग तक सीसीएल द्वारा रेल लाइन बिछाया गया है। जिससे केडीएच के दो साइडिंगों से कोयले की ढुलाई की जाती है। रेल यातायात निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया केडीएच लाइन में यह पहली घटना है जब 11 पोल कर्षण तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिया गया है। बताया कि कर्षण तार में 25 हजार वोल्ट करंट प्रवाहित था। इसके बावजूद चोरों ने तार काट लिया। उन्होंने बताया कि इधर केडीएच साइडिंग से कोयला ढुलाई बंद था जिसके कारण रैक का आवागमन भी रूका हुआ था। इस बात की चोरों को जानकारी रही होगी। केडीएच साइडिंग तक सिंगल रेल लाइन है। उन्होंने बताया कि इस चोरी से सीसीएल को करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। सीसीएल के अनुरोध पर रेलवे द्वारा कर्षण तार लगाया जा रहा है।

राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

# एसएमसी सदस्य ध्यान दें तो विद्यालयों में आमूलचूल परिवर्तन संभव : बिरसमणी देवी

> *विद्यालय प्रबंधन समिति में सदस्यों के रूप में हम लोगों का चयन पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की की उपस्थिति में हुई है*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** एसएमसी सदस्य ध्यान दें तो विद्यालयों में आमूलचूल परिवर्तन संभव है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ककरिया पंचायत की मुखिया बिरसमणी देवी ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अपने व्यस्ततम जीवन से कुछ दिन अपने बच्चों के विद्यालय के लिए निकालें। सरकार आपके भरोसे सरकारी विद्यालय को प्राइवेट स्कूल से भी बेहतर बनाने की सोच रखती है। लेकिन हमें भी अपने वैसे बच्चों के बारे में सोचना होगा जो सरकारी विद्यालयों में पठन पाठन करते हैं। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में 'पलाश' नामक विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रशिक्षण माड्यूल पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को समापन किया गया। दो दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महात्मा राम ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति में सदस्यों के रूप में हम लोगों का चयन पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की की उपस्थिति में हुई है। हमारे ऊपर जताया गया भरोसा पर हमें खरा उतरना होगा। अन्यथा विद्यालय प्रबंधन समिति समाज और बच्चों से आंख मिलाने के काबिल नहीं रहेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर उन्होंने दो दिनों तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग सत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया गया।

ओरमांझी में उग्रवादियों ने क्रशर साइट पर मजदूरों को पीटा

# एक हाइवा व एक पोकलेन मशीन में लगाई आग



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित गुंजा गांव में बुधवार की देर रात उग्रवादियों ने क्रशर साइट में मजदूरों के साथ मारपीट की और एक हाइवा एवं एक पोकलेन मशीन को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि दस की संख्या में आए तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों ने एनईपीएल कंपनी के मजदूरों के साथ मारपीट की। सभी उग्रवादियों के पास छोटे हथियार थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय थाना प्रभारी के अनुसार, घटनास्थल से टीएसपीसी के विक्रांत जी के नाम का एक पर्चा मिला है। दो वाहनों में आग लगाई गई है। लाठी-डंडों से मजदूरों के साथ मारपीट की गई। फायरिंग की भी बात सामने आ रही है, लेकिन घटनास्थल से एक भी खोखा बरामद नहीं किया गया है। पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

# श्याम बाबा को फूलों का वस्त्र व इत्र से होगा श्रृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम सेवा समिति चुटिया की एक संयुक्त बैठक सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में की गई। जिसमें महिला सदस्यों द्वारा श्याम बाबा को फूलों का वस्त्र एवं इत्र से श्रृंगार किया जाएगा। श्याम बाबा को रबड़ी का भोग एवं बधाई भक्तों के बीच मिठाई, ट्रॉफी एवं अन्य उपहार बांटा जाएगा। महिला सदस्यों द्वारा अनुपम झांकी भजन एवं फूलों की रंगोली से बाबा का स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 10 जनवरी को संध्या 6:15 बजे से सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में सम्मानित अतिथि कृष्ण कुमार पोद्दार, फतेहचंद अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, संजीव पोद्दार, ओम प्रकाश अग्रवाल, एवं ओमप्रकाश मोदी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य यजमान प्रमोद पोद्दार सहपत्नी पूनम पोद्दार के द्वारा बाबा की ज्योत जलाई जाएगी एवं पूजन किया जाएगा। संध्या 5:00 बजे प्रदीप मोदी एवं बबीता अग्रवाल के नेतृत्व में श्री राम मंदिर चुटिया से आयोजन स्थल तक श्याम बाबा के निशान यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। भजन संध्या कार्यक्रम में पूजा पारीख एवं नीरज जालान तथा श्याम मंडल, श्याम मित्र मंडल, हनुमान मंडल, श्याम सेवा संघ, श्याम परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय भक्तों द्वारा श्याम बाबा को भजनों की माला समर्पित की जाएगी। बैठक में ललिता केड़िया, परमेश्वरी जोशी, रेणु अग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, ऋषि टिबडेवाल, प्रकाश अग्रवाल, प्रमोद पोद्दार, दीपक अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, डॉ. भरत कुमार अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी डोंबारी बुरू के शहीदो को श्रद्धांजलि

**खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा के अनुयायियों की शहादत दिवस पर खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों ने स्थानीय डोम्बारी बुरू ( पहाड़ ) जा कर उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष ने कहा कि बिरसा मुंडा जैसे दूरदर्शिता के धनी व्यक्ति शायद ही हिंदुस्तान को मिल पाएगा। उनकी सोच के कारण ही आज जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों के हित की सुरक्षा बरकरार है। उनके जरिये अपने क्षेत्र में शुरू किए गए स्वतंत्रता संग्राम की भागीदारी को भी आदिवासी एवं संपूर्ण देशवासी भूल नहीं पायेंगे।

## एक नजर

### गोला में बालू का अवैध खनन व कारोबार रोकने में प्रशासन विफल

**गोला।** बालू खनन पर रोक के बावजूद आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए गोला क्षेत्र में अवैध रूप से बालू का खनन और बिक्री जारी है। इस कारोबार से जुड़े माफिया बेखौफ बालू की तस्करी कर प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने टीम का गठन किया है। इसके बाद भी क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का अवैध खनन, संग्रह व बिक्री जारी है। बताया जाता है कि कोराम्बे पंचायत धोरधोरा गांव के पास लगभग दो सौ ट्रैक्टर अवैध बालू व गिट्टी संग्रह किया गया है। जिसपर किसी की नजर नहीं जा रही है। बताया जाता है कि क्षेत्र के दामोदर नदी सहित स्वर्ण रेखा नदी, भेड़ा नदी व अन्य नादी नालों से प्रतिदिन धड़ल्ले से बालू का अवैध खनन और उठाव हो रहा है।

### सरकारी आदेश के बावजूद कई स्कूल भीषण ठंड में भी चला रहे हैं कक्षाएं

**रामगढ़।** शीतलहर को देखते हुए राज्य के सभी स्कूलों में केजी से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों की स्कूलें 13 जनवरी तक सरकार ने बंद कर दी थी। जिले के कुछेक निजी स्कूलों के मनमानी और विभाग की अनदेखी के कारण कक्षा 8 तक के बच्चों के लिए भी स्कूल खुले हुए हैं, जिस कारण छोटे-छोटे बच्चों को कड़कड़ाती ठंड में भी स्कूल जाना पड़ रहा है। स्कूल इस बात को भी अनदेखा कर रहे हैं कि ऐसी ठंड में स्कूल चालू रखने से छोटे बच्चें काफी बीमार पड़ सकते हैं। इससे उनकी जान पर भी बात आ सकती है। बुधवार को गोला में घटी घटना में मरे बच्चों की जान भले ठंड से नहीं गई। जान जाने की वजह स्कूल बंद रखने के आदेश की अवहेलना रही। अगर स्कूल खुला नहीं होता तो नन्हें मासूम टेंपो में बैठकर स्कूल नहीं जाते और इस घटना का परिणाम शायद कुछ और होता।

### गुरुद्वारा प्रधान के घर से लाखों रुपए के जेवरात व नकदी की चोरी

**कुजू।** कुजू स्थित कुंदरिया बांध डटमां मोड़ में रहने वाले गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुजू के प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा के घर से चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात व नकदी चुरा लिया। घटना पिछले रात की है। कुजू के गुरुद्वारा के प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा पूरे परिवार समेत श्री गुरूगोविंद सिंह महाराज के प्रकशोत्सव पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल होने गए थे। इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने मुख्यद्वार को फांदकर अंदर ग्रिल में लगे ताला को काटकर घर के अंदर घुसे। चोरों ने घर के अंदर घुसकर कमरे में रखे कई अलमीरा को तोड़ते हुए नगद 30 हजार रुपए व 5 लाख रुपए मूल्य के जेवरात चुरा कर भाग निकले। इस दौरान चोरों ने पूरे घर के सामानों को बिखेर दिया। जब शोभायात्रा समाप्ति के बाद बग्गा परिवार घर लौटा तो ग्रिल का ताला टूटा हुआ पाया।

भाजपा ने मंडल स्तरीय शिविर का किया आयोजन

# कई लोगों को बनाया गया पार्टी का सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को रामगढ़ कैंट मंडल में मंडल स्तरीय शिविर लगाकर कई लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रामगढ़ के हृदय स्थल सुभाष चौक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 मंडल स्तरीय शिविर लगाकर जनता के बीच भाजपा का सदस्य बनाया गया। 8800 20 24 में मिस कॉल कराया गया साथ ही स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी और टिकट उमराव सिंह के शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान रामगढ़ कैंट मंडल के प्रवासी पदाधिकारी राकेश प्रसाद ज की उपस्थिति में सैकड़ों सदस्य बनाये गए। भाजपा का सदस्य बनते ही लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रणंजय कुमार कुंदू बाबू, रंजन सिंह फौजी, राजू चतुर्वेदी ,विजय जायसवाल, अनमोल सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, रॉबिन गुप्ता, दीपक कुमार राम, भोला कुमार राणा,छोटू कुमार राणा,संतोष कुमार आदि उपस्थित थे ।

पूर्व मुख्यमंत्री को शॉल ओढ़ाकर शेफाली ने किया स्वागत, कहा

# सक्रिय राजनीतिक में आने से नई बुलंदियों को छुएगा झारखंड

*रघुवार दास के मार्गदर्शन में भाजपा परिवार झारखंड में नया आयाम स्थापित करेगा और आगे बढ़ेगा*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के रांची धूर्वा स्थित आवास पर दिन गुरूवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शिष्टाचार मुलाकात की। भाजपा के सक्रिय राजनीतिक में वापसी करने पर शॉल ओढाकर सहृदय स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को उनके बीच रखी एवं संगठनात्मक गतिविधियों में उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सक्रिय राजनीतिक में आने से नई बुलंदियों को छुएगा झारखंड और संगठनात्मक मजबूती स्थापित होने की मंगल कामना की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आवास पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने केंद्रीय बाल एवं महिला विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी से शिष्टाचार मुलाकात की। संगठात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की एवं संगठनात्मक कार्यों पर भी बातचीत की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को शॉल ओढ़ाकर सहृदय स्वागत एवं अभिनंदन कर कहा, कि झारखंड के सक्रिय राजनीति में आने से भाजपा परिवार में खुशी की लहर है। आपके वापसी से हमें बेहद खुशी है। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में भाजपा परिवार झारखंड में नया आयाम स्थापित करेगा और मजबूती के साथ विपक्ष की भुमिका सक्रियता से निर्वहन करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### अखिल घाटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**हजारीबाग।** दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में गुरुवार को तीन दिवसीय अखिल घाटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुवार को किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक अंजनी कुमार दुबे और विशिष्ट अतिथि निदेशक संजय कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में दामोदर घाटी निगम की विभिन्न परियोजनाओं की आठ टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता टीम वर्ग और व्यक्तिगत वर्ग दोनों वर्ग में आयोजित की जा रही है। झारखंड से मैथन बांध, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा थर्मल, कोडरमा थर्मल और हजारीबाग परियोजना एवं बंगाल से डीवीसी मुख्यालय कोलकाता, मेजिया ताप विद्युत केंद्र और दुगार्पुर ताप विद्युत केंद्र की टीमें भाग ले रही हैं।प्रतियोगिता के निर्णायक भैया मुरारी सिन्हा हैं। जिनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है।

### विश्वविद्यालय के गणित विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़।** विगत बुधवार को गणित विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातकोत्तर प्रथम सत्र तथा स्नातक प्रथम सत्र के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को तीन ग्रुप विभाजित किया गया था। ग्रुप ए में 12 छात्र ग्रूप बी में 12 छात्र तथा ग्रूप सी में 13 छात्र सम्मिलित थे। सभी छात्रों ने प्रतियोगिता में बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया और रंगोली प्रदर्शन शानदार रहा। जजों के पैनल में डॉ बेंजामिन, डॉ धीरज, डॉ पूजा, डॉ सौगात, डॉ प्रणव, बुद्धदेव, प्रियंका तथा कृतिका ने निर्णय दिए। ग्रूप सी को प्रथम स्थान, ग्रूप ए को द्वितीय स्थान तथा ग्रूप बी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में गणित विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुमार पांडेय, डॉ चन्दन कुमार तथा जतरू महतो का योगदान सराहनीय रहा। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा बच्चों को आशीर्वाद दिया। विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ)रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार तथा प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने बच्चों की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विधायक जयराम महतो के निर्देश पर बरकट्ठा में लगा जनता दरबार



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ब्लॉक परिसर में डुमरी विधायक जयराम महतो के निर्देश पर जेलकेम नेता महेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में जनता दरबार लगाया गया, जिसमें लोग विभिन्न समस्याओं को लेकर आए। वहीं अधिकांश समस्या का समाधान करने का प्रयास किया गया। इस दौरान अधिकतर महिला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे हैं मईया सम्मान योजना का पदार्फाश करते हुए कहा कि सभी दीदी के मोबाइल में मैसेज तो आया है पर पैसा नहीं आया है। हम लोगों को ठगने का काम किया है। वहीं महेंद्र प्रसाद ने कहा सरकार फोन पर संदेश तो भेज रही है परंतु पैसा नहीं।उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस पर जांच कर सुधार किया जाय नहीं तो प्रखंड कार्यालय के समक्ष व्यापक आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुए।

उपायुक्त ने किया जिला जल व स्वच्छता समिति की बैठक

# 20 जनवरी से पूर्व जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

*13 जनवरी को सभी प्रखंडों में टीम का प्रशिक्षण करते हुए सत्यापन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाए*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह द्वारा स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के वर्तमान स्थिति के बारे में बताया गया। समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 326 गांव के विरुद्ध 115 गांव मॉडल के रूप में घोषित हो चुके हैं जिसके सत्यापन के लिए टीम का गठन किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि 13 जनवरी को सभी प्रखंडों में टीम का प्रशिक्षण करते हुए सत्यापन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाए साथ ही 20 जनवरी से पूर्व सभी गांव का जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 244 गांव में तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित व्यवस्था है इस संबंध में उपायुक्त के द्वारा निर्देशित किया गया कि शेष 74 गांव का सर्वे करते हुए प्रतिवेदन 11 जनवरी के शाम तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय टीम ट्रायल के लिए सोनू ने बनाई जगह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दिल्ली में आयोजित कर्णी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद में 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय निशानेबाज खिलाड़ी सोनू प्रताप सिंह ने भारतीय टीम ट्रायल के लिए अपनी जगह बनाई। रामगढ़ नेहरू रोड स्थित फिनिक्स शूटिंग अकादमी के कोच व सचिव विवेक पंकज ने बताया कि 13 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक चले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सोनू प्रताप सिंह ने 50 मीटर फ्री पिस्टल मेंस (आई एस एस एफ) नेशनल चैंपियनशिप इंडिविजुअल में 600 में 503 अंक लाकर क्वालीफाई किया और 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस (आई एस एस एफ) इंडिविजुअल नेशनल चैंपियनशिप में 600 में 567 अंक लाकर टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया है। इसमें झारखण्ड के कई निशानेबाज ने भी अपनी दावेदारी पेश की। इस उपलब्धि में जिला रामगढ़ के खेल पदाधिकारी मारकश हेम्ब्रम, जिला रामगढ़ राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अपूर्व सिंह मानकी, सचिव विवेक पंकज, कृति मोदी, अरीण सैनी, मोहित कुमार, विनय कुमार, अंकुश खेस, राजेश कुमार महतो, बसंत हेतमसरिया और भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ जिला मिडिया प्रभारी राजीव रंजन पामदत्त ने सोनू को बधाई दी है ।

# नवनियुक्त डीआईजी से मिला जदयू प्रतिनिधि मंडल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जनता दल यूनाइटेड का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता के नेतृत्व में उत्तरी छोटानागपुर के मुख्यालय हजारीबाग में नवनियुक्त डीआईजी संजीव कुमार से मुलाकात कर संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने जिले की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने और जिले में कम उम्र के बच्चों द्वारा नशाखोरी पर ड्रग्स के कारोबारीयों पर शिकंजा कसने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा,पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र मोहन पटेल,प्रवक्ता राकेश ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार उर्फ भीम मेहता एवं युवा नेता राजू कुमार मेहता मौजूद थे।

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद एक्शन मोड में

# अस्पताल में अव्यवस्थाओं पर लिया संज्ञान, तुरंत की कार्रवाई

*अस्पताल में पिछले दो-तीन दिनों से केवल ऑनलाइन पर्ची काटने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद गुरुवार सुबह करीब 8:00 बजे शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। आम जनता की शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की। अस्पताल में पिछले दो-तीन दिनों से केवल ऑनलाइन पर्ची काटने की प्रक्रिया चल रही थी, जिसके चलते मरीजों और उनके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। खासतौर पर वे लोग, जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है या जो ऑनलाइन प्रक्रिया से परिचित नहीं हैं, वे इस नई व्यवस्था के कारण अस्पताल में इलाज कराने में असमर्थ हो रहे थे। विधायक ने इसे गहरी चिंता का विषय बताते हुए डीसी,डीडीसी से वार्ता किया वहीं अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि तुरंत ऑफलाइन पर्ची काटने की सुविधा बहाल की जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में खड़ी एम्बुलेंस की खराब स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने पाया कि कई एम्बुलेंस लंबे समय से मरम्मत के अभाव में अनुपयोगी पड़ी हुई हैं। इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिया कि सभी एम्बुलेंस को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए, ताकि मरीजों को समय पर सुविधा मिल सके। विधायक ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया में हो रही अनावश्यक देरी को भी गंभीरता से लिया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को लेकर डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का जरूर करें पालन : उपायुक्त

*सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति करेगा जागरूक*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन कराने हेतु लोगों में जागरूकता लाने हेतु चलाए जा रहे अभियान का गुरुवार को छतरमांडू स्थित समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ एवं मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ जिले के सभी क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। वहीं, ज़िले के सभी लोगों से अपील कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का अक्षरशः पालन करें। अगर दोपहिया वाहन चलाते हैं तो हेलमेट जरूर पहने एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। वाहन चलाते समय नशा न करें, रैश ड्राइविंग न करें। उन्होंने ऑटो डीलर्स से कहा कि वाहन विक्रेता के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, वाहन देते समय जरूर आश्वस्त हो लें कि सभी कागजात पूर्ण हो, ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य रूप से हो। किशोर वर्ग के युवाओं के द्वारा फरार्टे से दोपहिया वाहन चलाए जाते हैं जो नियम के विरुद्ध है एवं काफी खतरनाक है। वाहन एजेंसी वाले वाहन के साथ या तो बिल में या फिर अलग से एक पंपलेट दें जिसमें जागरूकता संदेश हो। इसके अलावा उन्होंने अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट प्रयोग करने की अपील की।

सीआरसी कन्या मध्य विद्यालय में संकुल स्तरीय बैठक संपन्न

# प्राचार्य ने विभिन्न एजेंडों पर चर्चा कर दी जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** कन्या मध्य विद्यालय बरकट्ठा में बुधवार को संकुल स्तरीय बैठक संपन्न हुई. अध्यक्षता सीआरसी संचालक प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी ने किया तथा संचालन सीआरपी रामकृष्ण पांडेय ने किया. प्रधानाध्यापक ने कई एजेंडो पर चर्चा की। बैठक में रूम टू रीड के समन्वयक मनीष कुमार लाल ने मुख्य रूप से फ्लिप कार्ड, ट्रैकर, वर्ण मात्रा कार्ड, शिशु पंजी, पीटीएम, आपार आईडी तथा एसए वन से संबंधित जानकारी शिक्षकों को दी गई. रामकृष्ण पांडेय ने संकुल के बेहतर प्रदर्शन के लिए संबंधित जानकारी को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रतिभागियों को अवगत कराया. ताकि विभागीय आदेशों का संकुल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन हो सकें ।इस अवसर पर शिक्षक सुखदेव हांसदा, घनश्याम सिंह, शिबराम मांझी, रामकृष्ण प्रसाद, तुलसी प्रजापति, सुखदेव प्रसाद साव, सुधीर कुमार, संजय मेहता, मधु लाल यादव, कविता देवी, राजू साव समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

डीडीसी ने की सीएसआर समिति की बैठक

# कंपनियों को प्रगति कार्यों की सूची उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

*3 सोलर पैनल और डीपबोरिंग करने का लोकेशन फाइनल कर ली गई है, कुछ दिनों में काम शुरू कर दी जाएगी*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर गुरुवार को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में उपायुक्त सभाकक्ष में सीएसआर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद और डीपीओ पंकज तिवारी ने संयुक्त रूप से सीएसआर मद से क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित कम्पनियों को उनके द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति तथा उनके द्वारा किए जा रहें कार्यों की सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। बैठक में सीसीएल, अडानी इंटरप्राइजेज, एनटीपीसी, एनएमडीसी, जेडब्लूएस, ओएनजीसी, प्रभा एनर्जी के पदाधिकारियों ने डीडीसी को जनहित में अपने स्तर से किये जा रहे विकास कार्यों से अवगत कराया। उनके द्वारा बच्चों को सोलर लाइट सिस्टम, आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट, आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन, डीप बोरिंग व कई सीएसआर एक्टिविटी कराई जा रही है। बैठक में डीडीसी ने सीसीएल कंपनी के पदाधिकारी को 14 माइल के पास हाई मास्क लाइट यथाशीघ्र लगवाने के निर्देश दिया। बैठक में अरगड़ा कंपनी के पदाधिकारी ने डीडीसी को बताया कि 3 सोलर पैनल और डीपबोरिंग करने का लोकेशन फाइनल कर ली गई है, कुछ दिनों में काम शुरू कर दी जाएगी। बाउंड्री वॉल और शौचालय का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया की सिलाई मशीन का टेंडर हो गया है, कुछ दिनों में महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण कर दिया जाएगा। बैठक में डीडीसी को बताया गया कि पोटंग पंचायत में पीसीसी पथ का टेंडर हो गया है, कुछ दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दी जाएगी। डीडीसी ने उनके द्वारा क्रियान्वित कार्यो का जियो टैग करते हुए फोटो उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया।

# मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस को लेकर कुरडेग थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** थाना परिषर में गुरुवार को मकर संक्रांति एवं गणतंत्र दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ नैमन कुजूर की अध्यक्षता में की गई । बैठक में अगामी पर्व मकर सकांति एवं गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया । शांति समिति के सदस्यो ने बताया कि मकर संक्राति के अवसर पर किसी भी तरह का विशेष आयोजन नही होता है । बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यो को संबोधित करते हुए वी डी ओ ने कहा कि कुरडेग में सभी धर्मो के लोग एक दूसरे का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में प्रेम और सम्मान पूर्वक मनाते आ रहें हैं यही हमारी परंपरा रही है यहाँ किसी भी पर्व त्योहार में आज तक कोई समस्या नही हुई है सभी लोग सभी पर्व त्योहार को आपस में मिलजुल कर मनाते हैं यह बड़े गर्व की बात है । थाना प्रभारी नवीन कुमार ने कहा कि पुलिस - पब्लिक में समन्वय स्थापित कर क्षेत्र को भयमुक्त और नशामुक्त समाज बनाना है जिसमें आपका सहयोग जरूरी है वहीं उन्होंने कहा कि आगामी पर्व त्योहार में किसी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने शांति समिति के सदस्यो से कहा कि आप सब समझदार तथा जिम्मेदार लोगों का दायित्व बनता है कि ऐसे लोगों की जानकारी पुलिस को दें जो त्योहार के दौरान बाधा डालने की मंशा रखते हो , जिस पर समय रहते पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके । बैठक में मुख्य रूप से अंचल पुलिस निरीक्षक श्री हनुमान शरण सिंहा, एसआइ धनंजय कुमार , एस आइ सुधीर कुमार , एएस आई शंकर सिंह , एएस आइ राकेश कुमार , खिण्डा मुखिया जगेश्वर प्रधान , कृष्ण कांत सिंह , वार्ड सदस्य अयुब अंसारी , ग्राम प्रधान मो०ह्युम , सीताराम गुप्ता , देवनीस खलखो , सफार अली के अलावे शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।




# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा झालसा के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गांवों में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को भी प्रधान जिला जज सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार तथा सचिव डालसा के मार्गदर्शन में विभिन्न गांवों में आयोजित जागरूकता अभियान के तहत अधिकार मित्रों के द्वारा प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया। केरसई प्रखंड के केरसई पंचायत,कुरडेग के बेतमा,ठेठईटांगर प्रखंड के कोनमेंजरा,कोलेबिरा के बाजारटोली,बोलबा प्रखंड के खंडानिशान सहित विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयोजित शिविर में पारा विधिक स्वयं सेवकों के द्वारा ग्रामीणों को मोटर वाहन दुर्घटना के पीड़ित मुआवजा और लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गई और यह भी बताया कि लोग अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त कर सकते हैं। यदि कोई कानूनी परेशानी आती है तो उन्हें मुफ्त विधिक सहायता मिल सकती है। यह भी समझाया कि अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकते हैं। बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण होने से बचाना चाहिए। सभी लोगों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी रास्ता अपनाना चाहिए। स्थानीय लोगों को कानूनी प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शिक्षा का अधिकार,डायन बिसाही प्रतिषेध अधिनियम,मानव तस्करी रोकथाम,बाल श्रम रोकथाम नशा उन्मूलन आदि के विषय में भी लोगों को जागरूक किया गया।

# बानो में हाथी पीड़ित लोगों के बीच हुआ मुआवजा राशि का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** वन विभाग बानो की ओर से जलडेगा प्रखण्ड के ढेलसेरा जानुम टोली निवासी हाथी पीड़ित परिवार अल्बर्ट मुंडा जिला परिषद बिरजो कंडुलना के हाथों मुआवजा राशि का चेक प्रदान किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 31दिसम्बर 2023 को जंगली हाथियों के चपेट में आने के कारण बिरसेन जोजो की मौत हो गई थी।मालूम हो कि पास के गाँव से घर वापस आ रहा था तभी जंगली हाथियों के चपेट में आने से जंगली हाथी ने वीरेसन जोजो को पटक कर मार डाला था।घटना के तत्काल 10 हजार सहायता राशि वन विभाग की ओर से दी गई थी। इधर गुरुवार को मुवावजा की शेष राशि का चेक दी गई। जिला परिषद बिरज़ो कंडुलना ने पीड़ित हैं से कहा सरकार दी गई मुवावजा राशि का सही जगह उपयोग करें। इस पैसों से घर की स्थिति में सुधार आ सकती है। आज प्रखण्ड का मुख्य समस्या जंगली हाथी हो गई है।ग्रामीणों को कहें कि जंगली हाथी को न छेड़े। गाँव आने पर सामुहिक रूप से मशाल आदि की व्यवस्था कर ही खदेने जाएं। मौके पर बानो रेजर अभय कुमार,ग्लैडसन टेटे,सुरेश टेटे ,दीपनारायण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दो आरोपियों को मिला 14 वर्ष का कारावास

**सिमडेगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने गुरुवार को नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को 14 साल की सजा एवं 25000 रुपए की जुर्माना की सजा सुनाई है। इस संबंध में एचटीयू थाना में मामला दर्ज है । पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया, जिसके फलस्वरूप माननीय न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय के द्वारा एएचटीयू थाना काण्ड संख्या- 06/21, दिनांक- 20.04.21 धारा- 363/370(5)/34 भा0द0वि0 के आरोपी 1. अर्जुन नायक को 14 वर्ष का कारावास और पच्चीस हजार (25,000) रू0 और 2. तुफान नायक को 14 वर्ष का कारावास और चालिस हजार (40,000) रू0 जुर्माना से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक अमर कुमार चौधरी के द्वारा पैरवी की गयी।

# बानो थाना में शांति समिति की बैठक,आगामी पर्व को लेकर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य बानो बिरजो कंडुलना ने किया। बैठक में आगामी मकर संक्रांति और गणतंत्र दिवस शांतिपूर्ण ढंग से और सौहार्द पुर्वक वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया तथा निदान करने पर चर्चा किया। ग्रामीणों ने सड़क किनारे दुकान का सामान निकालने के कारण होने वाले परेशानी के बारे में बताया तथा इस पर सुधार करने का आग्रह किया। हड़िया-दारू पर नकेल कसने का आग्रह किया गया।इस पर प्रशासन को सूचना देने पर कार्रवाई करने की बात कही गई।बानो सर्किल इंस्पेक्टर रामानुज कुमार वर्मा,जिला परिषद सदस्य बानो बिरजो कंडुलना, अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद,थाना प्रभारी विकास कुमार,एस आई अजित कुमार सिंह,एएसआई सत्यानारायण सिंह,एएसआई धनवीर साहू, एएसआई अशोक कुमार राम,मुंशी बिनय तिर्की,सीआई विल्सन,झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन,मुखिया बानो विश्वनाथ बड़ाइक,कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी,उकौली मुखिया कृपा हेमरोम,मुखिया सोय सोमवारी कैथवार,भाजपा बानो मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह,रौतिया समाज प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह,मंडल महामंत्री भाजपा बानो फ़िरू बड़ाइक,बिशंबर सिंह,गंगा सिंह,मोहम्मद अशरफ,दीपक साहू,मोहम्मद आफताब अंसारी,मोहम्मद आशिक अंसारी,कुलपति सिंह, भाजपा महिला प्रखंड अध्यक्ष रेणु देवी उपस्थित थे।

**विधायक ने किया प्रखंडस्तरीय प्रशासनिक समीक्षा बैठक, मौजूद रहे अधिकारी व कर्मी**

# लापरवाही, भ्रष्टाचार और घूसखोरी पर लगाएं विराम : विधायक मनोज कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** प्रखंड में स्वच्छ, पारदर्शी व सुचारू शासन व प्रशासन को लेकर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमे बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी आदि सहित कई अधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए. बैठक की शुरूआत विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया, जिनका स्वागत बीडीओ व सीओ ने पुष्पगुच्छ देकर किया. स्वागत कार्यक्रम के बाद उपस्थित विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों से विधायक ने बारी बारी से जानकारी लिया. इस दौरान बिजली विभाग और पेय जल व स्वच्छता विभाग के जेई तथा करसो पंचायत सचिव को उनके लापरवाही व प्राप्त जनशिकायत के खिलाफ डांट लगाते हुए सुधार लाने का निर्देश दिया. इसके साथ ही उन्होंने पीडीएस वितरण में अवैध वसूली, अनिश्चित राशन वितरण आदि में लगन लगाने की बात कही. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने, जनता के कार्य को सुगम बनाने और अकारण परेशान नही करने के निर्देश दिए. मनरेगा बीपीओ को योजनाओं का स्थल निरीक्षण व वेंडर से अवैध वसूली पर रोक लगाने का निर्देश दिया. अंत में उन्होंने सबों को सप्ताह दिन के अंदर प्रखंड कार्यालय में बैठने का निर्देश दिया. जिसका उपस्थित अधिकारियों व कर्मियो ने निर्देशिक्त कार्यो को हर संभव पूरा करने की बात कही. बैठक में जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीती गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी , केदारुत मुखिया सरिता देवी, बसरिया उर्फ पंचमाधव मुखिया नीलम देवी, गौरिया करमा मुखिया कुमारी मीरा, रानीचुआ मुखिया मूर्ति देवी आदि सहित प्रखंड व अंचलाकर्मी आदि मौजूद थे।

## श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट का बाबा का विशेष जागरण का आयोजन

**रामगठबंधन।** नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा बाबा का विशेष जागरण का आयोजन किया गया। गणेश पूजा के उपरांत बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई एवं बाबा के दरबार में पांच देवों के वंदन के पश्चात बाबा के होने वाले प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जो की 3 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित किया गया है इस हेतु एक विशेष गीत बाबा की सेवा में समर्पित कर लोकार्पण किया गया जिसका शीर्षक है बाबा की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, सहसचिव विकास अग्रवाल, भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुरेश बगड़िया, पंकज मोगरा, संकर अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, राजेश पटवारी, सहित शहर के गणमान्य बंधु उपस्थित थे।

# बीएसपीएस के 8वें राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए बरही जेजेए के सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** गुरुवार से हावड़ा (कोलकाता) स्थित नोक्सा रेसीडेंसी में भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय संगठन भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ का तीन दिवसैया 8वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ. इस सामेलन में बरही अनुमंडल से बीएसपीस के झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन बरही इकाई का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लिया. प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम ने किया. जिसमे पदमा प्रखंड के संजय यादव, बरगी के रहदेव गुप्ता, सुरेंद्र निषाद, अमित कुमार सोनी और अजय कुमार शामिल थे. सम्मेलन की शुरूआत राष्ट्रीय अध्योष आशोका पांडेय व राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन आदि अधिकारियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. सम्मेलन में भारत के 22 राज्य से लगभग सवा दो सौ पत्रकार शामिल हुए. सम्मेलन के पहले दिन पत्रकारिता के गिरते स्तर, सुधार और उसके विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई. सम्मलेन में उपस्थित पत्रकारों को चाटुकारिता और प्रतिद्वंदिता से बचने और तथ्यपूर्ण खबर संकलन पर जोर दिया गया। सम्मलेन के दूसरे दिन दीघा पर्यटन और अन्य जरूरी विषयो पर चचाएं होगी. कार्यक्रम का आयोजन पश्चिम बंगाल यूनिट ने किया. प्रदेश सचिव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पत्रकारों ऊर्जा और उचित मार्ग मिलते हैं. जो पत्रकारों के लिए अनिवार्य है।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया गैनमेर पंचायत का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी चारु प्रसाद गेनमेर पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में मूल भूत सुविधा का अभाव पाया गया। जिससे तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया।साथ ही क्षैत्र भ्रमण कर योजना का भोतिक निरीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया। मौके पर गेनमेर मुखिया अनिता डांग ,रोजगार सेवक किशोर टोप्पो व ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के साथ छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

सिमडेगा:सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग के द्वारा लगातार जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को स्कूल के छात्रों के द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से छात्रों ने लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर डीटीओ संजय कुमार बाखला, वरीय लिपिक रामनिवास मिश्रा, रोड सेफ्टी मैनेजर अजीत कुमार, नितेश कुमार, शिक्षक सत्यजीत प्रसाद सहित कई लोग शामिल थे।



# पशुपालन की ओर से 12 लाभुकों के बीच बकरा व बकरी हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** प्रखंड पशुपालन विभाग परिसर में गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन पदाधिकारी राखी टोप्पो,कृषि पदाधिकारी श्यामकिशोर प्रसाद मुखिया जगेश्वर प्रधान ,वार्ड सदस्य आयुब अंसारी के द्वारा 12 लाभुकों के बीच बकरा बकरी का वितरण किया गया।योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को पांच (4बकरी व 1 बकरा) बकरा बकरी दिया गया। 8 लाभुक को 90% एवं 4 लाभुक को 75% अनुदान पर दिया गया।मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा लाभुकों को स्वरोजगार के लिए बकरा बकरी दी जा रही है।इससे लाभुक अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे और आत्मनिर्भर बन सकेंगे। बकरी पालन ग्रामीणों का ए टी एम है इसे अच्छी तरह देख भाल करें ।वहीं पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने पशुओं की सही देखभाल करने ,बीमारी होने पर सही उपचार करने एवं दवा देने की जानकारी दी।मौके पर डॉ पीके बारीक,जोनसन बुढ़,अनुज कुमार आदि उपस्थित थे।

# बानो बीडीओ ने बानो स्टेशन में वृद्ध लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नैमुदीन अंसारी ने बानो रेलवे स्टेशन में जरूरत मंद लोगों के बीच कम्बल का वितरण किये ।बानो स्टेशन के समीप स्थित टोंगरी मेबने झोपड़ी में रह रहे दिबयाँग राजेंद्र के झोपड़ी में जाकर कम्बल दिये। मालूम हो कि बानो प्रखण्ड के विभिन्न स्टेशनों में रुकने वाली हटिया राउरकेला पैसेंजर ट्रेन 7-8 बजे रात को बानो पहुँचती है।ऐसे में बृद्ध लोगों के बीच हुई कम्बल वितरण से ठंड से लोगो को राहत मिली।

### गुरहा गांव में चोरों ने पांच घरों में चोरी की घटना को दिया अंजाम

# चोरों की धर-पकड़ के लिए पुलिस कर रही छापेमारी



### पुलिस चोरों की गिरफ्तारी में जुटी

गुरहा गांव में हुई चोरी की घटना के बाद भरकट्टा ओपी पुलिस सक्रिय हो गई है। चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। ओपी प्रभारी प्रकाश रंजन ने बताया कि चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है और चोरों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह**

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के गुरहा गांव में मंगलवार की रात चोरों ने एक साथ पांच घरों में चोरी कर लगभग 10-12 लाख रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने रात 10 से 12 बजे के बीच पांच घरों का ताला तोड़कर इस घटना को अंजाम दिया। भागीरथ विश्वकर्मा उनके बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने अलमीरा से 4 लाख के जेवर, 50 हजार नगद, और अन्य कीमती सामान समेत कुल 6 लाख की संपत्ति चुरा ली। केदार विश्वकर्मा उनके घर से कांसा और पीतल के बर्तन, जिनकी अनुमानित कीमत 70-80 हजार रुपए है, चोरी कर ली गई। नारायण विश्वकर्मा (शिक्षक): उनके घर के प्रथम तले का ताला तोड़कर चोरों ने 2 लाख के जेवर और 30 हजार के बर्तनों की चोरी की।

हरिहर यादव : उनके घर से 50 हजार के दो सेट कांसा और पीतल के बर्तन चोरी हुए।

सहदेव महतोः दिल्ली में रहने वाले सहदेव महतो के बंद घर का ताला तोड़कर चोरों ने बक्सा तोड़कर उसमें रखे चांदी के जेवर और कांसा-पीतल के बर्तन, जिनकी कीमत 70-80 हजार रुपए आंकी गई है, चुरा लिए।चोरों ने सुनियोजित तरीके से इस वारदात को अंजाम दिया, जिससे गांव में भय और दहशत का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने सड़क पर बह रहे पानी को रोकने की मांग की

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा के ग्रामीणों ने सड़क पर गंदे पानी के बहाव को ले बीडीओ व सीओ को आवेदन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि माल्डा बाजार निम चौक से लेकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों में नाली तथा शौचालय का गंदा पानी खुलेआम सड़क पर बहाया जा रहा है। उक्त पानी के बहाव से एक और जहां व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। वहीं आवाजाही में लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बह रहे नाली के सडांध गन्ध से आसपास के लोग काफी परेशान है। इसके पूर्व भी ग्रामीणों के द्वारा आवेदन देते हुए प्रर्दशन भी किया गया था। बावजूद स्थिति जस की तस है। ग्रामीणों ने कहा कि पानी बहाने वालों पर यदि कार्रवाई नही की गई। तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। आवेदन में सोनू कुमार सोनी, मो गुलाल, मो सिराज, सुरेंद्र दास, मुख्तार आलम, पंकज कुमार, मो इदरीश अंसारी, भगवान दास, मो हनीफ, विकास कुमार भारती समेत दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

# बंडासिंघा में अंडरपास बनाने का कार्य शीघ्र होगा प्रारंभ : अमित कुमार यादव



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड के बंडासिंघा-इचाक पीडब्लूडी चौक के पास पब्लिक अंडरपास का शीघ्र निर्माण होगा। इस बाबत केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित कुमार यादव ने एनएचएआई के आरएम वाय अवतकर के साथ वार्ता की। वहीं बरकट्ठा केसरहिन्द भूमि पर बने स्ट्रक्चर का पुनर्मूल्यांकन समेत चोरदहा से लेकर गोरहर तक सिक्सलेन चौड़ीकरण में संवेदक द्वारा बरती जा रही कोताही के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एनएचएआई के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तीन माह में संवेदक अपनी निर्माण गति को तेज करेगा। वहीं टीम बनाकर बरकट्ठा में केसरहिन्द भूमि पर बने संरचना व हनुमान मंदिर का पुनर्मूल्यांकन करेगा ।इस आशय की जानकारी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने दी। उन्होंने कहा बरकट्ठा में किसी के साथ अन्याय नही होने दिया जाएगा।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय बैठक आयोजित, योजनाओं पर हुई चर्चा



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, में संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन हुआ। संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक ब्रजेश कुमार सिंह, प्रवासी कार्यकर्ता, विद्या विकास समिति,झारखंड सह प्राचार्य,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, हजारीबाग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक में प्रांतीय विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा हुई' शैक्षिक एवं सह शैक्षिक पक्ष,आगामी योजना एवं क्रियान्वयन पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में संकुल के विद्यालयों के प्राचार्यगण मनोज कुमार सिंह, संजीव कुमार झा, राजकुमार नाग, उमाशंकर पांडे,मदन आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण



**दारू।** दारू प्रखंड के अंतर्गत जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी ने जिनगा पंचायत भवन में जरूरतमंद वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंद, असहाय, गरीब लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर जिनगा पंचायत के मुखिया अनिता देवी ने कही कि बढ़ती कनकनी और शीतलहरी को देखते हुए पंचायत क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। जरूरत पड़ने पर आगे भी जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर उपस्थित जिनगा पंचायत भवन में जरूरतमंद वृद्ध लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, पंचायत सचिव शिखा कुमारी एवं सभी वार्ड सदस्य संदीप कुमार, सुरेश साव सुधीर सिंह,विजय राम,बबीता देवी,आशा देवी, चिंता देवी, सरिता देवी, नीरू देवी एवं संजू देवी के द्वारा कंबल वितरण किया गया।

### महाराज सुयश सागर जी से लिया आशीर्वाद

## महाराज श्री के आशीर्वाद और वाणी ने हमारे जीवन को नई दिशा दी : चंद्र प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अपने संपूर्ण परिवार के साथ जशपुर छत्तीसगढ़ में महाराज सुयश सागर जी के अवतरण दिवस पर उनके चरणों में आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर महाराज श्री ने सर्वप्रथम सबसे पहले कैसे हो चंद्रप्रकाश और प्रणीत तुम्हारी तबीयत कैसी है कहा। इस अवसर पर उन्होंने महाराज श्री के दिव्य उपदेशों को आत्मसात किया और समाज में उनके द्वारा दिए गए , आध्यात्मिक मार्गदर्शन को प्रसारित करने का संकल्प लिया। महाराज सुयश सागर जी, जो पिछले चार महीनों से हजारीबाग में रहकर भक्ति की अलौकिक लहरें फैलाते रहे हैं।अपनी शिक्षाओं और वाणी से हजारीबाग वासियों को न केवल आध्यात्मिक रूप से सशक्त किया, बल्कि उनके जीवन में प्रेम, सत्य और आत्मनिर्भरता के महत्व को भी समझाया। उनकी प्रमुख वाणी और उपदेशों ने स्थानीय जनसमुदाय को भक्ति भाव में डुबो दिया । उनके अनुयायी एक नई दिशा में अपनी जिंदगी को संवारने में सक्षम हुए। चंद्र प्रकाश जैन ने बताया कि महाराज श्री का सान्निध्य और उनके आशीर्वाद से ही हम सबका जीवन बदलने की दिशा में अग्रसर हो सका है। उनका मार्गदर्शन जीवन की हर कठिनाई को पार करने में सहायक सिद्ध हुआ है। इस तरह के आध्यात्मिक आयोजनों और मार्गदर्शन के द्वारा महाराज श्री ने समाज को एक नया दृष्टिकोण दिया, जो जीवन को उच्चतम नैतिकता और सच्चाई के साथ जीने की प्रेरणा देता है।

### बाजार में अतिक्रमण को लेकर सीओ से मिले जिप सदस्य



**गावां गिरिडीह।** गावां भाग दो के जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी ने सीओ से मिलकर गावां, माल्डा समेत विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बाजार व अन्य स्थानों पर मुख्य पथ पर अतिक्रमण हो जाने से अक्सर सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे लोगो को काफी परेशानी की सामना करना पड़ता है। कहा कि गावां हाट के जमीन में भी अतिक्रमण रहने के कारण मुख्य सड़क पर हाट लगाया जाता है। इसके अलावा यात्री वाहन मुख्य पथ पर खड़े रहते है। जिससे अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। गावां में वर्षों पूर्व बस स्टैंड का निर्माण करवाया गया था। जो इस समय जर्जर व उपेक्षित अवस्था मे पड़ा है। जबकि बस स्टैंड के नाम पर लगातार टोल टैक्स की वसूली की जा रही है। उन्होंने सावर्जनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए बस स्टैंड को चालू करवाने की मांग की है। सीओ अविनाश रंजन ने कहा कि शीघ्र ही अमिल से स्थलों की मापी कर अतिक्रमण मुक्त करवाया जाएगा।

**AFFIDAVIT**

I, MADHU DEVI, W/O Sri Arun Kumar Singh R/o Lapea Palamu Haidar Nagar, District-Palamu, At-Present Resident-Piska Station Naro, Nagari, Dist-Ranchi, State-Jharkhand, do hereby solemanly affirm and state on oath as follows:- That I am citizen of India by birth and residing above mention above address: That my Actual Name is MADHU DEVI which is mentioned in my Aadhaar Card and my Aadhaar No. 554066338880 and wrongly mentioned admission register of my a son namely Arunav Singh is MADHU SINGH in palace of MADHU DEVI. That I need this declaration that is my son MADHU DEVI in admission register in spelling mistake is MADHU SINGH. That this affidavit for the correction of my name spelling error MADHU SINGH in palace of MADHU DEVI concerning authority. That both MADHU SINGH and MADHU DEVI are the same person. That this affidavit made for paper publication.

Affidavit No - 73/ 03 Jan. 2025

Notary Public, Ranchi.

JAP IT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I,
Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-II**

**Rate Contract for Supply, Installation & Support for Endpoint, IT Equipment's & Services for JAP-IT. (Tender Ref No.: JAP-IT/RC-01/2024)**

With reference to the above tender, please be informed that the tender (JAP-IT/RC-01/2024) has been cancelled due to unavoidable circumstances.
For further details, please visit https://jharkhand tenders.gov.in.
PR Ref No. 341310, 341876 & 342428.

Sd/-
(OSD, JAP-IT)

PR 343934 Information Technology(24-25).D

## किशोर-किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के कलहाबाद स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर कल्हाबाद में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी साथिया के साथ मुखिया कलावती देवी एवं पंसस सुषमा रानी की अध्यक्षता में बैठक की गई। संचालन बीटीटी बसंती देवी ने किया। मौके पर उपस्थित सभी साथिया को लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।मुखिया ने अपने संबोधन में सभी साथिया को किशोरावस्था में होने वाली हिंसा के बारे में बताया। साथ ही किशोरावस्था में नशा का उपयोग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर विस्तार पूर्वक बताया गया। किशोरावस्था में स्वस्थ रहने और लोगों को स्वस्थ रखने को लेकर साथिया को बताया गया। कल्हाबाद हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक शशिभूषण प्रसाद ने स्कूल स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के बारे में सभी बच्चों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉक्टर निशांत बैक ने सभी बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी।

मौके पर डॉ निशांत बैक, बीपीएम रंजीत कुमार सिंह, बीडीएम सत्यनारायण कुमार, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, सीएचओ अनिल मिंज, वसीम अकरम, एएनएम गोरेती तिर्की, डोली देवी आशा देवी समेत आदि साथिया उपस्थित थे।

### गुरुद्वारा के प्रधान पद पर परमदीप सिंह कालरा का रहा कब्जा, दूसरी बार फिर बने प्रधान



**रामगढ़।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्रधान पद पर परमदीप सिंह कालरा का ही कब्जा रहा। वे दूसरी बार फिर प्रधान चुने गए। इस बार भी उन्होंने भारी मतों से अपने प्रतिद्वंद्वी परमिंदर सिंह उर्फ पप्पू जस्सल को पराजित किया है। गुरुवार को समाज के तरफ से कुल 352 वोट डाले गए थे। मतगणना के बाद तीन वोट रद्द किए गए। सर्वाधिक 235 वोट परमदीप सिंह कालरा उर्फ जानू सरदार को मिला। उनके प्रतिद्वंदी परमिंदर सिंह उर्फ पप्पू जस्सल को 114 मतों से ही संतोष करना पड़ा। चुनाव के परिणाम आने के बाद विजयी उम्मीदवार परमिंदर सिंह कालरा उर्फ जानू ने समाज के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से बेहतर करने का अवसर हमें दिया गया है। नए सत्र में बेहतर काम कर मिशाल बनाया जाएगा । काम किया है और बेहतर काम करेंगे। समाज के लिये हर क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से काम को किया जाएगा। इस दौरान जानू ने संगतों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेवारी को ईमानदारी व कर्तव्य के साथ समाजहित में निर्वहन करेंगे।

### जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने दुकानों में किया औचक निरीक्षण

**बरही ।** प्रखंड के विभिन्न दुकान में जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी प्रक्षा चंद्र गुग्गी ने अपनी पूरी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया. इस दौरान दुकान की साफ सफाई, खाद्य सामग्रियों के निर्माण और एक्सपायरी की अवधि सहित उसके रख रखाव आदि की जानकारी लिया. साथ ही कई दुकानों से बतौर सैंपल खाद्य पदार्थों का संग्रहण कर जांच के लिए मुख्यालय भी भेजा. श्री गुग्गी ने कहा कि लोगो को सुरक्षित खाद्य सामग्री मिले इसके लिए उनकी टीम लगातार प्रयास कर रही है. उन्होंने दुकानदारों को भी सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य सामग्री बेचने का निर्देश देते हुए फूड लाइसेंस बनाने की बात कही. मौके पर कई खाद्य सामग्री बिक्रेताओ के पास फूड लाइसेंस नहीं पाए गए. निरीक्षण टीम में विकास कुमार इत्यादि भी शामिल थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.**
**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No. - 03 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2024-25**

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimate of Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works/Repair Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 11.01.2025 at 10:30 hrs. to 19.01.2025 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 20.01.2024 at 10: 30 Hours.
The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Division Hazaribag
Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

Executive Engineer
DW&S, Mechanical Division
Hazaribag

PR 343932 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

### सलेडीह में ग्यारह हजार वोल्ट की तार दे रहा मौत का दावत, ग्रामीणों में आक्रोश

**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के सलेडीह गांव में 11,000 वोल्ट के ज्वाइंटर के टूटने की समस्या गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह ज्वाइंटर खेत में टूटने के कगार पर है, जिससे स्थानीय लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बिजली विभाग को कई बार सूचित किया, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की इस लापरवाही के कारण किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। क्या कहते ग्रामीणों : सलेडीह गांव के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव ने कहा कि ज्वाइंटर की स्थिति बेहद खतरनाक है और इससे ग्रामीणों की जान को बड़ा खतरा हो सकता है। उन्होंने बताया, ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग को इस समस्या के बारे में सूचित किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। विभाग की यह लापरवाही बेहद चिंताजनक है।

### मनरेगा योजना में गड़बड़ी, ऑनलाइन बनी हाजरी, स्थल से मजदूर गायब

# करीब तीन लाख रुपए की हो चुकी है निकासी

### मनरेगा लोकपाल व बीडीओ ने जांच करने की कही बात ◆ निर्माणाधीन तालाब का है मामला

**रोहित भारती, गिरिडीह**



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानि मनरेगा योजना का मुख्य उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को 100 दिन की गारंटीकृत मजदूरी देना है लेकिन सरकारी बाबुओं और बिचौलियों ने इसमें ऐसा खेल रचा है कि मजदूरों के लिए बनी इस योजना की मलाई सरकारी बाबू और बिचौलिये खा रहे हैं। ताजा मामला गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड क्षेत्र के बैरिया पंचायत अंतर्गत बेलकुशी गांव का है। जहाँ मनरेगा योजना अंतर्गत मस्टररोल संख्या 7080901340593 के तहत तार खेत के बगल में तालाब का निर्माण करवाया जा रहा है। कार्यस्थल पर एक पुराना डोभा रूपी गड्ढा स्थित है जिसमें एक बूंद पानी भी नहीं है। 9 जनवरी को ऑनलाइन मजदूरों की हाजरी बनाई गई है जबकि कार्य स्थल पर एक भी मजदूर नहीं थे। इतना ही नहीं एनएमएमएस रिपोर्ट में भी घालमेल कर मजदूरों की हाजरी बनाई जा रही है। वहीं स्थल बोर्ड पर वित्तीय वर्ष 2023-24 जबकि ऑनलाइन 2021-22 दिखा रहा है। इन सब के अलावे योजना बोर्ड व ऑनलाइन लाभुक का नाम तक नहीं है। जबकि इस योजना में अबतक 299404 रुपय की निकासी हो चुकी है। संदेह यह भी है कि यह पुराना डोभा हो सकता है जिसको तालाब का रूप दिया जा रहा हो,खैर यह तो जांच का विषय है। बहरहाल मनरेगा में लूट - खसोट बदस्तूर जारी है। साथ ही मामले को उजागर नहीं करने का दबाव बनाया जाने लगा। जिसके बाद देवरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार बंधु कच्छप को मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने मामले को नोट करते हुए जांच करने की बात कही। वहीं इस बाबत गिरिडीह की मनरेगा लोकपाल तमन्ना प्रवीण को भी मामले से अवगत कराया गया। जिसपर उन्होंने मामले की जांच का आश्वासन दिया।

### उपायुक्त के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर गिरिडीह जिले में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना के समीप जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां आने जाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीएसपी सदर, मुफस्सिल थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करानी है, जिससे जिले में हो रही दुर्घटना में कमी लाई जा सकें।

**e-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT,Ranchi**

**e-Procurement Notice, ( Very Short Notice)**

**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Div, BCD, Ranchi-42/2024-25 Date:-08.01.25**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary Wall (750'0") with Camp Office at Proposed New Jharkhand Bhawan Site, Navi Mumbai, Maharashtra. | Rs. 77,84,600.00 | 06 (Six) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.01.2025 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 30.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 31.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department,Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhand tenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhandtenders.gov. in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Special Works Division
Building Construction Department,Ranchi .

PR 343893 Building(24-25).D

## संपादकीय

# प्रवासी भारतीय ब्रांड एंबेसडर

प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय प्रवासियों की भागीदारी को बढ़ाया है और ?उनके बीच गौरव की भावना को भी विकसित किया है।सितंबर 2014 में मैडिसन स्क्वायर में भारत माता की जय के नारे गूंजे। न्यूयॉर्क शहर में हजारों लोगों द्वारा इस नारे को बुलंद करना एक अभूतपूर्व क्षण था। इसने प्रवासी समुदाय से भारत के जुड़ाव में नए युग का सूत्रपात किया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया ने विभिन्न देशों में भारतीय प्रवासियों की शानदार सभाओं को देखा। वह शायद पहले वैश्विक नेता हैं, जिन्होंने अपने देश के प्रवासियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर इतना? महत्व दिया है। अमेरिका में हाउडी मोदी से लेकर कुवैत में हाल ही में हुए 'हाला मोदी' जैसे कार्यक्रमों ने, भारतीय प्रवासियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घकालिक व्यक्तिगत जुड़ाव के कारण वैश्विक स्तर पर प्रमुखता हासिल की। ओडिशा इस साल प्रवासी भारतीय दिवस की मेजबानी कर रहा है। बीते कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल इस आयोजन में भारतीय प्रवासियों की भागीदारी को बढ़ाया है, बल्कि लाखों एनआरआई के बीच उनके गौरव और उद्देश्य की भावना को भी बढ़ाया है। प्रशासनिक भूमिकाओं में मोदी का प्रवेश गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में हुआ, लेकिन प्रवासी समुदाय व दुनिया के साथ उनका संबंध युवा प्रचारक के रूप में उनके शुरूआती वर्षों से है। उन्होंने 1980 के दशक की शुरूआत में भारत से बाहर यात्रा की। आरएसएस में उनके पूर्व सहयोगी याद करते हैं कि मोदी नियमित रूप से अन्य देशों के मित्रों से मिलते थे। जापान के नागोया से एक दोस्त ने उन्हें नाइकी के जूते भेजे थे, जबकि उन्होंने बदले में श्रीमद्भागवत गीता की प्रतियां भेजीं।?वह गुजरात में विश्व संघ शिविर जैसे प्रवासी कार्यक्रमों के प्रमुख आयोजक भी थे।स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक शिकागो संबोधन के 100वें वर्षगांठ समारोह में भाग लेने के लिए मोदी?1993 में अमेरिका गए, जहां उन्होंने ह्यग्लोबल विजन 2000 सम्मेलन में भाषण दिया। कई भारतीय परिवार 1997 में मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान उन्हें दी गई मेजबानी को याद करते हैं। नरेंद्र मोदी का प्रवासी समुदाय से संबंध अमेरिका और यूरोप से कहीं आगे तक फैला हुआ है। वर्ष 2000 में विश्व हिंदू सम्मेलन के लिए त्रिनिदाद व टोबैगो की यात्रा के दौरान मोदी गुयाना भी गए।? 'मिनी इंडिया' कहे जाने वाले मॉरीशस ने 1998 में रामायण सम्मेलन की मेजबानी की, जहां मोदी ने भगवान राम और मॉरीशस के साथ भारत के संबंधों पर भाषण दिया। उन्होंने उन्हें कम से कम पांच दोस्तों को भारत आने और देश के पर्यटन में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस सिलसिले में वह अक्सर 'चलो इंडिया' नारे का इस्तेमाल करते थे।गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मोदी ने गुजरात को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव व प्रवासी संबंधों का लाभ उठाया। उन्होंने जापान, चीन, रूस, यूरोपीय देशों और अमेरिका जैसे कई देशों के साथ संबंध विकसित किए। 2001 के भूकंप के बाद जापान के ह्योगो प्रांत ने गुजरात के पुनर्निर्माण में अहम भूमिका निभाई। मोदी के नेतृत्व में, गुजरात ने लंदन, ज्यूरिख, जिनेवा और अन्य वैश्विक शहरों में वाइब्रेंट गुजरात रोड शो की मेजबानी की, जिससे वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलनों के लिए भागीदारी और निवेश आकर्षित हुआ। जब गांधीनगर में महात्मा मंदिर का निर्माण किया जा रहा था, तब उन्होंने दुनिया भर के गुजराती प्रवासियों से अपने क्षेत्रों से मिट्टी भेजने की अपील की और इस उद्देश्य के लिए कई देशों में कलश भेजे। अपने अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव और वैश्विक प्रवासी संबंधों के माध्यम से नरेंद्र मोदी ने स्थायी संबंध बनाए, जिससे गुजरात को आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़ने में मदद मिली।

# झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में गिरफ्तार होकर इतिहास रचा था जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने

लातेहार जिला के एक जंगल से घिरे गांव रोल में जन्मे झारखण्ड आन्दोलन के महानायक थे जस्टिस एलपीएन शाहदेव। आम आवाम के बीच जज साहेब के नाम से प्रसिद्ध जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को बौद्धिक ऊर्जा प्रदान की। झारखंड के वजूद में आए ढाई दशक होने को है।


प्रतुल शाहदेव

लेकिन, इसे अलग राज्य बनाने की लड़ाई में, कईयो ने कुर्बानियां और खून बहाया। तब लंबे आंदोलन, संघर्ष और दिन-रात की मेहनत के बाद अलग जल,जंगल जमीन का प्रदेश झारखंड बना। इसी झारखंड आंदोलन में शरीक एक जस्टिस भी थे, एलपीएन शाहदेव, जिनकी आज 13 वीं पुण्यतिथि है। जिन्हें हर कोई याद कर रहा है और उनकी बताए मार्ग को अपना रहा है। दिवंगत एलपीएन शहदेव, जो इस प्रदेश के आदिवासी-मूलवासी समुदाय के पहले जज थे। जिन्हें उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने का गौरव हासिल हुआ था। न्यायिक सेवा में भी उन्होंने बड़ी शालीनता और साफगोई से आपना काम किया। इससे अलग हटकर , उन्होंने झारखंड के अलग राज्य बनाने के लिए भी महत्वपूर्ण किरदार अदा किया। आंदोलन की आग जलाकर और लोगों को एकजुट करके इसकी अगुवाई करते रहें और आवाज बुलंद रखा । नतीजा ये रहा कि काफी लंबे अरसे की तपस्या और संघर्ष के बाद झारखंड का निर्माण हुआ।

**अलग राज्य की लड़ाई में निभाया अहम किरदार** : 1998 में अलग झारखंड राज्य की लड़ाई चरम पर पहुंच गई थी। बिहार से अलग इसे बनना था, उस दौरान लालू यादव बोला करते थे कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। इस तरह की बाते उस वक्त फिंजा में तेरने से लोगों के मन में काफी गुस्सा पनप रहा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत 16 दल इसकी लड़ाई के लिए बिगुल फूंका था। उस दौरान सभी ने सर्वसम्मति से आंदोलन की बागडोर जस्टिस एलपीएन शहदेव को सौंपी थी। इस दौरान उनकी नेतृत्व और जोश भरने के अंदाज से अलग राज्य का आंदोलन परवान पर चढ़ा था। उनके अगुवाई से युवाओं में गजब का उत्साह का उन्माद हुआ था। जिससे बिहार और केन्द सरकार की जड़े हिल गई थी।21 सितंबर को सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति की बंद से काफी असर हुआ था। हुकमतों को अहसास हो गया था कि ज्यादा दिन तक इनकी मांगों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, इस ऐतिहासिक बंद के दौरान जस्टिस शहदेव को घंटों हिरासत में रखा गया। यह देश की पहली घटना थी कि , जब हाईकोर्ट के किसी पूर्व जज को जनआंदोलन में हिरासत में रखा गया हो। उनका नेतृत्व, संघर्ष और अलग राज्य को लेकर जुनून रंग लाया । जिसका नतीजा रहा है कि झारखंड वजूद में आया।

## भूमिपुत्रों के हक की लड़ाई

अलग झारखंड के बनने बाद भी आदिवासियों-मूलवासियों के लेकर काम करते रहते थे। उनके हक की आवाज बुलंद रखते थे। उनकी चिंता यही रहती थी कि झारखंड के मूलवासियों को उनके हक को माराकर उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। उनके साथ नाइंसाफी की जा रही है। बाहर के लोगों के द्वारा की जा रही हकमारी को लेकर अक्सर गोष्ठियों और चचाओं में बोला करते थे। उनका साफ मानना था कि भूमि पुत्रों को उनका हक मिलना चाहिए, क्योंकि इसके असली हकदार वहीं हैं। जस्टिस शहदेव चाहते तो आराम से रिटायर होने के बाद अपनी जिंदगी गुजार सकते थे। सेवानिवृति के साथ ही किसी आयोग या कमीशन के अध्यक्ष बन सकते थे । लेकिन, एक जुझारु इंसान की तरह हमेशा आखिर सांस तक संघर्ष का ही रास्ता चुना। बेशक आज दुनिया में जस्टिस शहदेव नहीं है, लेकिन, उनके बताए रास्ते, उनका संघर्ष और जिंदगी क्या है। ये सीखा कर चले गये ।जस्टिस शाहदेव झारखंड के पहले भूमि पुत्र थे जिन्हें उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। रिटायरमेंट के बाद वो खुलकर अलग राज्य के आंदोलन से जुड़ गए। इनका हरमू आवास आन्दोलनकारी नेताओं का अड्डा होता था। आंदोलन की रूपरेखा से लेकर स्वरूप तक पर व्यापक चर्चा होती थी।जब जब केंद्र सरकार ने आंदोलन को संवैधानिक भूलभुलैया में फंसाने की कोशिश की तो न्यायमूर्ति शाह देव कानून विशेषज्ञ के रूप में सामने आए थे। 1998 में तो इन्होंने सर्वदलीय अलग राज्य निर्माण समिति के संयोजक के रूप में आंदोलन की कमान भी संभाल ली थी।यह वह दौर था जब झारखंड में भाजपा ,झारखंड मुक्ति मोर्चा, आजसू, वामदल ,जदयू सहित विभिन्न विचारधारा के दल अलग राज्य के गठन के लिए एक मंच पर आए थे। आंदोलन के इसी दौर में 21 सितम्बर को बंद के दौरान जुलूस का नेतृत्व करते हुए न्यायमूर्ति शाह देव को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया था। इनकी गिरफ्तारी से पूरे देश में हड़कंप मच गया था। क्योंकि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था कि उच्च न्यायालय का कोई न्यायधीश को आंदोलन के क्रम में गिरफ्तार किया गया हो। कोतवाली थाने में पूरा प्रोटोकोल का पालन हुआ। सबों की मेडिकल जांच हुई और समय पर सारे आंदोलनकारियों को भोजन उपलब्ध कराया गया। यह वह दौर था जब बिहार सरकार का दमन चरम पर था। बिहार सरकार अलग राज्य नहीं देना चाहती थी और आंदोलनकारी अलग राज्य के लिए मर मिटने को तैयार थे। आंदोलन के इस दौर में न्यायमूर्ति शाहदेव ने एक नई ऊर्जा का संचार किया था।सदानों का एक बड़ा वर्ग जो इस आंदोलन को शंका से देखता था वह भी इस आंदोलन से पूरे तरीके से जुड़ गया था। उसके बाद केंद्र भी झारखंड आंदोलन की व्यापकता के कारण इसे नजरअंदाज नहीं कर पाया।



## राजपरिवार के वैभव को ठुकराया

न्यायमूर्ति शाह देव ऐसे तो राजपरिवार से संबंध रखते थे,लेकिन उनका आचरण और रहने की शैली पूरे तरीके से आम जनों जैसी थी। लातेहार के चंदवा प्रखंड के रोल गांव से में उनका जन्म हुआ था। गांव के स्कूल में से उन्होंने उच्च न्यायालय तक के न्यायाधीश का लंबा सफर तय किया था।आज भी उनके विचार प्रासंगिक है। जस्टिस एलपीएन शाहदेव मानते थे कि झारखंड सिर्फ विकास की नहीं बल्कि सत्ता की भी लड़ाई है। उनका स्पष्ट मानना था कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी वर्ग को बिहार के नेताओं ने सत्ता से दूर कर रखा है, जिसके कारण झारखंड का विकास नहीं हो पा रहा था। वह हमेशा कहते थे कि झारखंड का विकास तभी संभव है, जब सत्ता यहां के आदिवासी मूलवासी के हाथ में होगी।

## आपकी बात

# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत?

मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए।


डॉ. सत्यवान सौरभ

पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरस मामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3%-10% हिस्सा है, जिसमें पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है। जबकि वैश्विक एजेंसियां मानव मेटान्यूमोवायरस की निगरानी करती हैं, फिर भी कई क्षेत्रों में इसका पता लगाने और रिपोर्ट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शुरूआती हस्तक्षेप प्रभावित होते हैं। वायरस पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों जैसे कुछ कमजोर समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है। मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुजुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुजुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमजोरी उजागर हुई है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज की बात

# प्रजनन दर में गिरावट: भविष्य की नई वैश्विक चुनौती

दुनिया के देशों के सामने जनसंख्या नीति के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। दक्षिण


डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

कोरिया, चीन, फ्रांस, इटली, स्पेन, पुर्तगाल सहित दुनिया के अनेक देश घटती जन्म दर से दो-चार हो रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार दुनिया के 124 देशों में जनसंख्या दर में गिरावट दर्ज की जा रही है। खासतौर से विकसित देशों में जनसंख्या दर में तेजी से गिरावट आ रही है। विषेषज्ञों की मानें तो यही हालात रहे तो दक्षिण कोरिया और सर्बिया आदि के सामने तो 2100 तक अस्तित्व का संकट आ सकता है। 2100 तक दक्षिण कोरिया की आबादी 5.1 करोड़ से घटकर इसकी तिहाई रह जाएगी। खास बात यह कि बुजुर्गों की आबादी तो बढ़ेगी पर युवाओं की आबादी बहुत कम रह जाएगी। लैसेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2100 तक दुनिया के देशों में प्रजनन दर 1.6 रह जाएगी। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था, देशों के बीच परस्पर शक्ति संतुलन, खाद्य, पर्यावरण , स्वास्थ्य आदि प्रभावित होंगे। दरअसल 1950 में दुनिया के देशों में औसत प्रजनन दर 5 बच्चे थी जो 2021 आते आते 2.1 रह गई है। विषेषज्ञों की मानें तो यह प्रजनन दर 2050 तक घटकर 1.8 रह जाएगी और 2100 तक 1.6 रह जाएगी। इससे तेजी से आबादी तो नियंत्रित हो जाएगी पर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि पश्चिमी व पूर्वी उप सहारा क्षेत्र अफ्रीका के देशों में प्रजनन दर में उतनी गिरावट नहीं होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानव जाति के लिए 2.1 प्रजनन दर होना जरूरी है। चीन, कोरिया सहित अनेक देशों में यह दर कम होती जा रही है। यही कारण है कि चीन सहित अनेक देशों ने अपनी जनसंख्या नीति में परिवर्तन किया है। अब चीन कोरिया सहित अनेक देश अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने लगे हैं। चीन में एक बच्चे की नीति के कारण जनसंख्या तो नियंत्रित हो गई पर उस के परिणाम खासतौर से युवा पीढ़ी के कम होने के कारण दो बच्चों और फिर उसमें भी सफलता नहीं मिलने पर तीन बच्चों की नीति लागू की गई है। दरअसल, दुनिया के देशों में बुजुर्गों की आबादी तेजी से बढ़ती जा रही है, वहीं जिस तरह के परिणाम सामने आ रहे हैं उससे साफ हो जाता है कि कामकाजी युवाओं की संख्या कम से कम होती जाएगी। यह दुनिया के देशों के सामने बड़ा संकट दिखाई देने लगा है। यही कारण है कि चीन सहित विभिन्न देश अब आबादी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन देने लगे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**मानव जाति की अणुबम के प्रति चिन्ता का एक अप्रत्यक्ष लाभ योग विज्ञान में उसकी व्यावहारिक रुचि की वृद्धि के रूप में हो सकता है, जो वास्तव में, एक 'बम-अभेद्य शरण' है। संसार में सदा उथल-पुथल एवं परेशानी रहेगी। आप किस बात से चिन्तित हैं?**

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा

यदि धर्म ने नहीं, तो विज्ञान ने, मानव जाति में असुरक्षा और सब भौतिक पदार्थों की निस्सारता की


श्री श्री परमहंस योगानंद

अस्पष्ट-सी भावना जगा दी है। मनुष्य सचमुच में यदि अपने स्त्रोत एवं उद्गम, अपने भीतर स्थित परमात्मा के पास न जाएं तो अब और कहां जाएं? आण्विक युग में अब वैज्ञानिक रूप से इस निर्विवाद सत्य के द्वारा कि पदार्थ वास्तव में घनीभूत ऊर्जा है। मानव का मन गम्भीर और उदार होता जाएगा। मानवी मन अपने भीतर पत्थरों एवं धातुओं में निहित ऊर्जा से कहीं अधिक महान ऊजाओं को उन्मुक्त कर सकता है और उसे यह करना भी चाहिए, अन्यथा अभी-अभी मुक्त हुआ भौतिक आण्विक दानव, पलट कर संसार पर विवेकहीन विनाश के लिए झपट पड़ेगा। मानव जाति की अणुबम के प्रति चिन्ता का एक अप्रत्यक्ष लाभ योग विज्ञान में उसकी व्यावहारिक रुचि की वृद्धि के रूप में हो सकता है, जो वास्तव में, एक 'बम-अभेद्य शरण' है। संसार में सदा उथल-पुथल एवं परेशानी रहेगी। आप किस बात से चिन्तित हैं? ईश्वर की शरण में जाएँ, जहां गुरुजन गए हैं, और जहाँ से वे संसार को देख रहे हैं और उसकी सहायता कर रहे हैं। वहाँ आपको सदा के लिए सुरक्षा मिलेगी, न केवल अपने लिए, अपितु उन सभी प्रियजनों के लिए भी जिनको प्रभु एवं परमपिता ने आपकी देखरेख में सौंपा है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**चलो वक्त लेकर चलें, स्मृतियों के गांव।**
**जहां मधूत्सव में कभी, रहे थिरकते पांव।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## देश की बात

# अमेरिकी आर्थिक नीतियां अन्य देशों को विपरीत रूप से कर सकती है प्रभावित

वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अन्य देशों की


प्रह्लाद सबनानी

मुद्राओं की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिर रही है। इससे, विशेष रूप से विभिन्न वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में वस्तुओं के आयात के साथ मुद्रा स्फीति का भी आयात हो रहा है। इन देशों में मुद्रा स्फीति बढ़ती जा रही है और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बार पुनः ब्याज दरों में वृद्धि की सम्भावना भी बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है। अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने के चलते विश्व के लगभग सभी देशों की यही स्थिति बनती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर, अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है एवं अमेरिका को इसे नियंत्रित करने के लिए अपनी आय में वृद्धि करना एवं व्यय को घटाना आवश्यक हो गया है। परंतु, 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयकर में भारी कमी की घोषणा की जाय। डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषण में इसके बारे में इशारा भी किया था। हां, सम्भव है कि आयकर को कम करने के चलते कुल आय में होने वाली कमी की भरपाई अमेरिका द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि कर इसके निर्यात में वृद्धि एवं अमेरिका में विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका में होने वाले आयात पर कर में वृद्धि करने के चलते कुछ हद तक हो सके। परंतु, कुल मिलाकर यदि आय में होने वाली सम्भावित कमी की भरपाई नहीं हो पाती है तो अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि में अतुलनीय वृद्धि सम्भव है। जो एक बार पुनः अमेरिका में मुद्रा स्फीति को बढ़ा सकता है और फिर से अमेरिका में ब्याज दरों में कमी के स्थान पर वृद्धि देखने को मिल सकती है। पूरे विश्व में पूंजीवादी नीतियों के चलते मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से विभिन्न देशों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की घोषणा की जाती रही है। किसी भी देश में मुद्रा स्फीति की दर यदि खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के चलते बढ़ रही है तो इसे ब्याज दरों में वृद्धि कर नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। हां, खाद्य पदार्थों की बाजार में आपूर्ति बढ़ाकर जरूर मुद्रा स्फीति को तुरंत नियंत्रण में लाया जा सकता है। अतः यह मांग की तुलना में आपूर्ति सम्बंधी मुद्दा अधिक है। उत्पादों की मांग में कमी करने के उद्देश्य से बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की जाती है, जिससे ऋण की लागत बढ़ती है और इसके कारण अंततः विभिन्न उत्पादों की उत्पादन लागत बढ़ती है। उत्पादन लागत के बढ़ने से इन उत्पादों की मांग बाजार में कम होती है जो अंततः इन उत्पादों के उत्पादन में कमी का कारण भी बनती है। उत्पादन में कमी अर्थात बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों की छँटनी करने के परिणाम के रूप में भी दिखाई देती है। हाल ही के वर्षों में अमेरिका में जब मुद्रा स्फीति की दर पिछले लगभग 50 वर्षों के उच्चत्तम स्तर पर अर्थात 10 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई थी, तब फेडरल रिजर्व द्वारा फेड दर (ब्याज दरों) को भी 0.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत तक लाया गया था, और यह दर लम्बे समय तक बनी रही थी। इसका प्रभाव, अमेरिका की सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रही कम्पनियों पर अत्यधिक विपरीत रूप में पड़ता दिखाई दिया था और लगभग 2 लाख इंजीनियरों की छँटनी इन कम्पनियों द्वारा की गई थी। अतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार वृद्धि करने का निर्णय अमानवीय है एवं इसे उचित निर्णय नहीं कहा जा सकता है। ब्याज दरों में वृद्धि करने का परिणाम वैश्विक स्तर पर कोई बहुत अधिक सफल भी नहीं रहा है। अमेरिका को मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में लाने के लिए लगभग 3 वर्ष( ?) का समय लग गया है और यह इस बीच ब्याज दरों को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने के बावजूद सम्भव नहीं हो पाया है।

भारत में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से रेपो दर (ब्याज दर) में पिछले लगभग 22 माह तक कोई परिवर्तन नहीं किया गया था एवं इसे उच्च स्तर पर बनाए रखा गया था जिसका असर अब भारत के आर्थिक विकास दर पर स्पष्टः दिखाई दे रहा है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में भारत में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत रही है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की रही थी। आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर का कम होना अर्थात देश में रोजगार के कम अवसर निर्मित होना एवं नागरिकों की आय में वृद्धि की दर का भी कम होना भी शामिल रहता है। अतः लंबे समय तक ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर नहीं बनाए रखा जाना चाहिए। यह सही है कि मुद्रा स्फीति को एक दैत्य की संज्ञा भी दी जाती है और इसका सबसे अधिक विपरीत प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। अतः किसी भी देश के लिए इसे नियंत्रण में रखना अति आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**तीर्थयात्रियों के लिए 10,000 एकड़ में तंबुओं की नगरी तैयार**

# महाकुंभ में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किए गए हैं विशेष प्रबंध

**नवीन मेल संवाददाता। प्रयागराज**

गंगा-यमुना-अदृश्य सरस्वती तट पर 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ 2025 शुरू हो रहा है। गंगा के किनारे तीर्थयात्रियों के लिए 10,000 एकड़ में तंबुओं की नगरी तैयार हो रही है। 45 दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन के दौरान बहुत ज्यादा कचरा निकलेगा, जिसका प्रबंधन बड़ी समस्या है। इस महाकुंभ मेले में लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। इसके अलावा, 50 लाख तीर्थयात्रियों व साधुओं के भी पूरी अवधि के लिए शिविरों में रहने की योजना है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने का मतलब है कि भारी मात्रा में कचरा निकलना। इस समस्या से पार पाने के लिए अधिकारी मानव अपशिष्ट, विशेषकर मल व ग्रेवाटर (खाना पकाने, कपड़े धोने और नहाने से निकलने वाले अपशिष्ट जल के प्रबंधन के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।



● बीएआरसी व इसरो में विकसित तकनीक का किया जा रहा उपयोग

● इस धार्मिक आयोजन में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना

अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष कुंभ मेले पर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा खर्च किए जा रहे 7,000 करोड़ रुपए में से 1,600 करोड़ रुपए अकेले जल व अपशिष्ट प्रबंधन के लिए निर्धारित किए गए हैं। 1,600 करोड़ रुपए में से 316 करोड़ रुपए मेला क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त बनाने पर खर्च किए जाएंगे, जिसमें शौचालय और मूत्रालयों की स्थापना और उनकी निगरानी शामिल है। अधिकारियों का अनुमान है कि मौनी अमावस्या जैसे प्रमुख स्नान दिवसों पर 50 लाख लोग आते हैं। अधिकारियों का कहना है कि इन आगंतुकों के कारण प्रतिदिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल-मल और लगभग 240 मिलियन लीटर ग्रे वाटर उत्पन्न होने की संभावना है। राज्य सरकार ने दिसंबर 2024 में मेला क्षेत्र को चार महीने के लिए उत्तर प्रदेश के 76वें जिले के रूप में अधिसूचित किया था। अधिकारियों का कहना है कि मेला मैदान को 25 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक के जल आपूर्ति, जल निकासी प्रणाली और अपशिष्ट प्रबंधन बुनियादी ढांचे के साथ शहर के वार्ड की तरह काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस साल के कुंभ को सबसे बड़ा ओडीएफ धार्मिक समागम बनाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इन उपायों में 1.45 लाख शौचालयों की स्थापना, शौचालयों के अस्थायी सेप्टिक टैंकों में एकत्र अपशिष्ट और कीचड़ को संभालने के लिए पूर्वनिर्मित मल कीचड़ उपचार संयंत्र की स्थापना, सभी ग्रेवाटर को उपचार सुविधाओं और अस्थायी और स्थायी सीवेज पाइपलाइनों तक पहुंचाने के लिए 200 किलोमीटर की अस्थायी जल निकासी प्रणाली की स्थापना, जल उपचार तालाबों का निर्माण, कीचड़ ले जाने वाले वाहनों की तैनाती और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग शामिल है। अपशिष्ट के उपचार पर, अधिकारियों ने कहा कि हाइब्रिड ग्रैनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टरऔर जियो ट्यूब तकनीक जैसी विभिन्न तकनीकों के साथ प्रयोग चल रहे हैं, जिसे बार्क और इसरो के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। जबकि, एचजीएसबीआर तकनीक का उपयोग पांच में से तीन एफएसटीपी में सीवेज के उपचार के लिए किया जाएगा, जो कि पूर्वनिर्मित हैं। लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र ग्रे वाटर को 'बायोरेमेडिएशन तकनीक' का उपयोग करके संभाला जाएगा। शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि महाकुंभ के लिए स्थापित किए जा रहे 1.45 लाख शौचालयों में से 15,000 सेप्टिक टैंक के साथ फाइबर रिइंफोर्सड पॉलिमर हैं, जबकि 10,000 अन्य एफआरपी में सोखने के गड्ढे हैं। उन्होंने कहा, ये (एफआरपी शौचालय) मुख्य रूप से सामुदायिक क्षेत्रों, शिविरों और मैदानों में स्थापित किए जाएंगे। मेला मैदान, सरकारी कार्यालय शिविरों आदि के बाहरी इलाकों में पार्किंग क्षेत्रों में सेप्टिक टैंक के साथ लगभग 22,000 प्री-फैब्रिकेटेड स्टील शौचालय और सोखने वाले गड्ढों के साथ 17,000 शौचालय बनाए गए हैं। धार्मिक शिविरों में विशेष टेंट-प्रकार के शौचालय स्थापित किए गए हैं। मेला स्थल को स्वच्छ रखने के लिए प्राधिकारियों द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अलावा, राष्ट्रीय हरित अधिकरण भी गंगा की स्वच्छता पर कड़ी नजर रख रहा है, क्योंकि तीर्थयात्री इस दौरान नदी में डुबकी लगाएंगे।

---

**देश के पहले हाइड्रोजन-सीएनजी बाजा वाहन का अनावरण**

# हमें मिलकर भारत को ऊर्जा निर्यातक देश बनाना है : गडकरी

**एजेंसी। धार**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान जिले में स्थित औद्योगिक नगरी पीथमपुर में देश की पहली हाइड्रोजन-सीएनजी बाजा व्हीकल का अनावरण किया।

इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हम लगातार इथेनॉल, बायोडीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में हमारे देश का किसान हमारा ईंधन दाता बनेगा। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मेरे पास इनोवा कार है, जो इथेनॉल और बिजली से चल रही है। यह जीरो प्रतिशत प्रदूषण करती है। भारत की सभी बड़ी कंपनियां भविष्य को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल डीजल के अलावा अन्य पर लगातार काम कर रही हैं। सीएनजी से चलने वाली बाइक बाजार में उपलब्ध हैं, जो एक रुपये प्रति किलोमीटर में चल रही है। हम वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। महेंद्रा एंड महेंद्रा ने अभी ट्रैक्टर भी बाजार में उतारा है, जो सीएनजी से चल रहा है। गडकरी ने कहा कि पिछले 5 साल में चार करोड़ 50 लाख नौकरियां ऑटो इंडस्ट्री में मिल रही हैं। भारत में महेंद्रा एंड महेंद्रा ऑटो इंडस्ट्री में पहले नंबर पर चल रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर भारत को ऊर्जा को आयात करने वाले देश से निर्यात करने वाला बनाना है।



● आने वाले दिनों में हमारे देश का किसान बनेगा ईंधन दाता

अपने संबोधन के बाद केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने यहां देश की पहली हाइड्रोजन-सीएनजी बाजा व्हीकल का अनावरण किया। एटीवी व्हीलकल की टेक्नोलॉजी वॉल्वो आयशर की ओर से उपलब्ध कराई गई है। यह पांच फीसदी हाइड्रोजन और सीएनजी के मिश्रण से चलती है। इसका इंजन ग्रीव्स कॉटन का बाइ-फ्यूल इंजेक्शन है, जो स्थिर गतिशीलता की दिशा में बड़ा कदम है। वॉल्वो ग्रुप इंडिया की उपाध्यक्ष मारिया एबेसन ने बताया कि 2025 में सीएनजी में पांच फीसदी हाइड्रोजन मिश्रण का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्ष 2026 में इसे बढ़ाकर 18 फीसदी किया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री गडकरी पीथमपुर से लौटकर इंदौर पहुंचेंगे और यहां ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में चल रही नेशनल हाईवे परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। गडकरी इंदौर में नाथ मंदिर के दर्शन के लिए भी जाएंगे।

# 82 देशों से मीडिया समूहों ने किया महाकुंभ कवरेज के लिए आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

● प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने महाकुंभ का लोगो 194 देशों के दूतावासों को भेजा है

● विदेशी महाकुंभ मेले के बारे में जानकारी ले रहे हैं, आने की बना रहे हैं योजना

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में आध्यात्मिकता व आधुनिकता के संगम को अपने-अपने नजरिये से निहारने, लिखने, दुनिया को दिखाने व बताने के लिए 82 देशों से मीडिया समूहों ने कवरेज व लाइव टेलीकास्ट करने के लिए आवेदन किया है। यूरोपीय देशों सहित अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, खाड़ी देशों व अफ्रीका के राष्ट्र भी इसके लिए यहां पहुंच रहे हैं। महाकुंभ के कवरेज के लिए परेड क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मीडिया शिविर तैयार किया गया है। साथ ही, मीडिया सेंटर का निर्माण भी अंतिम चरण में है, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने प्रस्तावित दौरे में करेंगे। महाकुंभ कवर करने आ रहे विदेशी मीडिया में इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट व डिजिटल के अलावा न्यूज एजेंसियां, न्यूज सिंडिकेट्स तथा तमाम मीडिया संस्थाएं शामिल हैं। महाकुंभ को लेकर सरकार की व्यापक तैयारियां जारी हैं। प्रयागराज को सजाने-संवारने के साथ-साथ डिजिटल प्रगति को भी प्रमुखता दी जा रही है। महाकुंभ की आधिकारिक वेबसाइट व मोबाइल एप को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 6 अक्टूबर को लांच किया था। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के मार्फत दुनियाभर के लोग महाकुंभ के आयोजन व उससे जुड़ी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। अमेरिका, ब्राजील, फ्रांस, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से वेबसाइट व एप पर बड़ी संख्या में हिट्स आ रहे हैं। महाकुंभ का प्रचार-प्रसार केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, बल्कि संत समाज द्वारा भी किया गया है। निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने मलेशिया दौरे के दौरान वहां के प्रधानमंत्री व पर्यटन मंत्री को महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इसके अतिरिक्त, प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने एनआरआई विभाग के मार्फत महाकुंभ का लोगो 194 देशों के दूतावासों को भेजा है। महाकुंभ की तैयारियां अपने चरम पर हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यटन, संस्कृति और डिजिटल नवाचार के माध्यम से भारत की वैश्विक पहचान को भी बढ़ावा दे रहा है। श्रद्धालु कल्पवास, तपस्या और तीर्थयात्रा के जरिए अपने आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करने के लिए यहां जुटते हैं। उनकी इस यात्रा को सुखद और सुविधाजनक बनाने के लिए अत्याधुनिक व्यवस्था की जा रही हैं। दुनिया भर के लोग महाकुंभ के महत्व को समझने और अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं। वेबसाइट और मोबाइल एप के जरिए अमेरिका, फ्रांस, ब्राजील और अन्य देशों से लोग न केवल आयोजन के बारे में जानकारी ले रहे हैं, बल्कि इस ऐतिहासिक और पवित्र मेले में भाग लेने की योजना भी बना रहे हैं। महाकुंभ 2025, भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और नवाचार के सम्मिलन का प्रतीक बनकर, दुनियाभर के लोगों को भारत की गहराई और वैभव से परिचित कराने का अवसर प्रदान कर रहा है।

## भाजपा 300 यूनिट फ्री बिजली, लाडली बहना योजना समेत कर सकती है कई बड़े ऐलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता वोटरों को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस सियासी हलचल के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी दिल्ली में जीत हासिल करने के लिए कमर कस ली है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में उपभोक्ताओं के लिए प्रति महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का ऐलान कर सकती है। इसके अलावा धार्मिक स्थलों को भी 500 यूनिट फ्री बिजली का ऐलान किया जा सकता है। भाजपा दिल्ली में लाडली बहना योजना की तरह ही महिलाओं के लिए विशेष योजना की घोषणा कर सकती है। इस योजना का उद्देश्य क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाना है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## महाकुंभ में मिल रहा चॉकलेट इलायची फ्लेवर वाला कुल्हड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में 20 रुपये में चाय पीजिए और जिस कुल्हड़ में चाय पीते हैं, उसे खा जाइए। काशी के एक दुकानदार ने कुल्हड़ को इस चीज से तैयार किया है। यहां चाय पीने वाले इसका टेस्ट लाजवाब बता रहे हैं। ये कहते हैं कि इस बनारसी धीरज का आइडिया तो बहुत हिट मार रहा है। महाकुंभ मेले में यह मक्के के आटे से बनाया ऐसा कुल्हड़ और उसमें बढ़िया चाय दे रहा है, जिसे पीने के बाद कुल्हड़ को खा सकते हैं। कुल्हड़ भी कई तरह के फ्लेवर वाले हैं, जैसे चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी व इलायची आदि। इनके दुकान पर लिखा भी है, '20 रुपये में चाय पीजिए और कुल्हड़ खा जाइए।'



● इसमें चाय पीने के बाद इसे खा सकते हैं

धीरज का कहना है- यह आइडिया सहारनपुर में एक दुकान को देखकर आया। वहीं से बारीकियां सीखने के बाद काम शुरू किया। इसका डिजाइन मिट्टी के कुल्हड़ व आइसक्रीम कोन की तरह है। मक्के के प्लेवर वाला कुल्हड़ बनाने में आठ रुपये की लागत आती है। इसी कारण इसे चाय सहित 20 रुपये में बेच रहे हैं। मेला क्षेत्र में इनकी दुकान पर सुबह से शाम तक ग्राहक आते-जाते रहते हैं। तमाम लोग इनके बोर्ड को देखकर चौंकते भी हैं। चाय पीने आए सुशील इसका टेस्ट स्वादिष्ट बताते हैं। कहते हैं, यह चाय तो बनारसी अंदाज में स्वाद वाला बनाते ही हैं, चॉकलेट फ्लेवर का कुल्हड़ खाकर भी मजा आ रहा है। अन्य प्रशंसक कहते हैं, मैंने इलायची फ्लेवर वाला कुल्हड़ लिया, खाकर आनंद आ गया। धीरज का कहना है कि रोज 10 पेटी कुल्हड़ मंगाते हैं। इतने ही रोज खत्म हो जाते हैं। लोग कुल्हड़ जहां-तहां फेंकते नहीं हैं, इससे मेले में गंदगी भी नहीं होती। डॉक्टर भी मक्के के कुल्हड़ को स्वास्थ्यवर्धक बताते हैं। फिजिशियन डीके मिश्रा कहते हैं, मक्के से बना कुल्हड़ खाने से पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। यह सेहत के लिए फायदेमंद है।

## वाराणसी से महाकुंभ जा रहे श्रद्धालु ट्रेन में ही ले सकेंगे जनरल टिकट

**नवीन मेल संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ की जानकारियों से संबंधित सात तरह के 175 बैनर, पोस्टर लगाए जाएंगे। इससे श्रद्धालुओं का आवागमन आसान होगा। उन्हें सटीक जानकारी मिल जाएगी। इसी तरह भीड़ से बचने के लिए यात्रियों को ट्रेन में जनरल टिकट मुहैया कराने का निर्णय लिया गया है। यह टिकट कॉमर्शियल चेकिंग स्टाफ के जरिए दिया जाएगा। चेकिंग स्टाफ क्यूआर कोड से लैस रहेगा। यदि टिकट काउंटर पर भीड़ ज्यादा रहेगी, तो यात्री क्यूआर कोड स्कैन करके टिकट प्राप्त कर सकेंगे। प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच होने वाले महाकुंभ के दौरान रेलवे प्रशासन का सारा जोर यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा पर है। स्टेशन पर 360 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। फायर सिस्टम को ठीक किया गया है, ताकि चलते फिरते फायर सिस्टम से आग की घटनाओं को रोका सके। कैंट स्टेशन के निदेशक अर्पित गुप्ता ने बताया कि बैनर-पोस्टर तैयार किए जा रहे हैं।

## दिल्ली में केवेंटर्स ब्रांड की शॉप पर राहुल गांधी ने बनाई कोल्ड कॉफी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दिल्ली स्थित केवेंटर्स ब्रांड की शॉप में गए और उन्होंने वहां कोल्ड कॉफी बनाई। ब्रांड प्रमोटर से चर्चा का एक वीडियो राहुल ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। राहुल ने कहा कि आप नई पीढ़ी और नए बाजार के लिए विरासत से चले आ रहे ब्रांड को कैसे बदल सकते हैं, इस बारे में केवेंटर्स के युवा संस्थापकों ने उन्हें बताया। राहुल ने कहा कि केवेंटर्स जैसे



निष्पक्ष व्यवसायों ने पीढ़ियों से हमारी आर्थिक वृद्धि को गति दी है। इसलिए हमें उनका समर्थन करने की कोशिश करनी चाहिए। चर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में मिले मोची रामचैत के बारे में राहुल ने बात की। राहुल ने कहा कि हमारे देश में बैंक बड़े बिजनेसमैन को आसानी से ऋण देते हैं, लेकिन छोटे काम करने वालों को पैसा नहीं मिलता। केवेंटर्स 100 साल पुराना स्टार्ट-अप है। यह विरासत और आधुनिक महत्वाकांक्षा को जोड़ता है। राहुल से बात करते हुए प्रोमोटर ने बताया कि कैसे यह ब्रांड अपनी स्वतंत्रता-पूर्व के जड़ों से विकसित होकर 65 शहरों में 200 से अधिक स्टोर वाले उपभोक्ता पावरहाउस में बदल गया। इसी बीच वीडियो में राहुल को शॉप पर मिली महिला अपने घर बुलाती हैं। राहुल उसके घर पहुंचे और दरवाजे की चाबियां गुम हो गईं।

## तिरुपति मंदिर में मची भगदड़, 6 की मौत, 50 घायल

**एजेंसी। तिरुपति**

तिरुपति मंदिर के विष्णु निवास के पास भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उस वक्त हुई जब वैकुंड द्वार दर्शन के टोकन के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ मच गई। इस घटना में 50 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए तिरुपति रुया अस्पताल ले जाया गया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की ओर से यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार में दर्शन टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास हुई भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख जाहिर किया है।

# प्रधानमंत्री के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' के लिए 2.79 करोड़ से अधिक ने पंजीकरण कराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विद्यार्थियों के परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव के माहौल में बदलने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रमुख पहल 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी)-2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अब तक 2.79 करोड़ से अधिक विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने पंजीकरण कर इसे राष्ट्रव्यापी आंदोलन का रूप दे दिया है। शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रमुख पहल परीक्षा पे चर्चा परीक्षा से जुड़े तनाव को उत्सव में बदलने के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। पीपीसी के 8वें संस्करण ने भारत और विदेशों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से 2.79 करोड़ से अधिक पंजीकरण के साथ एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय प्रतिक्रिया एक सच्चे जन आंदोलन के रूप में कार्यक्रम की बढ़ती प्रतिध्वनि को रेखांकित करती है।

पीपीसी-2025 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण माईगॉव पोर्टल पर गत वर्ष 14 दिसंबर को शुरू हुआ था। यह पोर्टल 14 जनवरी तक खुला है। कार्यक्रम की अपार लोकप्रियता छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने और परीक्षाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में इसकी सफलता को उजागर करती है।शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला यह इंटरैक्टिव कार्यक्रम शिक्षा का एक बहुप्रतीक्षित उत्सव बन गया है। 2024 में पीपीसी का 7वां संस्करण दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में टाउन हॉल प्रारूप में आयोजित किया गया था। पिछले साल करीब 2.26 करोड़ विद्यार्थियों, अभिभावक और शिक्षकों ने पंजीकरण कराया था। यह देशभर में विद्यार्थियों के बीच कार्यक्रम के व्यापक उत्साह को दर्शाता है।



पीपीसी की भावना के अनुरूप, 12 जनवरी (राष्ट्रीय युवा दिवस) से 23 जनवरी (नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती) तक स्कूल स्तर पर कई आकर्षक गतिविधियों की श्रृंखला निर्धारित की गई है। इन गतिविधियों का उद्देश्य समग्र विकास को बढ़ावा देना और छात्रों को परीक्षाओं को उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करना है।

इन गतिविधियों में स्वदेशी खेल सत्र, मैराथन दौड़, मीम प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, योग-सह-ध्यान सत्र, पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिताएं, प्रेरणादायक फिल्म स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएं और परामर्श सत्र, कविता, गीत और प्रदर्शन शामिल हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से पीपीसी 2025 सीखने में लचीलापन, सकारात्मकता और खुशी के अपने संदेश को पुष्ट करता है, यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा को दबाव-चालित कार्य के बजाय एक यात्रा के रूप में मनाया जाए।

## पुलिस ने अपराधियों को लेकर सख्ती बढ़ाई, तीन अपराधी हुए ढेर

**एजेंसी। पटना**

बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रही है। लेकिन, हाल के दिनों में पुलिस की कार्यशैली पर गौर करें तो पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है। पुलिस गोली चलाने से भी पीछे नहीं हट रही है। पिछले एक सप्ताह में बिहार पुलिस ने दो मुठभेड़ में तीन अपराधियों को ढेर कर दिया है। हालांकि इनमें एक दारोगा को भी गोली लगी है। बिहार के पटना जिले के फुलवारी शरीफ इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच छह जनवरी की रात हुई मुठभेड़ में दो अपराधियों को मार गिराया गया जबकि एक सब इंस्पेक्टर गोली लगने से घायल हो गए थे। पुलिस ने घटनास्थल से दो पिस्तौल भी बरामद की थीं। दरअसल, लूटपाट के उद्देश्य से आठ- दस की संख्या में अपराधी फुलवारी शरीफ के हिंदुनी गांव में इकट्ठा हुए थे और इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस



पहुंच गई थी। इससे पहले इसी महीने शुक्रवार की रात पूर्णिया पुलिस और विशेष कार्य बल ने मिलकर इनामी अपराधी सुशील मोची को मुठभेड़ में मार गिराया था। पूर्णिया के बायसी थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी में हुई इस मुठभेड़ में मारे गए सुशील मोची पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। बिहार और पश्चिम बंगाल में उसका आतंक था। सुशील मोची जेल से बाहर आया था और बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में था। इससे पहले पिछले महीने यानी 13 दिसंबर को पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के संजय नगर में पुलिस ने मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी अजय राय को ढेर कर दिया था। अजय राय अपने दो साथियों के साथ एक मकान में नाम बदलकर रह रहा था।



## ऋषिका बनर्जी ने रचा इतिहास

# राष्ट्रीय फुल कॉन्टैक्ट कराटे चैंपियनशिप 2025 का जीता खिताब

- 16 साल की उम्र में, ऋषिका इस चैंपियनशिप के 28 साल के इतिहास में जीतने वाली सबसे कम उम्र की दावेदार हैं।
- 12 वर्ष की उम्र में, उन्होंने शोटोकन कराटे में अपनी ब्लैक बेल्ट हासिल की।

**रानीगंज(हि.स.)।** कौशल, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए कोलकाता की 16 वर्षीय कराटेका ऋषिका बनर्जी ने राष्ट्रीय पूर्ण संपर्क कराटे चैम्पियनशिप 2025 जीत लिया है, इसी के साथ वह यह चैम्पियनशिप जीतने वाली सबसे कम उम्र की विजेता बन गई हैं। ओपन-वेट वयस्क वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए, ऋषिका की जीत ने टूनामेंट की विरासत में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर चिह्नित किया। पश्चिम बंगाल के रानीगंज में आयोजित इस चैंपियनशिप में ऋषिका ने चार मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के साथ कठिन मुकाबले खेले, जिनमें से प्रत्येक कई कठिन दौरों तक चला। चुनौतियों के बावजूद, ऋषिका ने शानदार तकनीक और मानसिक दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। अपनी जीत पर ऋषिका ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह जीत सिर्फ.मेरे लिए नहीं बल्कि हर उस युवा मार्शल आर्टिस्ट के लिए है जो बड़े सपने देखता है। ओपन-वेट कैटेगरी में अनुभवी वयस्कों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने मुझे दृढ़ता और खुद पर विश्वास का मूल्य सिखाया। उनके पिता और कोच, मयूख बनर्जी ने कहा, ऋषिका की अपने हुनर के प्रति प्रतिबद्धता बेमिसाल है। सिर्फ. 16 साल की उम्र में इतना प्रतिष्ठित खिताब जीतना उनकी कड़ी मेहनत और मार्शल आर्ट के प्रति जुनून का सबूत है। 16 साल की उम्र में, ऋषिका इस चैंपियनशिप के 28 साल के इतिहास में जीतने वाली सबसे कम उम्र की दावेदार हैं। ऋषिका की कराटे यात्रा 4.5 वर्ष की छोटी सी उम्र में शुरू हुई, जिसका मार्गदर्शन उनके पिता और कोच मयूख बनर्जी ने किया, जो कोलकाता में माइक मार्शल आर्ट्स के संस्थापक हैं। 12 वर्ष की उम्र में, उन्होंने शोटोकन कराटे में अपनी ब्लैक बेल्ट हासिल की। वर्तमान में उनके पास ब्राउन स्ट्राइप है। यह चैंपियनशिप जीत उनकी बढ़ती हुई प्रशंसाओं की सूची में जुड़ती है, जिसमें यूरोपीय ओपन कराटे क्योकुशिंकाई चैंपियनशिप 2024 में अंडर-16 महिला खिताब शामिल है, जहाँ उन्होंने डेनमार्क, स्पेन और कैनरी द्वीप समूह के अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगियों के खिलाफ जीत हासिल की।

## श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए कोनोली, मैकस्वीनी, कुहनेमन ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल



**मेलबर्न(हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए गुरुवार को टीम की घोषणा कर दी है। कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और नाथन मैकस्वीनी की वापसी हुई है, सैम कोनस्टास और ब्यू वेबस्टर को भी अपने करियर की शानदार शुरूआत के बाद टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी नाथन लियोन के साथ मिलकर तीन मुख्य स्पिनरों की भूमिका निभाएंगे। गॉल में परिस्थितियां अनुकूल होने की उम्मीद है, जहां दोनों टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हालांकि, मिशेल मार्श का टेस्ट करियर अब काफी संदेह में है, क्योंकि भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट के लिए उन्हें बाहर किए जाने के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे से बाहर कर दिया गया है। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और टखने की चोट से उबर रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025: पहले दौर में टॉमस माचाक से भिड़ेंगे सुमित नागल



**नई दिल्ली(हि.स.)।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 में एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल को गुरुवार को कड़ा ड्रॉ मिला। दुनिया के 96वें नंबर के खिलाड़ी नागल मेलबर्न में शुरूआती दौर में 26वीं वरीयता प्राप्त चेक खिलाड़ी टॉमस माचाक से भिड़ेंगे। दोनों खिलाड़ियों ने कभी एक-दूसरे का सामना नहीं किया है। माचाक पर जीत का मतलब है कि उन्हें दूसरे दौर में बड़ी सर्विस करने वाले अमेरिकी खिलाड़ी रीली ओपेल्का से भिड़ना पड़ सकता है। भारतीय खिलाड़ी 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच के साथ ड्रॉ के उसी वर्ग में हैं। 24 वर्षीय माचाक ने पेरिस ओलंपिक में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। वह जिनेवा में अपने पहले टूर-लेवल फाइनल में पहुंचे और पिछले साल शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में चार बार के मेजर विजेता कार्लोस अल्कराज को भी हराया। नागल का पिछले साल शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन की शुरूआत क्वालीफायर के रूप में की और 31वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया। नागल 35 साल में किसी ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष बन गए। नागल से पहले ऐसा करने वाले आखिरी खिलाड़ी रमेश कृष्णन थे, जिन्होंने 1989 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त मैट्स विलेंडर को हराया था। नागल ने दो चैलेंजर टूर खिताब जीते और एटीपी टॉप 100 में भी पदार्पण किया। उन्होंने ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अन्य तीन मेजर में भी सीधे प्रवेश पाया। नागल कभी भी मेजर टूनामेंट में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं।

## इंग्लैंड हॉकी ने महिला वर्ग में ट्रांसजेंडर महिलाओं के खेलने पर प्रतिबंध लगाया



**लंदन(हि.स.)।** इंग्लैंड हॉकी ने बुधवार को एक नई नीति की घोषणा की, जिसके तहत अगले सत्र की शुरूआत से ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से रोक दिया जाएगा। ट्रांसजेंडर और नॉन-बाइनरी भागीदारी को ध्यान में रखते हुए, शासी निकाय ने दो प्रतियोगिता श्रेणियां शुरू की हैं: महिला और ओपन, जिसमें ओपन में ट्रांसजेंडर और नॉन-बाइनरी खिलाड़ियों सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत है। पिछली नीति की समीक्षा जुलाई 2023 में शुरू हुई, जिसमें खेल परिषदों के समानता समूह के मार्गदर्शन को शामिल किया गया। इंग्लैंड हॉकी ने एक बयान में कहा, इस साक्ष्य के आधार पर, हमने निर्धारित किया है कि निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए ट्रांस और नॉन-बाइनरी भागीदारी नीति को ट्रांस भागीदारी को प्रतिबंधित करना चाहिए। संगठन ने कहा, हम सभी प्रभावित खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे हॉकी में भाग लेना जारी रखने के लिए सही रास्ता खोजें। 1 सितंबर से प्रभावी नई नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई निष्पक्ष तरीके से हॉकी खेल में भाग ले सके। कई अन्य खेल निकायों ने हाल ही में शीर्ष महिला स्पधाओं में ट्रांसजेंडर महिलाओं की भागीदारी पर इसी तरह के प्रतिबंध लागू किए हैं।

# मो.शमी के वापसी की उम्मीदें बढ़ीं

## आकाशदीप एक महीने के लिए बाहर



मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और संभावित रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद है। नवंबर 2023 में विश्व कप फाइनल के बाद से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज ने हाल ही में सफेद गेंद क्रिकेट खेलना फिर से शुरू किया है और उनके भारतीय टीम के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम शमी की बारीकी से निगरानी कर रही है, जिनकी दाहिनी एड़ी की सर्जरी हुई है। एड़ी ठीक हो गई है, लेकिन उनके घुटने में हल्की सूजन है, जिसके कारण उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद के चरणों के लिए विचार से बाहर कर दिया गया है। हाल ही में, शमी ने बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ खेलों में भाग लिया है और गुरुवार को बड़ौदा में हरियाणा के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में फिर से खेलने के लिए तैयार हैं। जैसा कि बीसीसीआई ने कहा है, शमी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं, और वह जहां भी जाते हैं, उनके साथ कम से कम एक एनसीए फिजियो या ट्रेनर रहता है। राजकोट में कुछ फिजियो या ट्रेनर थे, जहां शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेला था और हाल ही में, हैदराबाद में शमी और हार्दिक पांड्या दोनों की देखरेख करते हुए एक एनसीए फिजियो को देखा गया था। चयन समिति के सदस्य शमी के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन करने के लिए बड़ौदा में विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों में भाग लेने की संभावना है।

### भारत के टेस्ट बल्लेबाज ज्यादा घरेलू मैच खेलें : सुनील जोशी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारत के पूर्व स्पिनर सुनील जोशी, जो 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत के दौरान मुख्य चयनकर्ता थे, का मानना है कि मौजूदा टेस्ट टीम के बल्लेबाजों को ज्यादा घरेलू क्रिकेट मैच खेलने चाहिए। उनका दावा है कि इससे उन्हें रन बनाने में मदद मिलेगी। भारत को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में 3-1 से टेस्ट सीरीज हार का सामना करना पड़ा, जहाँ कप्तान रोहित शर्मा ने पांच पारियों में सिर्फ.31 रन बनाए, जबकि विराट कोहली ने पर्थ में भारत की 295 रनों की जीत में नाबाद शतक लगाने के बावजूद सभी पांच मैचों में सिर्फ. 190 रन बनाए। कोहली ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी मैच 2012 में खेला था, जबकि रोहित ने नौ साल से घरेलू रेड-बॉल क्रिकेट मैच नहीं खेला है।

## हंगरी की तैराक 'आयरन लेडी' कैटिंका होस्जु ने की संन्यास की घोषणा

**बुडापेस्ट(हि.स.)।** आयरन लेडी के नाम से मशहूर हंगरी की तैराक कैटिंका होस्जू ने बुधवार को प्रतिस्पर्धी तैराकी से संन्यास की घोषणा की। सोशल मीडिया पर एक भावपूर्ण संदेश में, 35 वर्षीय तैराक ने उन सभी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनका समर्थन किया और खेल द्वारा प्रदान की गई परिवर्तनकारी यात्रा पर विचार किया। उन्होंने कहा, अब, जब मैं अपने करियर पर नजर डालती हूँ, तो मुझे बहुत संतुष्टि का एहसास होता है। पदक और रिकॉर्ड मूल्यवान हैं, लेकिन जो चीज मेरे साथ सबसे ज्यादा जुड़ी हुई है, वह है तैराकी के प्रति मेरा शाश्वत प्रेम। होस्जू की उपलब्धियों की सूची असाधारण है। वह तीन बार की ओलंपिक चैंपियन हैं, जिन्होंने 200 मीटर और 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीता है, साथ ही 2016 रियो ओलंपिक में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में भी स्वर्ण पदक जीता है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने 97 पदक जीते और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले विश्व रिकॉर्ड 2:06.12 के साथ पूल से बाहर निकलीं, जिससे खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई।

## एएफआई एथलीट आयोग में 6 महिलाएं नीरज चोपड़ा 3 पुरुष सदस्यों में शामिल

**नई दिल्ली(हि.स.)।** लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज को बुधवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के नौ सदस्यीय एथलीट आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसमें छह महिलाएं हैं और भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा सबसे प्रमुख पुरुष सदस्य हैं। नए पैनल में अन्य महिलाएँ धावक ज्योतिर्मयी सिकदर, डिस्कस थ्रोअर कृष्णा पूनिया, बाधा दौड़ खिलाड़ी एमडी वलसम्मा, स्टीपलचेजर सुधा सिंह और धावक सुनीता रानी हैं। 2003 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंजू एएफआई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। ये सभी महिलाएं सेवानिवृत्त हैं और उनका शामिल होना एएफआई की अपनी व्यवस्था में लैंगिक समानता की खोज में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है। पिछले आयोग में चार महिलाएँ थीं। पिछले साल अक्टूबर में हुए चुनावों के बाद बुधवार को आयोग का अनावरण किया गया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा एएफआई की कार्यकारी परिषद द्वारा परामर्श के बाद नामित चार सदस्यों में से एक हैं। आयोग के अन्य दो पुरुष सदस्य 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले और नवनिर्वाचित एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू हैं, जो 2002 एशियाई खेलों में शॉटपुट स्वर्ण पदक विजेता हैं। सागू पिछले आयोग के अध्यक्ष थे।

### खेल मंत्री मंडाविया ने की मिशन ओलंपिक सेल की बैठक

# हितधारकों से अधिकतम योगदान देने का किया आग्रह

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को यहां ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मिशन ओलंपिक सेल की बैठक बुलाते हुए सभी हितधारकों से खेलों में देश को आगे ले जाने के लिए अपना योगदान देने का आह्वान किया। मंडाविया ने 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों की तैयारी की योजनाओं पर केंद्रित बैठक में कहा, भारत का खेल बुनियादी ढांचा और वित्त पोषण वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले देशों के बराबर है। ओलंपिक में पदक जीतना एक साल या छह महीने का काम नहीं है। इसके लिए पहले से अच्छी तैयारी की आवश्यकता होती है। बैठक में गगन नारंग, पुलेला गोपीचंद, वीरेन रसकिन्हा, अपर्णा पोपट, डॉ. सत्यपाल सिंह, प्रशांति सिंह, गायत्री मडकेकर, कमलेश मेहता, साइरस पोंचा, दीप्ति बोपैया, सिद्धार्थ शंकर, मनीषा मल्होत्रा, गौतम वढेरा, प्रेम लोचब सहित कई लोग शामिल हुए। बैठक में देश भर के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और प्रशासकों के साथ-साथ खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के अधिकारी भी अपने विचार रखने के लिए एकत्रित हुए। खेल मंत्रालय की सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने नवगठित मिशन ओलंपिक सेल के सदस्यों और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के नवनियुक्त सीईओ नछत्तर सिंह जोहल का परिचय कराया। खेल मंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों, राज्य सरकारों, कॉरपोरेट घरानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और गैर-सरकारी संगठनों के सम्मिलित प्रयासों से देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

> भारत का खेल बुनियादी ढांचा और वित्त पोषण वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले देशों के बराबर है।



## केकेएफआई ने आगामी खो-खो विश्व कप के लिए मजबूत भारतीय टीमों की घोषणा की

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) और अंतर्राष्ट्रीय खो-खो महासंघ (आईकेकेएफ) ने गुरुवार को आगामी खो-खो विश्व कप 2025 के लिए गुरूवार को मजबूत भारतीय पुरुष और महिला टीमों की घोषणा की, जिसका आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस मेगा इवेंट के पहले संस्करण में 20 पुरुष टीमें और 19 महिला टीमें भाग लेंगी, जिसमें 23 देश इस टूनार्मेंट के लिए हमारे खूबसूरत देश में आएंगे। पुरुष टीम का नेतृत्व प्रतीक वायकर करेंगे। एकलव्य पुरस्कार विजेता, जिन्होंने 2016 में भारत के लिए पदार्पण किया था, ने अपने पड़ोसी से प्रेरित होकर आठ साल की उम्र में खो-खो खेलना शुरू किया था।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# महाकुंभ मेला में निर्माण कार्यों के लिए सेल ने 45 हजार टन स्टील की आपूर्ति की

### 2013 के महाकुंभ मेले के दौरान स्टील की आपूर्ति की थी




**नई दिल्ली (हि.स.)।** महारत्न और देश की सबसे बड़ी स्टील बनाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले आगामी महाकुंभ मेला 2025 के लिए लगभग 45,000 टन स्टील की आपूर्ति की है। आपूर्ति की गई स्टील की कुल मात्रा में चेकर्ड प्लेट, हॉट स्ट्रिप मिल प्लेट, माइल्ड स्टील प्लेट, एंगल और जॉइस्ट शामिल हैं। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि इससे पहले भी सेल ने 2013 के महाकुंभ मेले के दौरान स्टील की आपूर्ति की थी, जो इस उल्लेखनीय सार्वजनिक आयोजन के लिए कंपनी के निरंतर समर्थन को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि सेल द्वारा सप्लाई किया गया स्टील महाकुंभ मेला 2025 के सुचारू और सफल संचालन के लिए आवश्यक विभिन्न अस्थायी संरचनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इनमें पोंटून पुल, मार्ग, अस्थायी स्टील पुल, सब-स्टेशन और फ्लाईओवर शामिल हैं।

इस स्टील आपूर्ति के प्रमुख ग्राहकों में लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, बिजली बोर्ड और उनके आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। सेल ने कहा है कि उसे इस तरह के बड़े पैमाने के आयोजन के लिए स्टील का योगदान करने पर गर्व है, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। कंपनी राष्ट्रीय परियोजनाओं में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश के बुनियादी ढांचे को बढ़ाती हैं और इसकी सांस्कृतिक और सामाजिक भलाई को बढ़ावा देती हैं।

### डेविन संस ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश

# अपर सर्किट के बावजूद निवेशकों को 16 प्रतिशत का नुकसान



**नई दिल्ली(हि.स.)।** रेडीमेड कपड़े बनाने का कारोबार करने वाली कंपनी डेविन संस लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग ने आज कंपनी के आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे, लेकिन आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 44 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह स्टॉक मार्केट में एंट्री होते ही आईपीओ निवेशकों को 11 रुपये यानी 20 प्रतिशत के लिस्टिंग लॉस का सामना करना पड़ा। हालांकि लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से थोड़ी ही देर में ये शेयर 46.20 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इसके बावजूद आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही डिस्काउंट लिस्टिंग की वजह से 16.36 प्रतिशत के नुकसान का सामना करना पड़ा।

डेविन संस लिमिटेड का 8.78 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 6 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। रिटेल इन्वेस्टर्स के जोरदार रिस्पॉन्स के कारण ये आईपीओ ओवरऑल 120.8 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 164.78 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 15.96 लाख शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के जरिए इकट्ठा किए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने कैपिटल एक्सपेंडिचर, वेयरहाउस की खरीदारी, वर्किंग कैपिटल की जरूरत और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। डेविन संस मशहूर ब्रांडों के लिए हाई क्वालिटी जींस, शर्ट और डेनिम जैकेट जैसे रेडीमेड कपड़े का उत्पादन करती है। कंपनी को 2022-23 में 56.62 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था, जो 2023-24 में बढ़ कर 1.64 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 242 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 13.39 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान कंपनी को 73.59 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा हो चुका है, जबकि इसे कुल 6.34 करोड़ रुपये का राजस्व मिल चुका है।

## टीवी टुडे ने नुकसान के चलते बंद किया रेडियो कारोबार

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** मीडिया कंपनी टीवी टुडे नेटवर्क लिमिटेड ने गुरुवार को ऐलान किया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने नुकसान में चल रहे एफएम रेडियो कारोबार को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कंपनी दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में 104.8 फ्रीक्वेंसी पर तीन एफएम रेडियो स्टेशन का संचालन करती है। कंपनी ने बताया कि रेडियो कारोबार, जिसने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 19.53 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया था, एक से छह महीने के बीच कभी भी बंद हो जाएगा।

टीवी टुडे ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि सेबी के द्वारा लागू नियमों के मुताबिक, हम यह सूचित करते हैं कि टीवी टुडे नेटवर्क लिमिटेड के निदेशक मंडल ने गुरुवार को आयोजित अपनी बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ कंपनी के एफएम रेडियो का ऑपरेशन (104.8 फ्रीक्वेंसी के तहत मुंबई, दिल्ली और कोलकाता में तीन एफएम रेडियो स्टेशनों को शामिल करते हुए ) को बंद करने की मंजूरी दे दी है। रेडियो कारोबार लगभग एक से छह महीने में बंद होने की उम्मीद है। कारोबार बंद होने का कारण बताते हुए टीवी टुडे ने कहा कि उद्योग की स्थिति, डायनेमिक्स और एफएम रेडियो कारोबार के विकास को देखते हुए, निदेशक मंडल ने इसे जारी रखने के बजाय, बंद करना कंपनी के बेहतर हित में माना।

वित्त वर्ष 2023-24 में रेडियो व्यवसाय का कारोबार 16.18 करोड़ रुपये का रहा। यह टीवी टुडे नेटवर्क के कुल कारोबार का 1.70 प्रतिशत था।

इश्क 104.8 एफएम, जो पहले म्याऊ एफएम और ओवाईई एफएम के रूप में काम करता था, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में प्रसारित होने वाला एक रोमांटिक म्यूजिक रेडियो चैनल है। शुरूआत में इसे म्याऊ एफएम के रूप में लॉन्च किया गया था, यह चैनल मुख्य रूप से महिला दर्शकों को टारगेट करने वाला एक टॉक-आधारित स्टेशन था।

### स्टॉक मार्केट में परमेश्वर मेटल की जोरदार एंट्री

# पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को 45.44 प्रतिशत का मुनाफा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** मेटल सेक्टर की कंपनी परमेश्वर मेटल के शेयरों की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयर 61 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग 38.52 प्रतिशत के प्रीमियर के साथ 84.50 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये शेयर टूट कर 81.05 रुपये के स्तर तक गिर गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से पहले घंटे के कारोबार के बाद ये शेयर 88.72 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 45.44 प्रतिशत का फायदा हो गया है।

परमेश्वर मेटल का 24.74 करोड़ रुपये का आईपीओ 2 से 6 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। निवेशकों के जोरदार रिस्पॉन्स के कारण ये आईपीओ ओवरऑल 607.07 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 177.32 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

## मकर संक्रांति पर ऐतिहासिक भीम चूल्हा में मेला को लेकर तैयारी शुरू

# साफ-सफाई कर जगह सुरक्षित रखने में जुटे दुकानदार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व के भीम चूल्हा में मकर संक्रांति पर मेला को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी ने पार्क और मंदिर परिसर की सफाई का काम पूरा कर लिया है। पूजा सामग्रियों, चाट, पकौड़े, जलेबी, खिलौने, श्रृंगार प्रसाधन और गृह उद्योग में बने पारंपरिक सामानों को बेचने वाले दुकानदार आसपास के वृहद क्षेत्र में झाड़ियों की सफाई करते हुए दुकानों के लिए स्थान सुरक्षित रखने के काम में जुट गए हैं।

**माता कुंती और पांडवों की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र :** उन्होंने बताया कि किंवदंतियों पर आधारित महाभारत काल की स्थापित स्मृति चिन्ह के साथ, माता कुंती सहित पांचों पांडवों की आदमकद प्रतिमाओं और विशालकाय शिलाखंड के गजराज श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण के महत्वपूर्ण केंद्र बनते हैं। वाच टावर से भीम बराज के विहंगम नजारे और आसपास के पहाड़ों-जंगलों के प्राकृतिक सौंदर्य श्रद्धालुओं को खूब मन भाते हैं। नावाबाजार के कंडा मुखिया नरेंद्र सिंह पंचायत क्षेत्र में जरूरत मंद लोगों के बीच किया कंबल का वितरण किया।

### मकर संक्रांति पर्व का 14 को बेहद शुभ संयोग

पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी के अनुसार इस वर्ष 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व का बेहद शुभ संयोग बन रहा है। इस दिन भगवान सूर्य मकर राशि में प्रवेश करने के साथ मंगल पुष्य योग भी बन रहा है। खास बात यह है कि 19 साल बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है। जिसमें दान-पुण्य के आध्यात्मिक कार्यों से अक्षय पुण्य फल मिलता है। हिन्दू धर्म में इस पर्व का बड़ा महत्व है। इस दिन भगवान सूर्य उतरायण होते है।अर्थात उत्तर दिशा की ओर बढ़ते हैं। इस दिन से सभी प्रकार के शुभ कार्यों की शुरूआत भी हो जाएगी। सूर्य सुबह 8 बजकर 41 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इस दिन के पुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 46 मिनट तक

### मेला भ्रमण के साथ ही स्नान दान और पूजा अर्चना करते हैं श्रद्धालु

पुजारी ने बताया कि मकर संक्रांति पर मेले का भ्रमण करने के साथ ही श्रद्धालु वेद-शास्त्र के विधि-विधान के अनुसार कोयल नदी के निर्मल पावन जल में स्नान के साथ शिव मंदिर, पाताल लोक, गजराज और भीमबली की पूजा-अर्चना के साथ दान का पुण्य प्राप्त करते हैं। इसे लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जमघट लग जाता है। मेला को शांतिपूर्वक और सुरक्षा के बीच सफल बनाने में स्थानीय पुलिस-प्रशासन के साथ ही युवाओं व ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रहती है।

## ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला में मिलन समारोह, सामाजिक कल्याण पर जोर

# ग्रामीण विकास की योजनाओं को प्राथमिकता : यूनिट हेड




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ विश्रामपुर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला ने गुरुवार की शाम व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र में एक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हेड हितेंद्र केशव अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम प्रबंधन अपने व्यावसायिक दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी पूरी तरह से निर्वहन करता है। उन्होंने बताया कि कारखाने के आसपास के गांवों में कई महत्वाकांक्षी और कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनका उद्देश्य स्थानीय समुदायों का सामाजिक और आर्थिक उत्थान करना है। अवस्थी ने यह भी साझा किया कि ग्रासिम रेहला को एक अलग पहचान दिलाने के लिए कुछ अनूठे और प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के जरिए न केवल कारखाना क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि आस-पास के गांवों के लिए भी नए अवसर पैदा होंगे। सीएसआर के अनिल गिरि द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। मौके पर नीतेश पांडेय, विकास कुमार और कारखाने के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। अवस्थी ने विश्वास जताया कि इस तरह की पहलें स्थानीय समुदायों के लिए लाभकारी साबित होंगी, और ग्रासिम का यह सामाजिक योगदान क्षेत्र के समग्र विकास में सहायक होगा।

### मुखिया ने कंबल बांटे

**नावाबाजार।** प्रखंड के कंडा




मुखिया नरेंद्र सिंह ने ठंड को देखते हुए अपने निजी खर्च से पंचायत क्षेत्र में घर-घर जाकर वृद्धों, दिव्यांगों, विधवा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मुखिया ने निजी खर्च से कंडा,सिंजो, माघी, मेराल ग्राम में जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल बांटे। मौके पर मुखिया नरेंद्र सिंह ने कहा कि कंबल वितरण का सिलसिला जारी रहेगा। वह स्वयं हर घर में जाकर जरूरत मंद लोगों के बीच कंबल वितरण करेंगे। बुधवार को 150 कंबल ग्रामों में जरूरत मंद लोगों के बीच बांटे गए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अमरेश सिंह, मदन राम,वाड सदस्य आदि मौजूद थे।

# बेरोजगार युवाओं को एसआईएस देगा रोजगार




**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** उंटारी रोड व विश्रामपुर प्रखंड के चार पंचायतों में 10 से 15 जनवरी तक एसआईएस लिमिटेड कंपनी द्वारा बहाली कैंप लगाई जाएगी। यह जानकारी भर्ती अधिकारी (रिक्रूटमेंट डिवीजन) मिथलेश चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि बहाली प्रक्रिया में युवाओं का शारीरिक जांच किया जाएगा। शारीरिक जांच में सफल युवाओं को लिखित परीक्षा देनी होगी, जिसके उपरांत युवाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। चयनित युवाओं को सेन्ट्रल ट्रेनिंग एकेडमी अनुशासनपुरम गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके उपरांत एसआईएस के 4500 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि उंटारी रोड प्रखंड के करकट्टा पंचायत भवन में 10 जनवरी, लहरबंजारी पंचायत भवन में 11 व 13 जनवरी को,जोगा पंचायत भवन में 12 जनवरी व विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत भवन में 13 व 15 जनवरी को भर्ती कैंप लगाया जाएगा। बेरोजगार युवा जो शारीरिक रूप से स्वस्थ, मैट्रिक पास हैं या नहीं हो, उम्र 19 से 40 वर्ष व लंबाई 166.5 होनी चाहिए। वैसे अभियार्थी भर्ती कैंप में भाग ले सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी मिथलेश चौधरी से 8521956527 पर संपर्क कर सकते हैं।

# एसपी ने बसिया पिकेट का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने गुरुवार को बालूमाथ बसिया सांई कृपा कैंपस स्थित पुलिस पिकेट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी कुमार गौरव ने पिकेट प्रभारी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पिकेट के कार्यो की समीक्षा की। एसपी ने अपराध नियंत्रण पर पूरीअंकुश लगाने के लिए मौके पर मौजूद बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी, इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सहित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया। कहा बसिया पिकेट साइडिंग और टोरी शिवपुरी रेलवे निर्माण कार्य साइड को सुरक्षा के लिए बहुत ही आवश्यक है। इस दौरान पुलिस पिकेट पर एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मौके पर आईआरबी 4 के डीएसपी दीपक गुप्ता,सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा, सअनी मनोरंजन कुमार सिंह, एएसआई संजय चौधरी सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

# निःशुल्क मोतियाबिंद के मरीजों का होगा ऑपरेशन, जांच कल से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** नारायण मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल, जमुहार (रोहतास, बिहार) में विभिन्न प्रखंडों के मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन जल्द ही किया जाएगा। शुक्रवार को स्थानीय शुभम हॉस्पिटल (रविवारीय बाजार) में आयोजित शिविर में मरीजों के चयन के लिए निःशुल्क आंख जांच सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जमुहार के डॉक्टर द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी के लिए डा. राजू शर्मा के मोबाइल नंबर 8454981201 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके बाद हैदरनगर में 13, जपला में 17 और दंगवार में 21 जनवरी को आयोजित शिविरों में जांच कर मरीजों का चयन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड धारियों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध होगी है। ऑपरेशन संबंधित विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8578003220/ 8578003028 पर संपर्क किया जा सकता है।

### खेल से भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं खिलाड़ी: पवन सिंह

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के अंजनिया गांव में आयोजित बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन झामुमो नेता पवन सिंह ने फीता काट कर किया। अंजनिया बनाम मोंटंगवा के बीच 10-10 ओवर का मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोंटगवा की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 81 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी अंजनिया की टीम ने 82 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस अवसर पर झामुमो नेता पवन सिंह ने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने से इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी अंदर छुपी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा क्रिकेट से इस क्षेत्र के खिलाड़ी भी जिला और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। खेलने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। झामुमो नेता पवन सिंह ने कहा कि वह विधायक से मिलकर इस पंचायत में खेल मैदान का निर्माण कराने की मांग करेंगे।

# जिला कृषि पदाधिकारी ने एग्री स्मार्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के एग्री स्मार्ट ग्राम कोइरी पतरा में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के चौथा दिन जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने निरीक्षण किया। इसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे किसानों से फीड बैक लिए गए। साथ ही कृषि विभाग द्वार चलाई जा रही योजना के बारे बताया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना, फूलों की खेती के बारे में बताया गया। विवेक दुबे ने फलदार पौधा का रोग प्रबंधन विषय पर विस्तृत चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रकाश रंजन सिंह, किसान मित्र, अरविंद मेहता, सीआरपी रौशन कुमार, सहित कई प्रगतिशील महिला पुरुष उपस्थित थे।

## परेशानी | तीन प्रखंडों के 165 आंगनबाड़ी केंद्र एक पर्यवेक्षिका के भरोसे

# समय पर निरीक्षण नहीं होने से कई केन्द्र रहते हैं बंद




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** समेकित बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र भवनाथपुर के अधीन केतार, खरौंधी,भवनाथपुर प्रखंड में कुल 165 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इनके संचालन पर सरकार प्रति माह लाखों रुपए खर्च करती है, पर इन केन्द्रों पर बच्चों की समेकित विकास नहीं हो पा रहा है। भवनाथपुर बाल विकास परियोजना के अंतर्गत तीनों प्रखंडों के कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों को छोड़कर शेष केन्द्रों पर खानापूर्ति की जाती है। एक आंगनबाड़ी केंद्र पर 30 बच्चे नामांकित होते हैं, लेकिन अधिकांश केन्द्र पर 10-12 बचें ही मौजूद होते। कई केंद्र महिनों दिन तक बंद रहता है। दरअसल आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों का मॉनिटरिंग सही तरीके से नहीं हो रही है। बाल विकास परियोजना के अंतर्गत तीनों प्रखंडों के 165 आंगनबाड़ी केंद्रो का सुचारू रूप से देखने के लिए सात सृजित पदों के विरुद्ध मात्र एक महिला पर्यवेक्षिका ही है। एक महिला पर्यवेक्षिका भवनाथपुर के 66 आंगनबाड़ी केन्द्र, खरौंधी के 49 आंगनबाड़ी केंद्र और केतार प्रखंड के 50 आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कैसे करती होंगी इसका सहज अंदाज लगाया जा सकता है। केन्द्र पर बच्चों को सुबह में नाश्ते में सूजी का हलवा, दोपहर में दाल-भात या खिचड़ी खिलाना है, लेकिन कुछ केन्द्रों को छोड़कर अन्य केन्द्रों पर पोषाहार देकर ही खानापूर्ति की जाती है।

### आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य

आंगनबाड़ी केंद्र का उद्देश्य गर्भवती और धात्री महिलाओं का देख-रेखा करना है। बच्चों और महिलाओं का टीकाकरण, पोषाहार और समाजिक विकास कि सेवाएं उपलब्ध कराना है। तीन से छह वर्ष तक के बच्चों का उचित पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार करने के साथ-साथ खेल-खेल में अनौपचारिक शिक्षा भी देना है। गरीब तबके के बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास व उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सहायता प्रदान करना है।

### पर्यवेक्षिका के पदस्थापना के लिए जिला को पत्र लिखा गया है: बीडीओ

भवनाथपुर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र का निरंतर निरीक्षण करने के लिए पर्याप्त पर्यवेक्षिका नहीं है। पर्यवेक्षिका का पदस्थापना के लिए जिला को पत्र भेजा गया है। अगर केन्द्र बंद रहता है तो वह स्वयं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे, जो कमी है उसे दूर किया जायेगा।

### मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वेटर वितरण किया

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत के ताली गांव के दो आंगनबाड़ी केंद्रों पर 60 बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। बच्चों के बीच स्वेटर वितरण मुखिया मुंगा साह ने किया। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा कि यह सरकार की अच्छी पहल है। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है। बच्चे एक जैसा स्वेटर पहनकर आयेंगे तो उनमें समानता का भाव उत्पन्न होगा। साथ ही उन्हें ठंड से भी राहत मिलेगा। मुखिया ने अभिभावकों को प्रतिदिन बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील किया। उन्होंने कहा कि नौनिहालों के भविष्य पर ही देश का भविष्य टिका है। सेविका अमृता विश्वकर्मा ने कहा कि विभाग द्वारा बच्चों के लिए गर्म स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। सर्दी के मौसम में बच्चों को ठंड से बचाना हमारी जिम्मेवारी है। मौके पर सेविका सोनी देवी, अमृता विश्वकर्मा, सहायिका कलावती देवी , रीता देवी, चंदन विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

**हटिया स्टेशन पर...**

बाकी छह के कार्यरत होने की बात कही गई है, मगर पूरे परिसर में एक भी कुली नहीं मिला। कुली के बारे में पूछने पर एक युवक ने कहा कि कुली का काम मैं भी कर लेता हूं, कहां सामान ले जाना है बताइए। एक तो कुली नहीं ऊपर से एस्कलेटर भी नहीं चलता है। कुछ यात्रियों ने नाम नहीं बताने की सूरत में कहा कि ऐसी अव्यवस्था आखिर कब तक रहेगी।

**सड़क दुर्घटना के...**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एनएचए, स्थानीय पुलिस, सूचीबद्ध अस्पताल, राज्य स्वास्थ्य एजेंसी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र और सामान्य बीमा परिषद के साथ समन्वय कर कार्यक्रम को लागू करने के लिए जिम्मेदार है। नितिन गडकरी ने कहा कि यदि पुलिस को हादसे के 24 घंटे के अंदर सूचित कर दिया जाता है, तो सरकार इलाज का खर्च उठाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी है कि वर्ष 2024 में करीब 1.80 लाख लोगों ने सड़क हादसे में जान गंवा दी है। इनमें से 30 हजार मौतें हेलमेट नहीं पहनने हुई हैं। हिट एंड रन की स्थिति में मौत हो जाती है, तो पीड़ित के परिवार को दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। कार्यक्रम को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट एप्लिकेशन और एनएचए की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली की कार्यक्षमता को मिलाकर आईटी मंच के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा।

**गढ़वा रोड रेलवे...**

रेलवे के अधिकारी आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन कर रहे हैं। यह इंस्पेक्शन यान बुधवार को गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। ज्ञात हो कि इंस्पेक्शन यान से रेलवे के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जाता है। जानकारी के अनुसार, धनबाद रेलमंडल के गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास इंस्पेक्शन यान शंटिग लाइन पर खड़ा था। इंजन से जुड़ी एक मात्र बोगी में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देख स्टेशन पर मौजूद रेलकर्मी हरकत में आ गए। उन्होंने स्टेशन परिसर से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग और तेज हो गई। आग तेज होने पर तुरंत इसकी सूचना रेहला के ग्रासिम इंडस्ट्रीज से फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पा लिया। चर्चा है कि इंस्पेक्शन यान की जिस बोगी में आग लगी, उसमें खाना बनाया जा रहा था। और, इस कारण आग लगी है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार के अनुसार, दोपहर करीब डेढ़ बजे इंस्पेक्शन ट्रेन में आग लग गई, जिस पर काबू पा लिया गया। आग लगने की घटना के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। आग से हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है।

**आज भारत की...**

भारत में आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मात्र 10 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं। मात्र 10 वर्षों में भारत दुनिया की 10वीं से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वह दिन दूर नहीं, जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता को आज दुनिया देख रही है। जब चंद्रयान शिव शक्ति बिंदु पर पहुंचता है, तो हमें गर्व होता है। आज दुनिया भारत की डिजिटल इंडिया की शक्ति से चकित है तो हमें गर्व होता है। आज भारत का हर सेक्टर आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी का भारत, आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है। जिस स्केल पर आज भारत में विकास के काम हो रहे हैं, वो अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कौशल संपन्न युवाओं से भरा हुआ देश है। उन्होंने कहा, भारत के तेज कौशल और आर्थिक विकास को दुनिया भर में देखा जा रहा है। आज का भारत, अपना पक्ष तो मजबूती से रखता ही है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है। उन्होंने कहा, दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी विरासत का ये वही बल है, जिसकी प्रेरणा से आज भारत, दुनिया को यह कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है। प्रधानमंत्री ने भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत बताते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में वह दुनिया के कई नेताओं से मिले। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर नेता अपने देश में रहने वाले भारतीय प्रवासियों की तारीफ करता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप उनके समाज में सामाजिक मूल्य जोड़ते हैं। भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं पड़ती, हमारा जीवन ही विविधता से चलता है। प्रवासी भारतीयों के लिए केंद्र सरकार के कामों को गिनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आपकी सुविधा और आराम को बहुत महत्व देते हैं। आपकी सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। संकट की स्थिति में अपने प्रवासी भारतीयों की मदद करना हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं, चाहे वे कहीं भी हों। यह आज भारत की विदेश नीति के मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीयों से कहा कि वह जब अगली बार भारत आएं, तो अपने साथ भारतीय मूल से बाहर के कम से कम पांच मित्रों को लेकर आएं। उन्होंने डायसपोरा के युवा मित्रों से भारत को जानिए क्विज में हिस्सा लेने और स्टडी इन इंडिया प्रोग्राम का लाभ लेने की भी अपील की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत प्रवासी भारतीयों से विदेशों में अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्दष्टिकोण पर प्रकाश डाला।



## स्नान के लिए कोलकाता पहुंचने लगा साधु-संतों का जत्था

● 14 को है गंगासागर में पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त

# लाखों श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी

**कोलकाता (हि.स.)**

मकर संक्रांति पर गंगासागर में पुण्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं और साधु-संतों का सैलाब उमड़ने लगा है। राज्य सरकार की ओर से कोलकाता के आउट्रामघाट सेवा शिविर मैदान में विशेष व्यवस्था की गई है, जहां देशभर से आए संत समाज के लोग ठहर रहे हैं। दूसरी ओर, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की सतर्कता के बाद पश्चिम बंगाल में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि गंगासागर मेले के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधि रोकी जा सके। कोलकाता के बाबूघाट के पास स्थित आउट्रामघाट सेवा शिविर मैदान में गंगासागर जाने वाले यात्रियों और साधु-संतों का आगमन शुरू हो चुका है। हरिद्वार, इलाहाबाद और अन्य तीर्थस्थलों से आए संत यहां भजन-कीर्तन कर रहे हैं। सेवा शिविर मैदान में बड़ी संख्या में नागा साधु भी एकत्र होने लगे हैं। ये साधु 10 जनवरी को गंगासागर मेले के लिए रवाना होंगे।

गंगासागर मेले की शुरुआत आठ जनवरी से हुई है और यह 17 जनवरी तक चलेगा। पुण्य स्नान का शुभ मुहूर्त 14 जनवरी को सुबह 6:58 बजे से 15 जनवरी को सुबह 6:58 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ और सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन लगातार कर रहा निगरानी

लाखों श्रद्धालु इस दौरान गंगासागर में आस्था की डुबकी लगाएंगे। राज्य सरकार और प्रशासन गंगासागर मेले को सफल और सुरक्षित बनाने में पूरी तरह जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ और सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। शाम के समय यहां का नजारा बेहद भव्य रह रहा है। कुछ साधु धूनी रमाकर ध्यान में लीन थे, तो कुछ भजन-कीर्तन कर रहे हैं। श्रद्धालु ढोलक-झाल बजाकर भक्ति में डूबे नजर आए। प्रयागराज से आए नाथ संप्रदाय के साधु ज्ञानानंद महाराज ने बताया कि वे बुधवार को कोलकाता पहुंचे और रविवार को गंगासागर के लिए रवाना होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार 144 सालों बाद पूर्ण महाकुंभ लगा है, इसीलिए गंगासागर में पुण्य स्नान करने के बाद वह सीधे तीर्थराज प्रयाग पहुंचेंगे। इसी तरह, हरिद्वार से आए विवेक प्रकाशानंद महाराज सोमवार को मेला स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे।

**बांग्लादेशी घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा कड़ी :** गंगासागर मेले के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों की संभावित सक्रियता को देखते हुए सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गई है। खुफिया एजेंसियों ने राज्य सरकार को सतर्क किया है कि दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में भारी भीड़ का फायदा उठाकर अवैध घुसपैठ हो सकती है। सुंदरबन जिले की पुलिस ने सागर द्वीप के तटीय प्रवेश बिंदुओं, जैसे काकद्वीप के लॉट नंबर 8 और नामखाना के चेमागुरी पर कड़ी निगरानी रखी है। इस बार मेले के दौरान कुल 13 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। भारतीय तटरक्षक बल भी सुरक्षा में सहयोग कर रहा है।

**सुरक्षा के लिए हाईटेक इंतजाम :** गंगासागर मेले को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए 1,150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार हर साल मेले के दौरान सुरक्षा मजबूत की जाती है, लेकिन इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश में चल रहे राजनीतिक संकट के कारण कुछ घुसपैठिए मेले का फायदा उठाकर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर सकते हैं।

● **हर साल मेले के दौरान सुरक्षा मजबूत की जाती है लेकिन इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है**

**सरकार ने की विशेष व्यवस्थाएं**

गंगासागर मेले को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार ने इस बार विशेष इंतजाम किए हैं। राज्य परिवहन विभाग की ओर से सरकारी बसों और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार, पिछले वर्ष करीब 32 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे, जबकि इस बार यह संख्या करीब 35 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया इलाज कराने पहुंचीं लंदन

**लंदन।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया इलाज कराने के लिए लंदन आई हैं। कई बीमारियों से पीड़ित 79 वर्षीय खालिदा जिया कतरी रॉयल एयर एंबुलेंस से लंदन पहुंची हैं। वर्ष 2017 के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। खालिदा जिया के लंदन पहुंचने की जानकारी बीएनपी के मीडिया सदस्य शैरुल कबीर खान ने दी।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस दौरान प्रत्येक शनिवार को होने वाला गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण राष्ट्रपति भवन (सर्किट-1) का दौरा आम जनता के लिए 21 से 29 जनवरी तक बंद रहेगा। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण राष्ट्रपति भवन में 11, 18 और 25 जनवरी को गार्डों की अदला-बदली का समारोह भी नहीं होगा।

### नेपाल के एक सांसद ने संसदीय समिति अध्यक्ष को दी 'खत्म' करने की धमकी

**काठमांडू।** नेपाल की एक संसदीय समिति की बैठक में उस समय तनाव का माहौल बन गया, जब एक सांसद ने संसदीय समिति के अध्यक्ष को भरी बैठक में खत्म करने की धमकी दे डाली। इस समय बैठक में एक पूर्व प्रधानमंत्री भी मौजूद थे। यह घटना गुरुवार को संसद भवन में अंतरराष्ट्रीय संबंध और नागरिक उड्डयन पर संसदीय समिति की बैठक के दौरान हुई। बैठक का संचालन संसदीय समिति के अध्यक्ष राजकिशोर यादव कर रहे थे।

### ग्रीस में एचएमपीवी की दस्तक 71 साल का व्यक्ति पीड़ित

**एथेंस।** ग्रीस में 71 वर्षीय एक व्यक्ति में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। मरीज को निमोनिया तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याएं थीं। मरीज की उत्तरी बंदरगाह शहर थेसालोनिकी में गहन देखभाल की जा रही है। वहीं, राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठन ने चिकित्सा कर्मचारियों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने और सख्त स्वच्छता उपाय अपनाने की सलाह दी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एथेंस के नेशनल एंड कपोडिस्ट्रियन विश्वविद्यालय में महामारी विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर गिकिकास मैगियोर्किनिस ने जनता को आश्वस्त किया कि इसको लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह वायरस पहले से ही मौजूद है और खतरनाक नहीं है।

### यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर बड़ा रूसी हमला, 13 की मौत

**कीव।** यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया पर रूस ने एक बड़ा मिसाइल हमला किया। यूक्रेन के अधिकारियों के मुताबिक इस हमले में 13 लोग मारे गए और 63 अन्य घायल हो गए। जापोरिज्जिया के क्षेत्रीय गवर्नर इवान फेडोरोव ने इस बड़े हमले की जानकारी देते हुए कहा कि स्थानीय समयानुसार शाम करीब 4 बजे शहर में दो बम गिरे, जिससे औद्योगिक बुनियादी ढांचे और आवासीय इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। फेडोरोव ने कहा कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है। स्टेट सर्विस फॉर इमरजेंसी ने बताया कि इस हमले में चार प्रशासनिक इमारतें और 27 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## 15 जनवरी को समुद्री बेड़े में शामिल होगी अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित सबमैरिन

# नौसेना को मिली स्वदेश निर्मित पनडुब्बी 'वाग्शीर'

● 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निर्मित पनडुब्बी में लगे हैं घातक हथियार

**नई दिल्ली (हि.स.)**

स्वदेशी रूप से निर्मित 'प्रोजेक्ट 75' की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस 'वाग्शीर' गुरुवार को नौसेना को मिल गई। इसे 15 जनवरी को भारतीय समुद्री बेड़े में शामिल किया जाएगा। मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड (एमडीएल) ने गुरुवार को पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ इतिहास रच दिया। पनडुब्बी का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत किया गया है। इसमें सभी तरह के घातक हमलों के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं।

आईएनएस वाग्शीर (एस 26) भारतीय नौसेना के लिए छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के पहले बैच की छठी और अंतिम पनडुब्बी है। यह स्कॉर्पीन श्रेणी पर आधारित एक डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बी है, जिसे फ्रांसीसी नौसेना रक्षा और ऊर्जा समूह नेवल ग्रुप ने डिजाइन और मुंबई के शिपयार्ड मझगांव डॉक लिमिटेड ने निर्मित किया है। आज नौसेना को पनडुब्बी की आपूर्ति के दस्तावेज पर एमडीएल के सीएमडी संजीव सिंघल और सीएसओ (तकनीक) रियर एडमिरल आर. अधी श्रीनिवासन ने भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस पनडुब्बी की डिलीवरी एमडीएल की व्यावसायिकता, विशेषज्ञता और जटिल युद्ध प्लेटफार्मों के निर्माण में अनुभव का प्रमाण है, जो भारतीय नौसेना की ताकत को काफी हद तक बढ़ाती है।

स्वदेशी रूप से निर्मित पनडुब्बी की डिलीवरी के साथ एमडीएल ने पी75 परियोजना को पूरा करके देश में एकमात्र शिपयार्ड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसके पास पारंपरिक पनडुब्बी का निर्माण करने की सिद्ध क्षमता है। इसमें दुश्मन के राडार से बचने, क्षेत्र की निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने, पानी के अंदर या सतह पर एक ही समय में 18 टारपीडो और ट्यूब-लॉन्च एंटी-शिप मिसाइलों के साथ सटीक निर्देशित हथियारों का उपयोग करके दुश्मन पर विनाशकारी हमला करने की क्षमता है। स्टील्थ प्रौद्योगिकी सक्षम कलवरी श्रेणी की यह पनडुब्बी 221 फीट लंबी, 40 फीट ऊंची है। समुद्र की सतह पर इसकी गति 20 किमी प्रति घंटा और नीचे 37 किमी प्रति घंटा है। इसमें 50 दिनों के लिए 350 मीटर पानी के नीचे डूबने की सीमा है।

**हिंद महासागर की एक शिकारी मछली का नाम है 'वाग्शीर'**



महासागर में गहरे समुद्र में रहने वाली एक शिकारी मछली है। पनडुब्बी को सभी ऑपरेशन थियेटर में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है और यह नौसेना टास्क फोर्स के अन्य घटकों के साथ अंतर-संचालन योग्य है। पनडुब्बी वाग्शीर का विस्थापन 1,600 टन होगा, जिसमें सभी घातक प्रहार के लिए भारी-भरकम सेंसर और हथियार लगे हैं। इसे एंटी-सरफेस वॉरफेयर, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर और विशेष अभियानों सहित कई तरह के मिशनों को अंजाम देने के लिए डिजाइन किया गया है।

### बेटी को माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का वैध अधिकार है : सुप्रीम कोर्ट

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि बेटी को अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का अनिवार्य व कानूनी रूप से वैध अधिकार है। माता-पिता को बेटी की शिक्षा के लिए अपने साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। इस मामले में अलग रह रहे दंपति की बेटी ने अपनी मां को दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के एक हिस्से के रूप में अपने पिता द्वारा उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपए लेने से इनकार कर दिया। दंपति की बेटी आयरलैंड में पढ़ाई कर रही है।

पीठ ने दो जनवरी के अपने आदेश में कहा, बेटी होने के नाते उसे अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च प्राप्त करने का अनिवार्य, कानूनी रूप से योग्य और वैध अधिकार है। हमारा मानना है कि बेटी को अपनी शिक्षा जारी रखने का मौलिक अधिकार है और इसके लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। सर्वोच्च न्यायालय की इस पीठ ने आदेश में कहा है कि दंपति की बेटी ने अपनी गरिमा बनाए रखने के लिए राशि लेने से इनकार कर दिया था और पिता से पैसे वापस लेने को कहा था, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया था। अदालत ने कहा कि बेटी कानूनी तौर पर इस राशि की हकदार है। पीठ ने अलग रह रहे दंपति की ओर से 28 नवंबर 2024 को किए गए समझौते का उल्लेख किया, जिस पर बेटी ने भी हस्ताक्षर किए थे।

अदालत ने कहा कि पति अपनी अलग रह रही पत्नी और बेटी को कुल 73 लाख रुपए देने पर सहमत हो गया था, जिसमें से 43 लाख रुपए उनकी बेटी की शैक्षणिक जरूरतों के लिए और बाकी पत्नी के लिए थे। पीठ ने कहा कि चूंकि पत्नी को उसका 30 लाख रुपए का हिस्सा मिल चुका है और दोनों पक्ष पिछले 26 सालों से अलग-अलग रह रहे हैं, इसलिए पीठ को आपसी सहमति से तलाक का आदेश न देने का कोई कारण नजर नहीं आता। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, परिणामस्वरूप, हम संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए आपसी सहमति से तलाक का आदेश देकर दोनों पक्षों का विवाह विच्छेद करते हैं।

### खतरनाक नहीं है एचएमपीवी : विशेषज्ञ




● जागरुकता से पाया जा सकता है काबू

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के कई राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले देखने को मिले हैं। सरकार ने भी इसके लिए कमर कस ली है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इससे घबराने की जरुरत नहीं है। सरकार ने इस वायरस को लेकर सभी राज्यों से सावधानी और सतर्कता बरतने को कहा है। यह वायरस कितना खतरनाक है, इस पर आईएएनएस ने सीके बिड़ला हॉस्पिटल के निदेशक, पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ विकास मित्तल से बात की।

डॉ विकास मित्तल ने कहा, यह कोई नया वायरस नहीं है। यह मुख्य रूप से हल्के श्वसन रोगों से जुड़ा हुआ है। कर्नाटक में हाल ही में तीन महीने के बच्चे का मामला पाया गया, जो इस वायरस से संक्रमित था। बच्चे को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। यह मामला बताता है कि इस वायरस से उत्पन्न बीमारी में आमतौर पर हल्के लक्षण पैदा होते हैं। हालांकि, एक साल से छोटे बच्चे, 60 साल से अधिक उम्र के लोग, और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोग या जो लोग पहले से ही कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं, उन्हें ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है। ये लोग हाई रिस्क ग्रुप में आते हैं। उन्होंने कहा, इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और सांस लेने में तकलीफ होना शामिल है। वहीं, इसके गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती होने के साथ ऑक्सीजन थेरेपी और वेंटिलेशन की भी आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, आम लोगों के लिए यह वायरस बहुत खतरनाक नहीं माना जाता। यह कोविड-19 वायरस के मुकाबले ज्यादा खतरनाक नहीं है। उन्होंने कहा, वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि एचएमपीवी खतरनाक वायरस नहीं है। इसलिए इससे डरने की जरुरत नहीं है। इससे बचने के लिए मास्क पहनना और लक्षण वाले व्यक्तियों से दूरी बनाए रखने से इसे फैलने से रोका जा सकता है।

## कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने धारण किया भीषण रूप

# 5 लोगों की मौत, बड़ी संख्या में इमारतें नष्ट



● तीस हजार लोगों को छोड़ना पड़ा है घर-बार

**कैलिफोर्निया (हि.स.)**

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लॉस एंजिल्स के नजदीक जंगलों में लगी आग ने भयावह रूप ले लिया है। आग से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है और काफी संख्या में लोग झुलस गए हैं। करीब तीस हजार लोगों को घर-बार छोड़ना पड़ा है। आग की चपेट में आकर बड़ी संख्या में इमारतें नष्ट हो गई हैं।

शुरुआत में यह आग पैसिफिक पैलिसेड्स, ईटन और हर्स्ट के जंगलों में लगी, जो तमाम प्रयासों बावजूद दूसरे इलाकों में फैल गई। बताया जा रहा है कि दक्षिण कैलिफोर्निया के सूखे जंगलों में तेज हवाओं के साथ यह आग तेजी से फैली। अबतक 5 लोगों की मौत लॉस एंजिलेस के जंगलों में लगी आग की वजह से हुई है। आग लगातार तेजी से फैल रही है, जिसके कारण स्टेट ऑफ इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है। साथ ही लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। एलए काउंटी के फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि ईटन में लगी आग के कारण 5 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हैं। जबकि, लॉस एंजेल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में लगी आग के दौरान हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

**हॉलीवुड पर भी असर**

इस आग का असर अमेरिकी फिल्म उद्योग हॉलीवुड पर भी पड़ा है। आग से गंभीर रूप से प्रभावित कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलेस में हॉलीवुड के बहुत सारे स्टूडियो और सैकड़ों फिल्म सितारों का यह स्थायी ठिकाना है। इन फिल्मी सितारों को दूसरे सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। आग को बुझाने की कोशिशें अबतक नाकाफी साबित हुई हैं। यह आग अमेरिकी इतिहास की सबसे महंगी आग साबित हो सकती है। इस आग को बुझाने और इसके बाद का खर्च अरबों डॉलर में जा सकता है।

## एफकांस कंपनी से हुआ करार, 36 महीनों में पूरी होगी परियोजना

# आंध्र प्रदेश में बनेगा नया मिसाइल परीक्षण रेंज

**1,084.54 करोड़ रुपये** का अनुबंध किया डीआरडीओ ने

**नई दिल्ली (हि.स.)**



भारत ने एक और मिसाइल परीक्षण रेंज बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नए रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा। विशाखापट्टनम की इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मुंबई की कंपनी एफकांस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को 1,084.54 करोड़ रुपये का अनुबंध दिया है। इस परियोजना को 36 महीनों के भीतर पूरा करने की योजना है।

भारत एक तरफ नई-नई मारक क्षमता वाली मिसाइलें विकसित करके एयरोस्पेस की दुनिया में अपना दबदबा कायम कर रहा है तो दूसरी तरफ भारतीय सेना भी लगातार अपने फायरिंग रेंज बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की केंद्रीय कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पिछले वर्ष अक्टूबर में आंध्र प्रदेश में एक नई मिसाइल परीक्षण रेंज स्थापित करने को मंजूरी दी थी। नई मिसाइल रेंज आंध्र प्रदेश के नागयालंका क्षेत्र में स्थापित की जाएगी। नए मिसाइल परीक्षण रेंज का इस्तेमाल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, टैंक रोधी मिसाइल और सामरिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षण के लिए किया जाएगा। डीआरडीओ ने विशाखापट्टनम में मिसाइल परीक्षण कांप्लेक्स (एमटीसी) के उन्नयन, सामरिक अनुप्रयोग सुविधा (एसएएफ) की स्थापना, उन्नत मिसाइल और लड़ाकू प्रणाली कार्यशाला सुविधा (एएमसीएसडब्ल्यूएफ) के लिए कार्यशाला उपकरण आदि के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है।

यहां बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, मानव पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, वर्टिकल लांच की गई छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और सामरिक डोमेन में शामिल कई अन्य प्रणालियों के परीक्षण किए जा सकेंगे। भारत अभी तक इस तरह के परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से करता है।

**अबूझमाड़ में बनेगा सैन्य युद्धाभ्यास रेंज**

भारतीय सेना माओवादियों के गढ़ अबूझमाड़ के घने वन क्षेत्र में 545 वर्ग किलोमीटर में फैले एक विशाल सैन्य युद्धाभ्यास रेंज की स्थापना करेगी। इसका उपयोग एकीकृत युद्ध समूहों, स्ट्राइक कोर, लड़ाकू विमानन ब्रिगेड, रॉकेट फोर्स के अभ्यास के लिए किया जाएगा। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में फैला हुआ अबूझमाड़ 4,000 वर्ग किलोमीटर में फैला वन क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विगत 07 अगस्त को नारायणपुर जिला प्रशासन से अबूझमाड़ के जंगलों के अंदर सेना के युद्धाभ्यास रेंज के लिए 54,543 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित करने को कहा है। पत्र में कहा गया था कि अबूझमाड़ के जंगलों में रेंज की स्थापना जिले के ओरछा तहसील के सोनपुर-गरपा क्षेत्र में की जाएगी।

### भारत-जापान संबंधों का एक अच्छा उदाहरण है दिल्ली मेट्रो : ओनो कीची

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत में जापान के राजदूत ओनो कीची ने कहा कि दिल्ली मेट्रो भारत-जापान संबंधों का एक अच्छा उदाहरण है। अब समय आ गया है कि इस संबंध को और आगे बढ़ाया जाए, क्योंकि जापान की टेक्नोलॉजी भारत के लिए जरूरी है। कांफ्रेंस के पहले दिन विभिन्न विद्वानों ने भारत की विदेश नीति पर गहन मंथन किया। जापान के राजदूत ओनो कीची गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

### राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों का राष्ट्रीय सम्मेलन कल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 11 जनवरी को कर्नाटक में बेंगलुरु के दौरे पर जाएंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार उपराष्ट्रपति धनखड़ 11 जनवरी को ही बेंगलुरु में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

### नेपाल के बहुदलीय व्यवस्था को खत्म करने की योजना

**काठमांडू।** नेपाल में सरकार के कहने पर निर्वाचन आयोग ने एक ऐसा कानून प्रस्तावित किया है, जिससे देश में अगले चुनाव से संसदीय निर्वाचन प्रक्रिया में सिर्फ कांग्रेस और एमाले के ही शामिल रहने की पूरी संभावना है। निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने हरी झंडी दिखाते हुए इसे कानून मंत्रालय के पास भेज दिया है।